मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 25.5 | 10.6 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 11.8 |
| डालटनगंज | 25.5 | 12.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *





पेज 8-9


www.lagatar.in

गुरुवार, 04 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 09 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 257

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


# ईडी की कार्रवाई

## सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, साहिबगंज डीसी, डीएसपी समेत दर्जन भर ठिकानों पर छापेमारी

सौरभ सिंह। रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले में बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव समेत कई अन्य लोगों के दर्जन भर ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी की. सभी ठिकानों के अंदर-बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात थे. न तो किसी को अंदर से बाहर निकलने दिया जा रहा था और न किसी को बाहर से अंदर हीं जाने दिया जा रहा था. गौरतलब है कि 8 जुलाई 2021 को प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने एकसाथ साहिबगंज जिले के 18 ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया था. इस दौरान कुछ लोगों के घर से मोटी रकम भी मिलने की बात सामने आयी थी. अवैध खनन मामले की जांच ज्यो-ज्यों आगे बढ़ी, बरहेट के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा सहित कई लोगों की संलिप्तता की पुष्टि करते हुए ईडी नें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस मामले सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और डीएसपी राजेंद्र दुबे से ईडी पूर्व में ही पूछताछ कर चुकी है.



अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू

रांची स्थित अभिषेक प्रसाद पिंटू का आवास, जहां ईडी ने बुधवार को मारा छापा.

### जानें किनके ठिकानों पर हुई छापेमारी

1 सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के रातू रोड शिवपुरी का आवास.

2 साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव के सरकारी आवास और राजस्थान के जयपुर स्थित दो आवास.

3 राजधानी रांची के रातू रोड के नीलांचल कंपाउंड स्थित विनोद सिंह का आवास

4 देवघर के कास्टर टाउन मुहल्ला निवासी पूर्व विधायक राजकिशोर प्रसाद उर्फ पप्पू यादव के कंचन गोपाल अपार्टमेंट स्थित फ्लैट संख्या 502 और निर्माणाधीन होटल में.

5 साहिबगंज के नामचीन पत्थर व्यवसायी कन्हैया खुडानिया के आवास पर.

6 साहिबगंज में पदस्थापित डीएसपी राजेंद्र दुबे के हजारीबाग शिवपुरी मोहल्ला स्थित आवास.

7 अभय सरावगी के कोलकाता जेडब्लू मैरिएट होटल के पास स्थित आवास.

8 बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के एएसआई अवधेश कुमार के ठिकाने पर.

9 सीओ व एसी ऑफिस में सक्रिय रोशन कुमार का चुटिया कृष्णापुरी स्थित आवास.



### साहिबगंज के पत्थर व्यवसायी कन्हाई खुडानिया से पूछताछ

साहिबगंज के नामचीन पत्थर व्यवसायी कन्हाई खुडानिया के आवास पर ईडी की टीम ने उनसे कई कागजात के मामले में पूछताछ की. साथ ही खनन से जुड़े मामलों की भी जानकारी ली. ईडी ने कई खदानों के संबंध में जानकारी ली. यह भी जानना चाहा कि अवैध खनन के लिए कौन-कौन जिम्मेवार हैं और कैसे यह पूरा सिंडिकेट काम कर रहा है.

### डीसी के आवासीय कार्यालय से 8 लाख नकद व 14 कारतूस मिले

साहेबगंज डीसी के आवासीय कार्यालय से ईडी ने आठ लाख रुपये नकद, कई कागजात, 9 एमएम की 14 गोलियां भी बरामद किया है. डीसी रामनिवास यादव से ईडी की टीम ने पूछताछ भी की है. डीसी से ईडी ने किस सिलसिले में पूछताछ की है, इसकी फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है. लेकिन बताया जा रहा है कि अवैध खनन से जुड़े मामले में साहिबगंज डीसी से पूछताछ की गई है.

### विनोद कुमार का ग्रिड कंसल्टेंट दफ्तर सील

सत्ता शीर्ष के करीबी माने जाने वाले विनोद कुमार के घर पर ईडी की टीम छापेमारी की. इसी दौरान ईडी की टीम ने विनोद कुमार के रोस्पा टॉवर स्थित ग्रिड कंसल्टेंट के ऑफिस को सील कर दिया. इससे पहले ईडी ने विनोद कुमार के रातू रोड के नीलांचल कंपाउंड स्थित आवास पर प्रिंटर मंगवाया है. कयास लगाया जा रहा है कि विनोद कुमार के घर से कुछ जरूर दस्तावेज मिले हैं.

### होटवार जेल भी पहुंची ईडी की टीम

ईडी की टीम बुधवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भी पहुंची थी. होटवार जेल पहुंचकर ईडी के अधिकारियों ने जांच- पड़ताल की. इससे पहले ईडी ने 03 नवंबर 2023 को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापा मारा था. ईडी को सूचना मिली थी कि जेल में बंद सरकारी गवाहों को तोड़ने की कोशिश हो रही है. फिर ईडी की टीम जेल पहुंची थी.

## हजारीबाग में डीएसपी राजेंद्र दुबे के घर 15 सदस्यीय टीम की दबिश

हजारीबाग में ईडी की टीम ने डीएसपी राजेंद्र दुबे के शिवपुरी स्थित आवास पर सुबह 6:30 बजे छापेमारी की. लगभग 15 सदस्यीय टीम 2 इनोवा गाड़ी से छापेमारी करने पहुंची. दुबे लगभग 3 वर्षों से डीएसपी के पद पर साहिबगंज के खनन क्षेत्र में पदस्थापित हैं और सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा करीबी माने जाते हैं. ईडी कार्यालय में डीएसपी राजेंद्र दुबे से पूछताछ हो चुकी है. डीएसपी राजेंद्र दुबे 1994 बैच के एसआई पद पर नियुक्त हुए थे. राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित दुबे बहुत ही कम समय में डीएसपी के पद पर आसीन हो गए और हमेशा खनन क्षेत्र में हमेशा से ड्यूटी पर तैनात रहे. वेमूल रूप से इचाक प्रखंड के तिलरा गांव के रहने वाले हैं. हजारीबाग के शिवपुरी के अलावा गांव में



आलीशान मकान है, जबकि रांची में करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन है. पंकज मिश्रा के करीबी होने के कारण सरकार में अच्छी पकड़ रही है और खनन क्षेत्र में आईपीएस से ज्यादा रुतबा रखते हैं.

# राजनीति गरमाई

## फिलहाल अटकलों पर विराम, सत्तारूढ़ दलों ने दिखाई एकजुटता, कहा- सीएम हेमंत हैं, हेमंत ही रहेंगे

रवि भारती/ प्रवीण कुमार। रांची

झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता को लेकर लगाए जा रहे कयास और अटकलों पर फिलहात विराम लग गया है. हेमंत सोरेन ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे. सत्तारूढ़ गंठबंधन (झामुमो-कांग्रेस, राजद) विधायकों की बुधवार शाम सीएम आवास में लगभग 45 मिनट चली बैठक में सीएम हेमंत सोरेन पूरे कांफिडेंस में दिखे. विधायकों से गर्मजोशी से मिले. कहा, कोई नेतृत्व परिवर्तन नहीं होगा. कौन क्या बोल रहा है, इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं. राज्य के ताजा राजनीतिक हालात पर विशेष रूप से चर्चा हुई. मुख्यमंत्री ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी बात रखते हुए सभी को इससे अवगत कराया. विधायकों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति विश्वास जताया. विधायकों ने भी साफ-साफ कहा कि सीएम हेमंत सोरेन हैं, हेमंत ही रहेंगे. विधायकों ने कहा- वे हमेशा उनके साथ हैं और आगे भी बने रहेंगे. सभी एकजुट हैं और मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के खिलाफ किसी भी तरह की साजिश को सफल नहीं होने देंगे. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और जनहित के कार्य जारी रहेंगे.

**विधायकों ने कहा-हेमंत आगे भी रहेंगे :** बैठक के बाद अधिकांश विधायकों ने कहा कि हेमंत सोरेन आज भी मुख्यमंत्री हैं और आगे भी मुख्यमंत्री रहेंगे. पिछले कुछ दिनों से चल रही राजनीतिक अस्थिरता को लेकर बुधवार को सत्ताधारी दल के विधायकों की हुई बैठक कई मायनों में अहम रही. इसके पीछे वजह यह बतायी जा रही है कि बैठक के बहाने गठबंधन में शामिल दलों ने एकजुटता दिखाई. और एनडीए को यह भी संदेश दिया कि गठबंधन की सरकार मजबूती से खड़ी है और भाजपा को हर मोर्चे पर करारा जवाब देने के लिए भी तैयार है.



सीएम आवास के बाहर हलचल.



### ईडी की संभावित कार्रवाई पर भी चर्चा

सत्तारूढ़ विधायकों की बुधवार को हुई बैठक में ईडी की संभावित कार्रवाई पर भी चर्चा की गई. जानकारी के अनुसार इससे निपटने के लिए प्लान बी पर काम करने पर सहमति बनी. विधायकों ने प्लान बी पर काम करने के लिए एकस्वर से सीएम हेमंत सोरेन को ही अधिकृत कर दिया.

### 05 सितंबर 2022 की कहानी दुहराई

दो साल पहले 05 सितंबर 2022 को भी हेमंत सरकार पर संकट की अटकलें लगाई जा रही थीं. उस समय भी सीएम आवास में गठबंधन दल की बैठक बुलायी गयी थी. संख्या बल को भांपा गया था.उस दौर में भी हेमंत सरकार अस्थिरता के दौर से निकलने में सफल रही थी. उस समय भी सरकार ने एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें 48 विधायकों का साथ मिला था. इस बार भी बैठक बुलाकर गठबंधन की एकजुटता दिखाई गई.

### किसने क्या कहा

- कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन आज भी मुख्यमंत्री हैं, और आगे भी मुख्यमंत्री बने रहेंगे.
- कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने कहा- हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री है और अपना कार्यकाल भी पूरा करेंगे.
- मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि तू डाल डाल- तो हम पात-पात.सरकार कार्यकाल पूरा करेगी, 2025 में भी सरकार बनाएंगे.
- कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन कार्यकाल पूरा करेंगे. विपक्ष की साजिश एक बार फिर नाकाम होगी.

## कांग्रेस प्रभारी मीर ने कहा- हम हर कदम पर सरकार के साथ खड़े हैं

रेहान अहमद । रांची

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मुख्यमंत्री आवास में बैठक के बाद विधायकों के साथ मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में बैठक की. बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही साथ 2024 का लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ने का फैसला लिया गया. प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सीएम आवास में हुई बैठक सरकार की बैठक थी. अगर संगठन की बैठक होती, तो वे जरूर शामिल होते. उन्होंने कहा कि सारा प्रकरण भाजपा का पॉलिटिकल स्टंट है. अगर भाजपा के पास इतनी ही ताकत है, तो वह महाराष्ट्र में अजीत पवार पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती है. उन्होंने कहा कि हम सरकार के हर कदम पर साथ खड़े हैं. उन्होंने पार्टी के सभी विधायकों को रांची में ही रहने का निर्देश दिया. कहा कि विधायक किसी भी स्थिति में रांची से बाहर न जाएं.

मीर दो दिवसीय झारखंड दौरे के दूसरे दिन बुधवार को दिन में कांग्रेस मुख्यालय में भी पार्टी के विधायकों के साथ बैठक की. इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल हुए. दिन व रात में हुई बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के साथ राज्य का राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हुई. रात की बैठक के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बैठक में सांगठनिक मुद्दों पर बातचीत हुई. सभी मंत्री एवं विधायकों ने संगठन को मजबूत बनाने पर विचार किया.



### केंद्र ने आदिवासियों से विश्वासघात किया

झारखंड प्रभारी मीर ने कहा कि सरकार ने ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी का प्रस्ताव विधानसभा से पारित किया, लंबे अरसे से लंबित सरना धर्मकोड की मांग को विधानसभा में पारित कर केंद्र की अनुमति के लिए भेजा, किंतु जन आस्था से जुड़े इतने अहम प्रस्तावों पर केंद्र सरकार अब तक कुंडली मारकर बैठी है. यह झारखंड की आदिवासियों के साथ गंभीर विश्वासघात है, इस बात को जनता तक पहुंचाने की जरूरत है. हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी चाहते हैं कि झारखंड में भी जातिगत जनगणना करायी जाए, जिससे वंचित लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके.

**बाबूलाल एक्शन में**

### गैर विधायक सरकार बनाने का दावा होने से संवैधानिक संकट होगा

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि अगर कोई गैर विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करता है और उसका अनुरोध मान लिया जाता है, तो यह पूरे राज्य को संवैधानिक संकट में डाल देगा. पत्र में गांडेय विधानसभा में उपचुनाव से पहले नियमों का पालन करने का आग्रह किया है. बाबूलाल मरांडी अपने ने पत्र में कहा है कि इस तरह की प्रथा स्पष्ट रूप से संवैधानिक प्रावधानों के प्रति अपमानजनक, अनुचित, अलोकतांत्रिक और अमान्य होगी. अनुच्छेद 164(4) केवल विधायिका के सदस्यों के मंत्री होने के सामान्य नियम के अपवाद की प्रकृति में है, जो लगातार छह महीने की छोटी अवधि तक सीमित है.



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,300 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### महुआ को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

**नयी दिल्ली।** रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में लोकसभा से निष्कासित टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को राहत नहीं मिली. सुप्रीम कोर्ट ने निष्कासन के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया. अदालत ने कहा कि महुआ का संसद से निष्कासन बना रहेगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये मामला इतना आसान नहीं है. इसके साथ ही अदालत ने महुआ की संसद कार्यवाही में हिस्सा लेने की इजाजत देने की अर्जी को ठुकरा दिया.

**दिए निर्देश** अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर आया 'सुप्रीम' फैसला, सेबी की जांच को सही बताया

## सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी की जांच से किया इनकार

भाषा। नयी दिल्ली

अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुना दिया है. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की तीन सदस्यीय पीठ ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच सेबी ही करेगी. मार्केट रेग्युलेटर सेबी की जांच को सही बताया. साथ ही अदालत ने मामले की जांच के लिए सेबी को तीन महीने का समय दिया है. सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि सेबी को 24 मामलों की जांच करने को कहा गया था. मार्केट रेग्युलेटर ने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है. 2 मामलों की जांच अभी बाकी है. कोर्ट ने कहा कि इन मामलों की जांच के लिए सेबी को तीन महीने का समय दिया जाता है. सेबी ने फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (एफपीआई) के नियमों को यह कहते हुए रद्द करने से इनकार कर दिया कि अदालतें नियामक शासन के क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकती हैं.



### कोर्ट ने फैसला रख लिया था सुरक्षित

इससे पहले 24 नवंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुनवाई करते फैसला सुरक्षित रक्षा था. इस दौरान अदालत ने मार्केट रेग्युलेटर सेबी की जांच और एक्सपर्ट कमिटी की निष्पक्षता पर उठाये जा रहे सवालों को दरकिनार कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट को आखिरी सत्य नहीं माना जा सकता है. कहा था कि इस रिपोर्ट में ऐसा कोई तथ्य नहीं है, जिससे सेबी पर संदेह किया जाये. हम बिना ठोस आधार के सेबी पर अविश्वास नहीं कर सकते हैं.

### गौतम अडाणी ने फैसले का स्वागत किया

### कहा- 'सत्यमेव जयते'

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उद्योगपति गौतम अडाणी ने स्वागत किया है. अडाणी ने कहा कि सच्चाई की जीत हुई है. सत्यमेव जयते. उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों का आभारी हूं, जो हमारे साथ खड़े रहे. अडाणी ने कहा कि भारत की वृद्धि की कहानी में हमारा विनम्र योगदान जारी रहेगा. जय हिंद.

### अडाणी के शेयरों में जोरदार उछाल



कोर्ट के फैसले के बाद बुधवार को अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर जोरदार उछाल के साथ बंद हुए. बीएसई पर अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 11.60 प्रतिशत चढ़ गया. अडाणी टोटल गैस में 9.84 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी में छह प्रतिशत और अडाणी पावर में 4.99 प्रतिशत का उछाल आया। अडाणी विल्मर का शेयर 3.97 प्रतिशत, एनडीटीवी का शेयर 3.66 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज 2.45 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 1.39 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 0.94 प्रतिशत और एसीसी 0.10 प्रतिशत तक चढ़े.

## केजरीवाल ईडी ऑफिस नहीं गए समन को अवैध करार दिया

एजेंसी। नयी दिल्ली

इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले की जांच कर रही है. ईडी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को समन जारी कर बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन अरविंद केजरीवाल ईडी ऑफिस नहीं गये. उन्होंने ईडी के समन पर अपना जवाब भेजा है. आम आदमी पार्टी के अनुसार, केजरीवाल ने ईडी के समन को अवैध करार दिया. उन्होंने अपने जवाब में लिखा कि ईडी की जांच में सहयोग करने को तैयार हूं, लेकिन एजेंसी का नोटिस अवैध है. उनका इरादा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना है. वे उन्हें चुनाव प्रचार से रोकना चाहते हैं. बता दें कि सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने समन जारी कर 3 जनवरी को पेश होने को कहा था.



### खास बातें

- दिल्ली शराब नीति घोटाले की ईडी कर रही जांच
- इससे पहले भी दो बार समन भेजने पर नहीं गए थे

इससे पहले भी ईडी ने दो बार (दो नवंबर और 21 दिसंबर) सीएम को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे. उन्होंने दोनों समन को गैर कानूनी और राजनीति से प्रेरित बताया.

# तीन विवि में परीक्षा कराने वाली एनसीसीएफ को 10 करोड़ का भुगतान, तीन लाख छात्रों का रिकॉर्ड कैद

## एकेडमिक ऑडिट नहीं करा रहे जिम्मेवार



अमित सिंह। रांची

प्रदेश के तीन विश्वविद्यालय में परीक्षा संचालन का काम नेशनल कंज्यूमर को ऑपरेटिव फेडरेशन (भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित, एनसीसीएफ) देख रही है. इसके लिए विश्वविद्यालयों से एनसीसीएफ के सलाना 10 करोड़ से ज्यादा का भुगतान होता है. रांची विवि रांची, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी(बीबीएमकेयू) धनबाद और विनोवा भावे विवि हजारीबाग के साथ एनसीसीएफ ने एमओयू किया है. एमओयू के अनुसार शैक्षणिक सत्र समाप्त हो गया है. मगर विवि के जिम्मेवारों ने एजेंसी का एकेडमिक ऑडिट नहीं कराया. जबकि एजेंसी के पास करीब तीन लाख छात्रों का गोपनीय एकेडमिक रिकॉर्ड कंप्यूटर में कैद है. एकेडमिक ऑडिट के सवाल का जवाब किसी विवि प्रशासन और एजेंसी के जिम्मेवार के पास नहीं है. जबकि फर्जी रूप से रिजल्ट का प्रकाशन और वितरण पर रोक लगाने का एकेडमिक ऑडिट एक बेहतर माध्यम है.

**क्यों जरूरी है ऑडिट**

### पारदर्शिता कसौटी की होती है जांच

एकेडमिक ऑडिट से पता चलता है कि संबंधित विवि या संस्थान द्वारा किसी स्थिति में फर्जी परीक्षाफल, फर्जी डिग्री आदि का वितरण नहीं किया गया है. साथ ही परीक्षा के संचलन व परीक्षाफल के प्रकाशन की पूरी प्रक्रिया में अपनायी गयी पारदर्शिता की कसौटी की जांच ऑडिट के दौरान होती है. कंप्यूटर आदि सिस्टम से कराए जा रहे कार्यों की सच्चाई को शैक्षणिक अंकेक्षण में दर्शाया जाता है.

### एजेंसी पर लगा चुका है गड़बड़ी का आरोप

एनसीसीएफ के क्रियाकलापों पर पहले सवाल खडे हो चुके है. ऐसें में एजेंसी के कार्यों का एकेडमिक ऑडिट होना जरूरी है. 2016 में हाईकोर्ट ने जेपीएससी मामले की सुनवाई करते हुए इस एजेंसी के क्रियाकलापों परर सवाल खड़े किए थे. वहीं सीबीआई ने जांच में एजेंसी को दोषी पाया था.

### ऐसे में नैक से नहीं मिल सकेगी ए ग्रेड मान्यता

रांची विवि प्रशासन ने कहा कि आगामी शैक्षणिक वर्ष तक रांची विवि नैक से ए ग्रेड की मान्यता प्राप्त कर लेगा. मगर किसी विवि ने शैक्षणिक अंकेक्षण कराए जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है. सस्ते दर पर खाद्यान बेचने वाली संस्थान एनसीसीएफ से जब परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का संपादन कराया जा रहा और उसका एकेडमिक ऑडिट (शैक्षणिक अंकेक्षण प्रतिवेदन) रिपोर्ट जारी नहीं होगी, तो फिर नैक से ए मान्यता प्राप्त करने की बात बेमानी समझी जाएगी.

### बिना ऑडिट कराए नैक से एक्रिडिएशन नहीं

प्रदेश में जितने भी महाविद्यालय हैं, इन सब को नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुसार व पूर्व से निर्धारित नियमों के आलोक में नैक से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है. वर्ष 2013 से यह व्यवस्था लागू है. झारखंड के परिप्रेक्ष्य जितने भी विवि या ऑटोनोमन महाविद्यालय का नैक से एक्रिडिएशन कराया गया है, उस पूरी प्रक्रिया के लिए सभी संस्थानों में शैक्षणिक अंकेक्षण का कार्य अवश्य ही कराया गया होगा.

### एजेंसी के लिए लाखों छात्रों से वसूली



चांसलर पोर्टल ने वर्ष 2022 में विश्वविद्यालयों में स्नात्तक-स्नाकोत्तर में हुए नामांकन का आंकड़ा जारी किया है. रांची विवि में स्नातक में 40141 और स्नातकोत्तर में 11154, बीबीएमकेयू स्नातक में 38102 और स्नाकोत्तर में 2962 और विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्नातक में 52418 और स्नातकोत्तर में 4625 छात्रों ने नामांकन कराया. वहीं रांची विवि में अभी करीब 1.60 लाख, बीबीएमकेयू में 75 और विनोवा भावे में 65 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे हैं. तीनों विवि में करीब 3 लाख छात्रों से सलाना परीक्षा के नाम पर 500 से 800 तक की वसूली होती है. रांची विवि द्वारा एनसीसीएफ को प्रति छात्र 315 रुपये का भुगतान किया जाता है.

### गड़बड़ियों को छुपाने के लिए नहीं कराया जा रहा है ऑडिट

एकेडमिक ऑडिट नहीं कराकर जिम्मेवार अनियमितताओं पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं. छात्र संगठन एनसीसीएफ पर अनियमितता बरतने का आरोप लगा रहे हैं. अगर एकेडमिक ऑडिट होता, तो ऐसे अरोप विवि प्रशासन और एनसीसीएफ पर नहीं लगते. छात्र नेताओं का कहना है कि जिस संस्थान को एकेडमिक कार्यों का अनुभव नहीं है, वैसे संस्थान से परीक्षा जैसे गोपनीय कार्य कराया जाना अपने आप में जांच का विषय है. ऐसे में ऑडिट नहीं करा कर एनसीसीएफ की गड़बड़ियों को छुपाने का काम किया जा रहा है.रांची विवि में संपन्न पीएचडी परीक्षा इसका ताजा उदाहरण है.

### प्रोफेसरों की समिति करती है एकेडमिक ऑडिट

शैक्षणिक अंकेक्षण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत वरीय प्रोफेसरों की एक समिति बनाई जाती है. समिति में वही लोग होते हैं, जिनका संस्थान से किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं रहा हो. आगे समिति के दव़ारा एकेडमिक ऑडिट में सबसे महतवपूर्ण रूप से छात्रों का सकल नामंकन की स्थिति, उसके आधार पर किए गए पंजीयन कार्य, और नामांकन एवं पंजीयन के आधार पर परीक्षा में शामिल छात्रों का परफारमेंस, परीक्षा आयोजन की विधि, परीक्षा फल का प्रकाशन की विधि एवं कंप्यूटर से किए गए कार्यों के आधार पर पारदर्शिता की स्थिति को देखते हुए एकेडमिक ऑडिट में यह दर्शाया जाता है कि संबंधित विवि या संस्थान द्वारा किसी भी माध्यम से फर्जी परीक्षा फल, डिग्री आदि का वितरण नहीं किया गया है.

## 2022 में जीएसटी से आए थे 2463 करोड़

# झारखंड के राजस्व में जीएसटी से सात फीसदी का इजाफा

रवि भारती। रांची

झारखंड के राजस्व में जीएसटी से सात फीसदी का इजाफा हुआ है. वर्ष 2022 में जीएसटी से झारखंड को 2463 करोड़ रुपये मिले थे. वर्ष 2023 में यह बढ़कर 2623 करोड़ रुपये हो गया है. इस हिसाब से 160 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है.



वहीं पड़ोसी राज्य बिहार में जीएसटी में मिलने वाली राशि में पांच फीसदी की कमी आई है. वर्ष 2022 में बिहार में जीएसटी से 1466 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था. वर्ष 2023 में यह घटकर 1397 करोड़ हो गया.

### देशभर में औसत वसूली 12 फीसदी अधिक रही

वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने की अवधि में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है. यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में दर्ज 1.49 लाख करोड़ रुपये के औसत कर संग्रह से 12 प्रतिशत अधिक है. दिसंबर में कुल 1,64,882 करोड़ रुपये जीएसटी मिला. इसमें से सीजीएसटी 30,443 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 37,935 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 84,255 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई. उपकर के रूप में 12,249 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 1,079 करोड़ रुपये सहित) का संग्रह हुआ है. वहीं 2023-24 में 31 दिसंबर तक कुल 8.18 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए हैं, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के मुकाबले नौ फीसदी अधिक है.

**2023 में जीएसटी से झारखंड के खाते में आए 2623 करोड़**

| राज्य/संघ राज्य | क्षेत्रवर्ष 2022 | वर्ष 2023 | विकास (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| जम्मू और कश्मीर | 428 | 563 | 32 |
| हिमाचल प्रदेश | 712 | 784 | 10 |
| पंजाब | 1,710 | 1,866 | 09 |
| चंडीगढ़ | 206 | 219 | 06 |
| उत्तराखंड | 1,300 | 1,392 | 07 |
| हरियाणा | 7,403 | 8,009 | 08 |
| दिल्ली | 4,741 | 4,849 | 02 |
| राजस्थान | 3,307 | 3,869 | 17 |
| उत्तरप्रदेश | 7,004 | 7,844 | 12 |
| बिहार | 1,466 | 1,397 | -05 |
| सिक्किम | 285 | 315 | 11 |
| अरुणाचल प्रदेश | 64 | 81 | 27 |
| नगालैंड | 49 | 52 | 05 |
| मणिपुर | 38 | 56 | 47 |
| मिजोरम | 24 | 27 | 14 |
| त्रिपुरा | 65 | 73 | 13 |
| मेघालय | 161 | 165 | 02 |
| असम | 1,157 | 1175 | 02 |
| पश्चिम बंगाल | 4,804 | 4,940 | 03 |
| झारखंड | 2,463 | 2,623 | 07 |
| ओडिशा | 3,765 | 4,249 | 13 |
| छत्तीसगढ़ | 2,269 | 2,684 | 18 |
| मध्य प्रदेश | 2,711 | 3,118 | 15 |
| गुजरात | 9,020 | 10,129 | 12 |
| दादर | 312 | 350 | 12 |
| महाराष्ट्र | 21,403 | 25,137 | 17 |
| कर्नाटक | 9,760 | 11,693 | 20 |
| गोवा | 429 | 497 | 16% |
| लक्षद्वीप | 3 | 2 | -45 |
| केरल | 2,246 | 2,505 | 12 |
| तमिलनाडु | 8,637 | 10,481 | 21 |
| पुडुचेरी | 188 | 197 | 05 |
| अंडमान | 33 | 23 | -30 |
| तेलंगाना | 3,915 | 5,226 | 33 |
| आंध्र प्रदेश | 3,132 | 3,658 | 17 |
| लद्दाख | 19 | 35 | 81 |
| अन्य क्षेत्र | 202 | 207 | 02 |
| केंद्र क्षेत्राधिकार | 182 | 196 | 08 |

**सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड**

### शशिभूषण मेहता ने जवाब के लिए हाईकोर्ट से मांगा समय

**रांची।** रांची के चुटिया स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल की दिवंगत शिक्षिका सुचित्रा मिश्रा की हत्या के आरोपों से बरी हो चुके भाजपा के पांकी विधायक शशिभूषण प्रसाद मेहता ने हाईकोर्ट में जवाब देने के लिए समय मांगा है. बुधवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तिथि निर्धारित की है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की बेंच में इस मामले में सुनवाई हुई.

## मैनहर्ट घोटाले की जांच के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने मैनहर्ट कंपनी से मांगा जवाब

संवाददाता। रांची

पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के विधायक सरयू राय की याचिका पर बुधवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने मैनहर्ट कंपनी को भी प्रतिवादी बनाने का निर्देश देते हुए जवाब मांगा है. विधायक सरयू राय की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप ने बहस की. हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में अब इस मामले में तीन सप्ताह बाद सुनवाई होगी.

दरअसल झारखंड के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मैनहर्ट घोटाला की जांच की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है. विधायक सरयू राय ने झारखंड हाइकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है. विधायक सरयू राय ने मैनहर्ट मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने और एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर याचिका दायर की है, जबकि अदालत ने 18 जुलाई 2023 को सरकार को जवाब देने और इस मामले में दर्ज पीई हाइकोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया था. सरयू राय ने मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के संबंध में परामर्श एवं अन्य कार्य दिए जाने में 21 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है. इस मामले को उन्होंने झारखंड विधानसभा में उठाया था, जिसके बाद राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीई दर्ज की गई थी.

**गरीबों के राशन पर आफत : डीलर्स एसोसिएशन को संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला**

# जारी रहेगी पीडीएस डीलर्स की हड़ताल

प्रमुख संवाददाता। रांची

पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल से राज्य में राशन का वितरण ठप पड़ा है. मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग सचिव अमिताभ कौशल के साथ पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की बैठक थी. लेकिन एसोसिएशन की मांगों पर विभाग की ओर संतोषजनक आश्वासन नहीं मिलने के कारण एसोसिएशन ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है. राज्य में 25400 पीडीएस डीलर हैं, जिनके माध्यम से सरकार राशन वितरण करती है. पीडीएस डीलर्स की हड़ताल के कारण गरीबों को राशन नहीं मिल रहा है.

**अंत्योदय राशन कार्ड की संख्या 8,92,488 :** राज्य में अंत्योदय राशन कार्ड की संख्या 892488 है, जिनमें परिवार के सदस्यों की 3449144 है. वहीं पीएचएच राशन कार्ड की संख्या 5211687 है, जिनमें परिवार के सदस्यों की संख्या 22976241है. पीएचएच राशन कार्ड कार्ड में चावल 4 और 1 किलो गेहूं प्रति सदस्य प्रति माह मिलता है. जबकि ग्रीन राशन कार्ड में 484476 है, इसमें परिवार की सदस्यों की संख्या 1509715 है.

**डीलरों की सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं :** रांची जिला पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 81 करोड़ जनता को अनाज 5 सालों तक पांच किलो अनाज बांटने के लिए स्वीकृति दी है. लेकिन डीलरों की सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है. कोरोना पीरियड में लाभुकों को 5 किलो मुक्त अनाज वितरण प्रति कार्ड 13 माह तक किया गया था, जिसका कमीशन अब तक नहीं मिला है.

विभाग के सचिव नें कमीशन देने की बात कही है, लेकिन कब यह तय नहीं है. वहीं कमिशन की दर पिछले 10 सालों से नहीं बढ़ाया गया है. साथ ही अनुकंपा पर पीडीएस डीलरों की नियुक्ति का मामला को भी बंद कर दिया गया है.

CLASSIFIED







































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




पेज 8-9

www.lagatar.in

गुरुवार, 04 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 09, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 257

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### रेल जीएम 5 को करेंगे थर्ड लाइन का निरीक्षण

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व जॉन के रेल महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा 5 जनवरी शुक्रवार को चक्रधरपुर मंडल में राउरकेला से झारसुगुड़ा तक थर्ड लाइन का निरीक्षण करेंगे. रेल जीएम की निरीक्षण को लेकर मंडल के इंजीनियरिंग व ऑपरेटिंग समेत ट्रेन परिचालन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों की सक्रियता बढ़ गई. इससे सिग्नल और प्वाइंट के साथ लाइन की स्थिति मंडल स्तर पर जांची जा रही है. दूसरी ओर टाटानगर से आदित्यपुर के बीच भी थर्ड लाइन का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया जा चुका है.

### नगर आयुक्त ने किया सिंदरी का दौरा

**सिंदरी।** धनबाद नगर निगम के नए नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बुधवार को बीआईटी सिंदरी, हर्ल खाद कारखाना सहित अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया. उनके साथ सहायक नगर आयुक्त समेत पूरी टीम थी. नगर आयुक्त ने बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ पंकज राय से मुलाकात की. वे हर्ल खाद कारखाना पहुंचे और कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट (हेड) सुरेश प्रमाणिक से मुलाकात की. हर्ल हेड के आग्रह पर नगर आयुक्त ने अटल चौक से वीर कुंवर सिंह चौक तक मुख्य सड़क के जल्द पुनरुद्धार का आश्वासन दिया.

### महंत विजयानंद दास को अयोध्या से न्योता

**हजारीबाग।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में प्रस्तावित श्री राम लल्ला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हजारीबाग बड़ा अखाड़ा के मंहत विजयानंद दास को भी समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला है. आरएसएस के जिला संघचालक श्रद्धानंद सिंह , नगर संघ चालक मनोज गोयल तथा विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता ने बड़ा अखाड़ा स्थित ठाकुर बाड़ी में उन्हें आमंत्रण सौंपा है. ज्ञात हो कि बड़ा अखाड़ा का संत परंपरा और रामनवमी को लेकर पूर्व से योगदान रहा है. 100 साल के महारामनवमी जुलूस का भी निर्धारण बड़ा अखाड़ा से होता है.

### उलीडीह में घरेलू विवाद में युवक ने लगाई फांसी

**जमशेदपुर।** उलीडीह थाना अंतर्गत डिमना रोड के रहने वाले विशाल शांडिल (37) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिवार के सदस्यों ने उसे रस्सी के सहारे पंखे से लटका पाया. इसके बाद फंदे से उतार कर सीधे एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. घटना मंगलवार की शाम की है. छोटे भाई करण शांडिल ने बताया कि उसके भाई की मासिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी. वह अक्सर किसी से भी झगड़ लेता था. मंगलवार को काम से वापस आने के बाद उसकी पत्नी के साथ उसका कुछ विवाद हो गया, जिसके बाद दूसरे कमरे में जाकर उसने फांसी लगा ली. घर पर विशाल अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था.

## महिला हॉकी

# ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम रांची पहुंची







रांची में 13 से19 जनवरी तक होने वाले एफआईएच महिला हॉकी ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए बुधवार को भारतीय टीम के रांची पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया.

# जेल से छूटे प्रिंस खान के 22 साथी पुलिस के रडार पर

- जमानत मिलने के बाद भी पुलिस रख रही निगाह, बड़ी वारदात को अंजाम देने का संदेह
- एसएसपी की अनुशंसा पर न्यायिक जिला दंडाधिकारी ने आरोपियों को भेजा है नोटिस

रिजवान शम्स । धनबाद

रंगदारी और हत्या जैसे संगीन वारदात से दहशत बनाए रखने वाले गैंगस्टर प्रिंस खान के 22 साथी पुलिस के रडार पर हैं. प्रिंस के गिरोह के ये 22 लोग हाल के दिनों में अदालत से जमानत पाकर जेल से बाहर निकले हैं. इनके खिलाफ एसएसपी धनबाद ने झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा तीन के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसके बाद न्यायिक जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद ने सभी को नोटिस भेजकर पक्ष रखने को कहा है.

गैंगस्टर प्रिंस खान समेत उसके कई करीबियों के खिलाफ धनबाद पुलिस पूर्व में ही सीसीए की कार्रवाई कर चुकी है. इधर प्रिंस गिरोह का जब आतंक बढ़ा तो पुलिस की कार्रवाई भी तेज हुई थी. पूरे गिरोह से लगभग छह दर्जन से अधिक लोगों को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेजा गया था. इनमें प्रिंस का भाई बंटी और गोडविन दोनों शामिल हैं, जो फिलहाल धनबाद जेल में है. जबकि पकड़े गए अन्य लोगों में से करीब दो दर्जन लोग जमानत पाकर जेल से बाहर आ चुके हैं. पुलिस को संदेह है कि गिरोह से जुड़े ये 24 लोग कहीं फिर से गिरोह के लिए काम करना न शुरू कर दे, ऐसे में ये लोग न सिर्फ आमजन बल्कि पुलिस के लिए भी सिर दर्द साबित होंगे. पुलिस को आशंका है कि यदि इन पर निगरानी नहीं रखी जाए तो ये लोग फिर से संगठित होकर बड़े अपराध को अंजाम दे सकते हैं. ऐसे में इन पर निगाह रखने की कवायद शुरू की गयी है.

### इन पर है पुलिस की निगाह

1. राशिद हसन , कमरमखदूमी रोड, वासेपुर
2. सद्दाम कुरैशी, करीमगंज, वासेपुर
3. मो. शकील, मदीना नगर, वासेपुर
4. अरशद अहमद, निशात नगर, वासेपुर
5. अजहर खान, जिन्नती मोहल्ला, शमशेर नगर
6. टिंकु कुरैशी, आरा मोड़, वासेपुर
7. फिरोज आलम, नबी नगर
8. टुन्ना खान, अली नगर, भूली रोड
9. आमिर खान, अली नगर, भूली
10. साहेब कुरैशी, करीमगंज, वासेपुर
11. शमीम रजा, पांडरपाला
12. रशिद जावेद, अंसार नगर, पांडरपाला
13. अल्ताफ रजा, आरा मोड़
14. खुर्शिद आलम, लाला टोला, आरा मोड़
15. नरगीश बानो, कादरी नगर, केंदुआडीह
16. सिराज अंसारी, अहिया नगर, भूली
17. बाबर अहमद, केंदुआडीह चार नंबर
18. माजिद अंसारी, पुटकी तीन नंबर
19. अमन कुमार वर्मा, केंदुआपुल
20. अरमान आलम, अली नगर
21. संतोष गोस्वामी, केंदुआडीह बाजार
22. मो. सद्दाम, कमरमखदूमी रोड, वासेपुर






### छह माह की हाजिरी या इलाके में बंद होगा प्रवेश

एसएसपी धनबाद की तरफ से दिसंबर माह में ही सभी संबंधित आरोपियों के झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा तीन के तहत कार्रवाई के लिए उपायुक्त को पत्र लिखा गया था. इसी के आलोक में दो जनवरी को न्यायालय जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त की तरफ से संबंधित लोगों को नोटिस भेजा गया है. नोटिस के आरोपियों की तरफ से यदि संतोषप्रद जवाब नहीं मिलेगा तो फिर आरोप से संबंधित धारा तीन के तहत अग्रतर कार्रवाई की जाएगी. अग्रेतर कार्रवाई में छह माह के लिए शहर में प्रवेश पर भी पाबंदी लग सकती है या फिर छह महीने तक थाने में हाजरी लगानी पड़ सकती है.

## युवाओं को नशाखोरी से बर्बाद करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

# नशे के सिरप की 50 पेटियां बरामद

संवाददाता । किरीबुरु

हाटगम्हरिया में प्रतिबंधित विसेरेक्स कफ सिरप के रूप में युवाओं को नशाखोरी से बर्बाद करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है. थाना प्रभारी बालेश्वर उरांव ने कार्रवाई की है. इससे जगन्नाथपुर अनुमंडल क्षेत्र के अलावे झारखंड व ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्रों के युवा प्रभावित हो रहे थे. इस क्रम में पुलिस ने एक पिकअप वैन पर 50 पेटियों में लदा 6000 उक्त सिरप का बोतल के साथ चालक अनीस (27 वर्ष), मौलानागोड़ा, चम्पुआ (क्योंझर, ओडिशा) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. कारोबार में शामिल बिहार, झारखंड व ओडिशा के संगठित गिरोह का नाम सामने आया है. इसके खिलाफ चालक के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है.

हाटगम्हरिया थाना प्रभारी बालेश्वर उरांव को जानकारी मिली कि उक्त प्रतिबंधित सिरप की बड़ी खेप लेकर एक बोलेरो पिकअप वाहन बलंडिया की ओर जा रहा है. फिर पुलिस ने बलंडिया चौक से चाईबासा की ओर मुख्य सड़क पर लगभग 200 मीटर दूरी तक बैरिकेडिंग लगा वाहनों की जांच शुरू कर दी. इसी दौरान उक्त पिकअप वाहन को पकड़ा गया, जिसपर प्रतिबंधित सिरप लदा था. पुलिस ने जरूरी कागजात की मांग की तो चालक अनीस कोई कागजात उपलब्ध नहीं करा पाया. चालक ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि यह वाहन हमारे गांव के ही मो. शहानुर, पिता मो. इरशाद का है. वाहन में लोड सिरप बिहार के रोहतास जिला निवासी प्रदीप प्रसाद का है. उसने बताया कि प्रदीप प्रसाद, मो. शहानुर के साथ मिलकर चम्पुआ, जैतगढ़, जगन्नाथपुर, नोवामुंडी आदि शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के पास नशा के लिए सप्लाई करते हैं.

इसके बाद पुलिस ने औषधि निरीक्षक जया गलेडिस आइंद के माध्यम से सिरप का जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया. जया ग्लेडिस के दिये गये जांच प्रतिवेदन के आधार पर एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामला होने के कारण हाटगम्हरिया के स्थानीय दंडाधिकारी सह अंचल अधिकारी नवीन चन्द्र झा के समक्ष थाना परिसर में जब्त किया गया. इस प्रकार जया ग्लेडिस आइंद के दिये गये जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रतिबंधित नशीली दवा के संचय करने, बिना अनुज्ञप्ति के बेचने व क्षेत्र में एक साजिश के तहत भोले-भाले युवाओं को धोखे से नशे के पदार्थ के रूप में बेचकर पैसा उगाही के आरोप में उक्त तीनों को नामजद समेत अज्ञात के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी.

### वाहन का चालक गिरफ्तार



### चालक ने कारोबार में शामिल झारखंड-ओडिशा के दर्जनों लोगों के नाम बताये, जांच में जुटी पुलिस

सूत्रों के अनुसार इम मामले में गिरफ्तार चालक ने पुलिस को चम्पुआ निवासी मो. इस्राफील आलम, जैतगढ़ का सागर बेहरा, जगन्नाथपुर का कोटे, मिंटू, हसन इमाम, बड़का, बड़ाजामदा का डॉन षाड़ंगी, नोवामुण्डी का विशाल प्रसाद आदि लोगों का नाम बताया है, जो ड्रग्स के इस अवैध कारोबार में शामिल हैं. पुलिस इनके खिलाफ भी जांच कर रही है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बालेकर उरांव, एसआई मुकेश हेम्ब्रम, आरक्षी मोलाराम हाईबुरु, विपिन कुमार भगत, रतिलाल सोरेन, हरिओम राम आदि शामिल थे.

# डॉक्टर के अपहरण का प्रयास, दो गिरफ्तार

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के गोलमुरी थाना अंतर्गत गोलमुरी चौक के पास मंगलवार देर शाम अपराधियों ने डॉ आर प्रधान के अपहरण का प्रयास किया. हालांकि, डॉ प्रधान द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोग जुटे और दोनों अपराधियों को धर दबोचा. इधर, सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले गई जहां दोनों ने पूछताछ की गई. मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अशोक सिंह और रवि शंकर सिंह रिश्ते में ममेरे भाई लगते हैं और बेगूसराय में रहते हैं. दोनों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो जिंदा गोली बरामद किया है. दोनों 27 दिसंबर को ही जमशेदपुर आए थे. अशोक ने पुलिस को बताया कि गूगल पर डॉ प्रधान सर्च कर उनकी जानकारी हासिल की थी.

### खास बातें

- गूगल से जानकारी लेकर दो दिन पहले रेकी भी की थी
- अशोक-रविशंकर पहले भी कई मामलों में जेल जा चुके हैं

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी करार

**धनबाद।** शादी का प्रलोभदन देकर नाबालिग प्रेमिका से दुष्कर्म करने व गर्भवती होने पर शादी से इनकार करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने पूर्वी टुंडी निवासी छोटेलाल मुरमुर को दोषी करार दिया है. सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए चार जनवरी की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिक पीड़िता के पिता की लिखित शिकायत पर 29 मार्च 2023 को दर्ज की गई थी. प्राथमिक के मुताबिक आरोप था कि अप्रैल 2019 में छोटेलाल ने पीड़िता को फोन कर सुंदर पहाड़ी के पास बुलाया, जहां आने पर उसने पीड़िता से शादी का वादा किया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया.

## समीक्षा बैठक हुई, चंपई ने कहा- हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कार्यकाल पूरा करेगी सरकार

# क्या सरकार से अलग है नगर निकाय : मंत्री

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर के जियाडा सभागार में क्षेत्र के विधायक और मंत्री चंपई सोरेन ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की और नगर निगम के अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई. मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में पूछा कि क्या नगर निकाय राज्य सरकार से अलग है. बैठक की सूचना हमारे प्रतिनिधि को क्यों नहीं दी जाती है. उन्होंने अपर नगर आयुक्त को बताया कि नगर निगम के ग्रामीण वार्ड, वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4 के साथ सौतेला व्यवहार क्यों हो रहा है ? शहर के कई स्थानों पर रोड नाली निर्माण के लिए शिलान्यास हुआ है लेकिन 6 माह बीत जाने के बाद भी अब तक कार्य शुरू क्यों नहीं हुआ है? समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त और एसडीओ भी मौजूद रहे. वहीं, मौके पर नगर निगम के सभी सिटी प्रबंधक और ऑफिस स्टाफ भी मौजूद रहे. मंत्री ने पूछा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पूर्व पार्षदों के हाथों परिसंपत्तियों का वितरण कराया जा रहा है. इन सारी चीजों पर अविलंब रोक लगाएं.



- वार्ड 1, 2, 3, 4 के साथ क्यों हो रहा है सौतेला व्यवहार

### 550 परिवार को मिला पानी का कनेक्शन

समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेस को संबोधित करते हुए मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि पिछले कई बैठकों में उनके द्वारा दिये गए निर्देश के तहत ही सालडीह में आज 550 परिवार को निःशुल्क पानी का कनेक्शन मिला है. साथ ही उन्होंने कहा कि जिस भी निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ है, यदि उनपर कार्य डेढ़ माह में शुरू नहीं किया, तो चिन्हित कर ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा.

## श्रद्धांजलि धनबाद के एसपी रहे रणधीर वर्मा का 33वां शहादत दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया

# शहीद रणधीर वर्मा प्रेरणा के स्रोत, सदैव याद रहेंगे

संवाददाता। धनबाद

देश के विभिन्न भागों में पहचान बना चुके झारखंड के कलाकारों की स्वरलहरियों के बीच धनबाद के जांबाज पुलिस अधीक्षक रहे शहीद रणधीर वर्मा को श्रद्धांजलि दी गई. सबसे पहले धनबाद पुलिस के जवानों ने शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया. इस मौके पर शहीद की पत्नी और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. रीता वर्मा, उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, आरक्षी अधीक्षक नगर अजित कुमार और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के अलावा बड़ी संख्या में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारियों और श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने आए लोग मौजूद थे.

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. रीता वर्मा ने कहा कि अपनी शहादत के 32 साल बीतने के बाद भी रणधीर वर्मा सबके दिलो-दिमाग पर छाए हुए हैं. उनकी कीर्ति चारों तरफ फैली हुई है. यह हम सबके लिए गौरव की बात है.अमरत्व की यही पहचान है. मौके पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह, निरसा की विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, चंद्रशेखर अग्रवाल, विजय कुमार झा, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, अमितेश सहाय, राजीव शर्मा, केशव हड़ोदिया, डीएन प्रसाद, बिंदेश्वरी प्रसाद, दीपक कुमार दीपू, संतोष सिंह, सुशील कुमार सिंह आदि मौजूद रहे.

### शहीद की पत्नी, उपायुक्त व पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



### वैष्णव जन तो तेने कहिए...

प्रख्यात गायक पंकज दूबे और उनकी टीम ने संगीतमय श्रद्धांजलि दी. परंपरा के मुताबिक दूबे ने सबसे पहले वैष्णव जन तो तेने कहिए....प्रस्तुत किया.उसके बाद शहीद वर्मा के आदर्शों से ओतप्रोत राष्ट्रभक्ति और वीरता के ओजपूर्ण गीत प्रस्तुत किए जाने लगे तो ऐसा लगा मानो धीर वीर रणधीर जीवंत हो उठे हों. शहीद रणधीर वर्मा के खेल प्रेम के बारे में तो सभी जानते हैं. पर उनकी शहादत के बाद से ही वैष्णव जन तो तेन कहिए....भजन इसलिए प्रस्तुत किया जाता है, क्योंकि यह उन्हें बेहद प्रिय था. उनका जीवन भी इसके अर्थ को चरितार्थ करता रहा.

# कलेक्शन एजेंट समेत चार गिरफ्तार

## रुपये दोगुना करने के झांसे में फंस कर गंवा दिए थे लाखों रुपये

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत स्वास्तिक वाटिका निवासी सतेंद्र सिंह के घर हुई 17 लाख की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. घटना में कलेक्शन एजेंट सतेंद्र ही आरोपी निकला. सतेंद्र रुपये डबल होने के झांसे में आकर सारे रुपए गंवा दिए और पुलिस को गुमराह करने के लिए अपने मालिक दिलीप के समक्ष झूठी कहानी बनाई थी, मामले में पुलिस ने झांसा देने वाले तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार होने वाले आरोपियों में सतेंद्र सिंह, बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया निवासी रमेश उर्फ सिकंदर कोहार उर्फ सिकंदर प्रजापति, इंद्रजीत सिंह उर्फ नेता और अरविंद चौधरी शामिल है जबकि मामले में आरोपी सिकंदर का भतीजा रोहित फरार चल रहा है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही में चोरी के 1.99 लाख रुपये, पैसों से खरीदी गई 1.27 लाख की स्कूटी, ठगी में प्रयोग किए जाने वाला कागज का बंडल, घटना के बाद भागने में प्रयुक्त कार और अन्य सामान बरामद किए हैं.

### ऐसे करते थे ठगी

पुलिस ने सबसे पहले इंद्रजीत और अरविंद को पकड़ा. पुलिस के जुगसलाई के एक होटल में छापेमारी की जहां सभी ठहरे हुए थे. पुलिस ने होटल से सीसीटीवी फुटेज निकाला जिसके आधार पर सिकंदर की पहचान की. पुलिस ने सिकंदर को उसके गांव से गिरफ्तार किया. सिकंदर ने बताया कि वह पांच सालों से इस तरह का काम कर रहा था. वह सबसे पहले एक असली नोट लेकर उसके नीचे कागज रखता था और उसे चिपका देता था. इसी बीच वह चुपके से उस नोट को अपनी जेब में रखकर दूसरी नोट में यही प्रक्रिया दोहराता था. फिर नोट को पानी में डालकर उसमें केमिकल डालने के बाद उसे गर्म करता था जिससे नोट अलग हो जाते थे.



## ब्रीफ खबरें

### शालदोहा गांव के पीड़ित परिवार से मिले सांसद

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखण्ड क्षेत्र के पाथरा पंचायत अंतर्गत शालदोहा गांव में विगत शनिवार को भारी वाहन के चपेट में आने से शालदोहा ग्राम निवासी मानीक चंद्र दे की पुत्रवधू तुहीना दे का चिकित्सा के दौरान देहांत हो गया था. इसकी दुःखद सूचना भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो को दी गई थी. सूचना पाकर सांसद महतो शोकाकुल परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे तथा परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की. इस दौरान वहां ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई. ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए सांसद महतो से आग्रह किया.

### विभूति संस्कृति परिसर में लाइब्रेरी का उद्घाटन

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज रोड स्थित विभूति संस्कृति सदन परिसर में पुस्तकालय का एचसीएल/आईसीसी के ईडी एसएस शेट्टी ने फीता काटकर बुधवार को उद्घाटन किया. पुस्तकालय उद्घाटन से पूर्व बंगाल के लेखक एवं साहित्यकार विभूति भूषण बंदोपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया. उन्होंने कहा कि यहां पश्चिम बंगाल से आने वाले हर पर्यटक अपने महान साहित्यकार को देखने आते हैं. उनकी लिखी हुई पुस्तक देखना चाहते हैं इसके लिए पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया. इसलिए जरूरी है उनकी इस धरोहर को संजोकर रखना.

### श्रीराम मंदिर कार्यक्रम का किया जाएगा सीधा प्रसारण

**चांडिल।** चांडिल बाजार स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में बुधवार को श्री राम सनातन समिति, चांडिल की बैठक हुई. मौके पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का चांडिल में सीधा प्रसारण करने पर विचार-विमर्श किया गया. समिति के अध्यक्ष आकाश महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में साढ़े पांच सौ वर्षों के वनवास के बाद श्रीराम के लौटने पर हिंदुओं के उत्साह को देखते हुए चांडिल में भव्य कार्यक्रम करने पर चर्चा किया गया. बैठक में कहा गया कि राम मंदिर अयोध्या नहीं पहुंच पाने वाले भक्तों के लिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण चांडिल में करने की तैयारी की जा रही है.

### वन अधिकार को लेकर प्राप्त आवेदनों पर हुई समीक्षा

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल के अध्यक्षता में अबुआ वीर दिशोम अभियान के तहत जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आहूत की गई. उक्त बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी-कोल्हान, वन प्रमंडल पदाधिकारी-सारंडा, वन प्रमंडल पदाधिकारी-पोड़ाहाट, जिला कल्याण पदाधिकारी, समिति सदस्य-प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम अध्यक्ष,बंदगांव सहित अन्य की उपस्थिति में वनाधिकार हेतु ग्राम समिति से अनुमंडल स्तरीय समिति तत्पश्चात जिला स्तरीय समिति को प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया.

### मलेरिया प्रभावित गांव में हुआ दवा का छिड़काव

**चाईबासा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोहरपुर केंद्र के अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र सलाई के चुर्गी गांव में जिला मलेरिया पदाधिकारी के साथ मलेरिया विभाग की गई टीम ने चुरगी गांव का निरीक्षण किया और इस निरिक्षण के क्रम में गांव के 52 घरों का मलेरिया रोधी दावों का छिड़काव किया गया. मलेरिया विभाग के द्वारा फोकल कीटनाशी स्प्रे किया गया. साथ ही मलेरिया नियंत्रण के लिए पूर्व में किए गए कार्यों का जायजा भी लिया. साथ ही जन जागरूकता के साथ सघन निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया.

### खौलते पानी से युवक का हाथ जला, अस्पताल में भर्ती

**नोवामुंडी ।**नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के ठाकुरा गांव में ग्रामीण बिरसा चांपिया पिता दामु चांपिया अपने घर में नहाने के लिए लकड़ी जलाकर पानी गर्म कर रहा था. पानी पूरी तरह खौल रहा था. इतने में एक युवक गलती से जल रहे लकड़ी से टकरा गया. इससे आग के पास बैठे बिरसा चांपिया के हाथ पर खौलता हुआ गर्म पानी गिर गया. गर्म पानी गिरने से उसका हाथ बुरी तरह जल गया. तुरंत ही उसके पिता दामु चांपिया ने उसे गुवा सेल अस्पताल में भर्ती कराया.

---

डेढ़ घंटे बाद प्रदर्शन कर रहे चालकों को समझा-बुझाकर थाना प्रभारी ने जाम हटवाया

# नये कानून के विरोध में रांची-चाईबासा मार्ग किया जाम

**संवाददाता । चक्रधरपुर**



**खास बातें**

- ड्राइवरों ने 'काला कानून' बताते हुये नारेबाजी की
- जाम किये जाने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई

नये कानून के अंतर्गत हिट एंड मामले में विरोध प्रदर्शन करते हुए बुधवार को झारखंड ड्राइवर संघ के बैनर तले ट्रक, बस व अन्य वाहन के ड्राइवरों ने चक्रधरपुर के बांझीकुसूम के समीप रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग जाम कर दिया. इस दौरान ड्राइवरों ने नए कानून को ''काला कानून'' बताते हुये नारेबाजी की. जाम के कारण सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई. वहीं, इसकी सूचना मिलने पर चक्रधरपुर थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और जामकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया. लेकिन, जामकर्ता लिखित पत्र देने की मांग को लेकर अड़े रहे. इसके बाद थाना प्रभारी ने मौके से दो जामकर्ताओं को हिरासत में ले लिया. इससे थोड़ी देर के लिए मामला बिगड़ गया और जामकर्ता गुस्से में आ गये. साथ ही ट्रक व अन्य वाहनों के ड्राइवर के परिजन व महिलाएं भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस के प्रति रोष जताया. मामला को बढ़ते देख पुलिस द्वारा दोनों जामकर्ताओं को छोड़ दिया गया, जिसके बाद जामकर्ताओं ने जाम हटाया और मामला सुलझा. इस बीच लगभग डेढ़ घंटे तक रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग जाम रहा.

**यात्रियों को आवाजाही में हुई परेशानी**

चक्रधरपुर की बांझीकुसूम के समीप ड्राइवर संघ द्वारा जाम किये जाने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा. रांची से आने वाली बसें चक्रधरपुर के बांझीकुसूम के समीप रुक गई. इसके बाद चाईबासा व अन्य जगहों पर जाने वाले यात्रियों को किराये पर ई-रिक्शा व अन्य सवारी गाड़ी लेकर महंगे किराये देकर जाना पड़ा. वहीं, कुछ लोग पैदल ही एक जगह से दूसरे जगह जाते दिखे. बता दें कि छोटे-बड़े बसों का परिचालन नहीं होने की वजह से यात्री दिनभर परेशान रहें.

---

**आओ जानें**

## पहली पीढ़ी के कम्प्यूटर की विशेषताएं

- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर आकार में बहुत ही बड़े हुआ करते थे.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर को चलाने के लिए बहुत ज्यादा बिजली की आवश्यकता होती थी.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर चलने पर अधिक मात्रा में ऊष्मा का उत्सर्जन करते थे.
- इस समय अवधि के कम्प्यूटर बहुत महंगे होते थे.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर धीमी गति से काम करते थे.
- इनके काम करने की क्षमता आज के कम्प्यूटर से काफी कम होती थी.
- आज के कम्प्यूटर की तुलना में इन्हे चलाना काफी कठिन होता था.
- इनकी स्टोरेज क्षमता काफी कम होती थी.

---

रात होते ही सड़कों पर अवैध बालू लदे वाहन दौड़ने लगते है

# जैतगढ़ के गुमुरिया, मुन्दुई घाट से बालू की अवैध तस्करी जारी

**संवाददाता । किरीबुरु**



गुमुरीया व मुन्दुई बालू घाट से बालू तस्करी की तस्वीरें.



**खास बातें**

- प्रतिमाह लगभग 6-8 लाख रुपये की वसूली होती है
- रुपया देने से अधिकारी ट्रैक्टर नहीं पकड़ते

जगन्नाथपुर थाना अन्तर्गत जैतगढ़ ओपी क्षेत्र के मुन्डुई, गुमुरिया, कुआड़ा बालू घाट से हाइवा व ट्रैक्टर से दिन-रात बालू की अवैध तस्करी बडे. पैमाने पर जारी है. इस अवैध कारोबार में आसपास गांवों के लगभग 40-50 ट्रैक्टर व दर्जनों हाइवा और ट्रक को लगाया गया है. बालू तस्करी में शामिल इन वाहनों से प्रतिमाह लगभग 6-8 लाख रुपये की वसूली बालू माफियाओं के द्वारा की जाती है.

जानकारी के अनुसार, वसूली के पैसे उक्त विभागों के कुछ अधिकारियों के अलावे कुछ राजनीतिक व दबंग लोगों के पास एक लाख रुपये से लेकर 20 हजार रुपये तक उनकी क्षमता के अनुसार हर माह पहुंचाया जाता है. बाकी के पैसों की बंदरबांट स्वयं माफियाओं द्वारा की जाती है. माफिया द्वारा इस कार्य में शामिल वाहनों की नंबरों की सूची भी उक्त अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाती है ताकि वे किसी भी परिस्थिति में इन वाहनों को न पकड़े.

**समंदरों की तलाशी कोई लेने वाला कोई नहीं :** जैतगढ़ अर्थात अवैध बालू घाट गांव क्षेत्र के कुछ ट्रैक्टर मालिकों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया की प्रशासन हम गरीब लहरों पर पहरे बैठा रही है और समंदरों की तलाशी कोई लेने वाला नहीं है. हम गरीब लोन लैकर ट्रैक्टर खरीदें. बालू घाट बंद होने से हमारे सामने बेरोजगारी व लोन भरने की समस्या उत्पन्न हो गई. बाहरी बडे. माफिया कुछ स्थानीय माफिया को अपने साथ मिलकर अवैध बालू की तस्करी वर्षों से कर रहे हैं. लेकिन वह हम स्थानीय ट्रैक्टर मालिकों को भी नहीं छोड़ रहे हैं. पैसा नहीं देने पर हमारा ट्रैक्टर पकड़वा देते हैं. जबकि उनकी हाईवा ट्रकें दिन-रात जेसीबी मशीनों से लोड होकर जाते रहती है.

**ट्रैक्टर व हाइवा मालिकों से हर माह होती है वसूली**

बालू तस्करी में लगे कुछ विश्वस्त ट्रैक्टर मालिकों ने सुभम संदेश अखबार को बताया कि बालू माफिया इस तस्करी में शामिल प्रत्येक ट्रैक्टर मालिकों से प्रतिमाह 15 से 18 हजार रुपये एकमुश्त रकम की वसूली करते है. लगभग 40-50 ट्रैक्टर से यह वसूली होती है. हाइवा से अधिक रकम की वसूली होती है. कुछ ट्रैक्टर मालिक पैसा नहीं दे पाते हैं तो उनका ट्रैक्टर को पकड़वा दिया जाता है. जेसीबी मशीन और मजदूरों से वाहनों में बालू लोड किया जाता है. रात के समय जैतगढ़ क्षेत्र की तमाम सड़कों पर अवैध बालू लदे वाहन दौड़ने लगती है.

---

नए कानून के 'हिट-एंड-रन' मामलों में चालकों ने हड़ताल की थी

# बस एसोसिएशन के हड़ताल से यात्री परेशान

**संवाददाता ।चाईबासा**

मोटर चालकों से जुड़े 'हिट-एंड-रन' दुर्घटना मामलों पर नए दंड कानून के प्रावधान के खिलाफ पश्चिम सिंहभूम बस एसोसिएशन की ओर से बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल पर चालक रहें. जिसका असर चाईबासा के राहगीरों में भुगतना पड़ा. लंबी दूरी की एक भी बस नहीं चली. सिर्फ टोटो व छोटा हाथी यात्री वाहन का ही संचालन हो सका. बस संचालकों ने अपनी-अपनी सारे वाहन को स्टैंड में ही रोक दिया. इधर, बस एसोसिशन के पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा कि सरकार ने जिस तरह से बस ड्राइवर के लिये कानून तैयार किया है. उसके खिलाफ पूरा देश में बस मालिक व ड्राइवर विरोध कर रहा है. अब सरकार को इसे संशोधन करना चाहिये. पुराने नियम को ही लागू करनी चाहिये. इस तरह की नियम लागू होने से बस चालाना मुश्किल हो जायेगा. बस एक मशीन के पार्ट्स से ही चलता है. मशीन की खराबी हो सकती है. इस पर सरकार को पुनः विचार करनी चाहिये.

**चाईबासा बस स्टैंड से कई जगहों की बस खुलती है :** चाईबासा बस स्टैंड से राजधानी रांची के अलावा कोलकाता, भुवनेश्वर, जमशेदपुर, पटना, किरीबुरू, गुवा, नोवामुंडी, खूंटी समेत कई क्षेत्र के बस खुलती है. लेकिन एक दिवसीय बस संचालक व ड्राइवरों की हड़ताल के वजह से बस स्टैंड में ही खड़ी रही. जिसके कारण यात्री को काफी परेशनी का सामना करना पड़ा. निजी वाहन से अधिक कीमत देकर यात्रा करना पड़ा. हालांकि आपातकालीन स्थिति को देखते हुये जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्था की गयी है.

**आज से चलने लगेगी बस**

पश्चिमी सिंहभूम बस एसोसिएशन की ओर से घोषणा की गई है कि गुरुवार से बस का संचालन सुचारु रूप से चलेगा. बुधवार को हड़ताल का असर पेट्रोल पंप में भी देखने को मिला. पेट्रोल पंप में पेट्रोल खत्म होने से लोगों को काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ा. लोग अधिक कीमत देकर ब्लैक में पेट्रोल ले रहे हैं.

### बांझीकुसुम के किसानों ने सिखे उन्नत कृषि के गुर

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर की आसनतलिया पंचायत के बांझीकुसुम गांव में बुधवार को किसानों को प्रशिक्षण दिया गया. प्रदान संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान आंध्र प्रदेश से पहुंचे जीवा प्रोजेक्ट के प्रशिक्षक मो. भासा ने किसानों को उन्नत खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने कहा कि धान की खेती के बाद किसान अपने खेतों को खाली छोड़ देते हैं. लेकिन हम खेतों को बहुउपयोगी बनाकर तरह-तरह के फसल लगा सकते हैं. उन्होंने बताया कि खाली पड़े खेती के जमीनों पर विभिन्न प्रकार के फसल, सब्जी इत्यादि लगाकर बेहतर आमदनी की जा सकती है. उन्होंने कहा कि तरह-तरह के रासयनिक पदार्थों को छिड़काव कर किसान अपने खेतों व फसलों को बर्बाद न करें.

---

सर्किट हाउस चाईबासा सड़क चौक का हुआ नामकरण

# अब यह चौक 'वीर शहीद पोटो हो चौक' के नाम से जाना जाएगा

**संवाददाता। चाईबासा**

ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ सिंहभूम के अलावा पूरे कोल्हान में ऐतिहासिक युद्ध का अगुआ और सेरेंगसिया घाटी युद्ध के नायक वीर शहीद पोटो हो के याद में बुधवार को सर्किट हाउस चाईबासा सड़क चौक का नामकरण 'वीर शहीद पोटो हो चौक' किया गया. इस दौरान वीर शहीद पोटो हो के चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया. उपस्थित लोगों के द्वारा उनके संघर्षों को भी याद किया गया.

इस दौरान समाजसेवी सुरा बिरुली, आदिवासी हो समाज महासभा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष चैतन्य कुंकल, आदिवासी हो समाज सेवानिवृत संगठन के सचिव चंद्रमोहन बिरुवा, युवा महासभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इपिल सामड ने बताया सिंहभूम के सेरेंगसिया घाटी में अंग्रेजी फौज के साथ हुए भीषण छापामार युद्ध का नेतृत्व पोटो हो ने किया था. इस युद्ध में ब्रिटिश फौज की करारी हार हुई थी.

**सभी चौक व संस्थानों का नामकरण किया जाएगा:** चौक के नामकरण के दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि आदिवासी समाज के वीर शहीद और महापुरुषों की याद में सभी चौक और संस्थानों का नामकरण किया जाएगा. सभी जगह नामकरण के साथ संबधित का प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी.

---

पशु रोग के निदान के लिए अब बाहर जाने की जरुरत नहीं

# बनेगा एनिमल डायग्नोस्टिक सेंटर

**संवाददाता । चाईबासा**



पशुओं की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए अब पशुपालकों या आम जनों को भटकना नहीं पड़ेगा. जल्द ही पशुपालन विभाग में एनिमल डायग्नोस्टिक सेंटर आरंभ होगा. इस केंद्र में न केवल पशुओं के रोग का निदान होगा, बल्कि उनकी गंभीर बीमारियों की जांच के लिए लैब अल्ट्रासाउंड की सुविधा सहित अन्य संसाधन भी उपलब्ध रहेंगे. इससे पशुओं के किसी भी प्रकार के रोग के इलाज के लिए किसी को परेशान नहीं होना पड़ेगा.

उल्लेखनीय है कि जिले जिला मुख्यालय में एनिमल डायग्नोस्टिक सेंटर बनाने की प्रक्रिया वर्ष 2009 में आरंभ हुई थी और जल्द ही इसके लिए भवन भी तैयार कर लिया गया. लेकिन, तकनीकी कारणों से यह कार्य रुक गया. इस भवन निर्माण के कार्य को कर रहे कार्यकारी एजेंसी ने पैसा भी सरेंडर कर दिया और तब से यह भवन अधूरा पड़ा हुआ है. जिला पशुपालन विभाग इस भवन को नए सिरे से तैयार करने में लगा हुआ है. जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुधाकर सिंह मुंडा ने बताया कि यह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसमें एक ही छत के नीचे पशुओं के इलाज के साथ-साथ नए ब्रीड को तैयार करने, पशुधन विकास का कार्य करने तथा उनके गंभीर बीमारियों के इलाज के करने से संबंधित पशु के डायग्नोस्टिक से संबंधित कार्य भी करने की सुविधा होगी. उन्होंने बताया कि इसके लिए विभाग से पत्राचार किया गया है. यदि विभाग के द्वारा एनओसी प्राप्त हो जाता है तो इसे जिला मद से जल्द तैयार कर लिया जाएगा. उन्होंने बताया कि इसके लिए विभाग ने सहमति दे दी है पर उसके एनओसी का इंतजार है.

---

सीजीएम आरपी सेलबम ने अवैध दुकानों को तोड़कर हटाने का दिया निर्देश

# मेघाहातुबुरु के मीना बाजार का होगा कायाकल्प

**संवाददाता । किरीबुरु**



मीना बाजार का जायदा लेते सीजीएम व अधिकारीगण.

**खास बातें**

- बाजार को सभी सुविधाओं से लैश किया जाएगा
- महिला व पुरुष के लिये अलग शौचालय बनेंगे

सेल, मेघाहातुबुरु के सीजीएम आरपी सेलबम अपने अधीनस्थ उच्च अधिकारियों व सिविल विभाग की टीम के साथ 3 जनवरी को मीना बाजार पहुंचे. यहां की स्थिति का जायजा लिया. यहां की अव्यवस्थित स्थिति, गंदगी का अंबार आदि देख वह बहुत नाराज भी हुये. उन्होंने तमाम दुकानदारों को निर्देश दिया कि जिन्हें मीना बाजार में नयी दुकानों के लिये शेड व जगह दी गई है, वह उस जगह पर जल्द शिफ्ट हो जायें. तथा दो दिन के अंदर अपने तमाम पुराने अवैध स्ट्रक्चर को हटाकर स्थान को खाली करें, अन्यथा प्रबंधन उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुये उनके दुकान आवंटन को रद्द कर देगी. सेलबम ने सिविल विभाग को कहा कि दो दिन के अंदर मीना बाजार के अंदर के कचड़े को वह पूरी तरह से साफ करवाये.

शुभम संदेश अखबार से बातचीत में सेलबम ने बताया कि उनका प्रयास है मीना बाजार को बेहतर बनाना. ताकि, यहां कुछ बेरोजगार प्रबंधन से दुकान अलॉट करा अपना रोजगार कर सके. बाजार में स्थित बाकी दुकानों को भी इच्छुक लोगों को आवंटित किया जायेगा. इस बाजार को सभी सुविधाओं से लैश व सौन्दर्यीकरण किया जायेगा. बाजार के चारों तरफ बाउंड्री, पेबर ब्लॉक से फूटपाथ का निर्माण, महिला व पुरुष के लिये अलग-अलग शौचालय, पेयजल की सुविधा आदि उपलब्ध कराया जायेगा.

उन्होंने कहा कि इसमें दुकानदारों का सहयोग जरुरी है ताकि, जल्द सारा कार्य जल्द शुरू हो सके और मीना बाजार बेहतर बाजार बन सके. इस दौरान महाप्रबंधक(वित्त) योगेश प्रसाद राम, जेजीओएम के महाप्रबंधक (सीएसआर) नवीन कुमार सोनकुशरे, महाप्रबंधक (सिविल) के बी थापा, संदीप भारद्वाज, अभिजीत कुमार, सीताराम महतो दि दर्जनों अधिकारी व दुकानदार मौजूद थे.

---

**कार्यक्रम** जयंती पर याद किए गए मरांग गोमके जयपाल सिंह, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

# जयपाल सिंह मुंडा आदिवासियों की आवाज थे : कांग्रेस

**सुकेश। चाईबासा**



मरांग गोमके जयपाल सिंह की जयंती पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ मौजूद अन्य लोग.

**खास बातें**

- जयपाल ने झारखंड आंदोलन को एक स्थायी रूप दिया
- पूरे भारत देश के आदिवासियों का प्रतिनिधित्व किया

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के मौके पर बुधवार को कांग्रेस भवन चाईबासा में कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए एक स्वर में कहा कि जयपाल सिंह मुंडा आदिवासियों की आवाज थे. आज भी उनके विचार प्रासंगिक है. जयपाल सिंह मुंडा ने न सिर्फ झारखंड आंदोलन को एक स्थायी रूप दिया. बल्कि, संविधान सभा में भी पूरे देश के आदिवासियों का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके हक के लिए संविधान में व्यवस्था करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.

**आदिवासी समाज में प्रजातांत्रिक व्यवस्था का उदाहरण :** जयपाल सिंह मुंडा ने कहा था कि आदिवासी समाज में ही सबसे अधिक प्रजातांत्रिक व्यवस्था का उदाहरण है. जिसे अन्य लोगों को भी अनुसरण करना चाहिए. इस समाज में चाहें वह अमीर हो या गरीब सभी को समान अधिकार प्राप्त है. उन्होंने यह भी कहा था कि संविधान में विशेष व्यवस्था के तहत आदिवासियों को ऐसे संरक्षण दिये जाए ताकि, वे जंगल से निकलकर विधायिका एवं अन्य जनमंच पर आ सके. उन्होंने अपने ऐतिहासिक भाषण में 'आदिवासी ही प्रथम श्रेणी के भारतीय नागरिक है' की बात की थी. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, प्रदेश सचिव अशरफुल होदा, कांग्रेस जिला महासचिव त्रिशानु राय, विश्वनाथ तामसोय, सचिव जगदीश सुंडी, प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां, वरीय कांग्रेसी लियोनार्ड बोदरा, पीटर बारी, राजेन्द्र कच्छप, रितेश तामसोय, बुल्लू दास, सिद्धेश्वर कालुण्डिया, विक्रमादित्य सुंडी, अभिनंदन बारिक, सुशील दास, सचिन बारिक आदि उपस्थित थे.

---

# आदिवासियों के पहचान को समाप्त किया जा रहा है : सुशील बारला



**संवाददाता । किरीबुरु**

आदिवासी समन्वय समिति (आस) झारखंड के कार्यकर्ता द्वारा मनोहरपुर प्रखंड के हाकागुई में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाई गई. कार्यकर्ताओं ने जयपाल सिंह मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान आस संयोजक सुशील बारला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब संविधान के प्रथम ड्राप्ट से आदिवासी शब्द को हटा दिया गया था तब संविधान सभा में जयपाल सिंह मुंडा ने नाराज होकर कहा था कि हमें आदिवासी से कम और कोई शब्द स्वीकार नहीं होगा. आज आदिवासीयों को, जो भारत के प्रथम नागरिक हैं और आदि काल से रहते आ रहे हैं, उन्हें जबरन वनवासी कहा जा रहा है. ये आदिवासीयों की पहचान को ही षड्यंत्र के तहत समाप्त करना चाहते हैं. संविधान की पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून, समता जजमेंट को भी षड्यंत्र के तहत अक्षरशः लागू नहीं किया जा रहा है.

▼ ब्रीफ खबरें

### 11.95 करोड़ की लागत से होगा सड़क का निर्माण

**डुमरिया।** पोटका प्रखंड के अति महत्वपूर्ण सड़क टी - 06 गोमियासाई चौक से हरिणा भाया मझगांव माको तक 12.65 किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 11.95 करोड़ की लागत से किया जायेगा. इस सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक संजीव सरदार द्वारा संयुक्त रूप से सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में नारियल फोड़कर किया. इस अवसर पर सांसद ने कहा कि क्षेत्र की अति महत्वपूर्ण है, जो अत्यंत जर्जर स्थिति में थी. ग्रामीणों की मांग पर इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है उन्होंने सरकार से पूरे लोकसभा क्षेत्र में 142 जर्जर सड़कों के निर्माण की मांग रखी थी, जिनमें से 44 सड़क के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई है.

### थाने में प्रेमी जोड़े का कराया विवाह

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना परिसर के बाहर मंगलवार को एक प्रेमी जोड़े शादी के बंधन में बंध गए. इसके गवाह पंचायत प्रतिनिधि और गांव समाज के लोग बने. बताया जाता है कि परसुडीह थाना अंतर्गत सालगाझुरी के रहने वाले राजेश सांडिल और पूर्वी कीताडीह पंचायत की रहने वाली सोनम (बदला हुआ नाम) के बीच करीब दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था. कुछ दिनों पहले लड़की के घरवालों ने दोनों को अपने घर पर आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया था. इसके बाद बैठक हुई और वहां युवक ने शादी करने बात स्वीकार की. लेकिन, युवक के परिवार वाले शादी से मुकर गये. इस मामले को लेकर मुखिया जोबा मार्डी, मुखिया मायावती टुडू एवं द्रौपदी मुंडा के सहयोग से युवती के परिजनों ने परसुडीह थाना में युवक के खिलाफ लिखित शिकायत की.

### वनभोज कार्यक्रम से लोगों में सौहार्द कायम होता है

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखण्ड क्षेत्र के पाथरी पंचायत के वैष्णव समाज द्वारा राधा नगर स्थित मैदान में बुधवार को वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में गोहालडीहि, चड़कमारा, कुलियंक, बामडोल, शिकारीशाई, मानखंदा, डिंगासाई आदि गांव के सैकड़ों वैष्णव भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. वहीं वैष्णव समाज के लोगों ने बताया कि वनभोज कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में एकजुटता और आपसी सौहार्द कायम होता है. ठंड के इस मौसम में घर से बाहर निकलने का मौका मिलता है और लोग एक जगह पर एकजुट होकर आपसी प्रेम और अटूट एकता का परिचय भी देते हैं.

### कॉलेज में मनाई गई सावित्री बाई फुले की जयंती

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से बुधवार को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रदांजलि अर्पित किया. कार्यक्रम की शुरुआत राजनीति विज्ञान के शिक्षक प्रो. विकाश मुंडा ने किया और सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए सावित्री बाई फुले के जीवन के प्रेरक प्रसंगों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया. कार्यक्रम को राजनीति विज्ञान का सिनियर छात्र और एन एस एस वॉलंटियर्स मुचीराम हांसदा ने भी संबोधित किया. राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. इंदल पासवान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सावित्री बाई फुले के सामाजिक और शैक्षणिक सुधार से संबंधित कार्यों की विस्तार से चर्चा की.

## एआईडीएसओ के राष्ट्रीय महासचिव सौरव घोष ने भाजपा पर लगाये गंभीर आरोप, कहा-

# बीएचयू घटना से भाजपा का असली चरित्र उजागर

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में बी.टेक. की छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना न सिर्फ शर्मसार कर देने वाली है, बल्कि इस घटना से साफ हो गया है कि संस्कृति का झूठा दिखावा करने वाली भाजपा का असली चरित्र क्या है. घटना के दो माह बाद पकड़े गए अभियुक्त कुणाल पांडे, सक्षम पटेल और आनंद उर्फ अभिषेक चौहान तीनों अपराधी वाराणसी महानगर भाजपा की आईटी सेल के पदाधिकारी हैं. उनकी फोटो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के साथ सोशल मीडिया पर शेयर हो रही है. उक्त बातें ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) के राष्ट्रीय महासचिव सौरव घोष ने प्रेस बयान जारी कर कही हैं.

**तीखा प्रहार**
- आरोपी भाजपा के आईटी सेल का पदाधिकारी है
- भाजपा संस्कृति के नाम पर झूठा दिखावा करती है

**भाजपा ने हर बार अपराधियों को संरक्षण दिया :** घोष ने कहा है कि सिर्फ यही नहीं बल्कि इससे पूर्व में भी हाथरस की घटना हो, उन्नाव का मामला हो या फिर भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के तात्कालीन अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह पर लगे महिला पहलवानों के साथ यौन शोषण के आरोप हों. इन सभी मामलों में देखने में आया कि भाजपा द्वारा इन आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के बजाय इन्हें संरक्षण दिया गया. पहलवान आंदोलन करने, अपने पुरस्कार और मेडल वापस करने के लिए मजबूर हैं. पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नारी वंदन का दम भरने वाली भाजपा सरकार इन घटनाओं पर न सिर्फ मौन है, बल्कि सीधे तौर पर भाजपा समर्थित इन अपराधियों व गुंडा तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने का काम कर रही है. इसका पुख्ता उदाहरण बिलकिस बानो केस है, जिसमें अपराधियों को जेल से रिहा कर भाजपा के नेताओं द्वारा उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया.

**देश में दो ढंग के कानून बन गए हैं**

घोष ने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि देश में दो ढंग के कानून बन गए हैं. एक भाजपा समर्थित विभिन्न मामलों के आरोपियों को बचाने वाला कानून और दूसरी तरफ भाजपा द्वारा किए जा रहे इन घिनौने कृत्यों के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को दोषी बनाकर उन्हें डराने, धमकाने व सजा दिलाने वाला कानून. महिलाओं-बच्चियों पर बढ़ रहे अपराधों व इनके कारणों पर रोक लगाने की बजाय अपराधियों को संरक्षण देना महिलाओं के प्रति भाजपा सरकार की मानसिकता को उजागर करता है.

**आओ जानें**

### द्वितीय पीढ़ी के कम्प्यूटर की विशेषताएं

- द्वितीय पीढ़ी के कम्प्यूटर का समय अवधि लगभग 1955 से 1965 तक माना जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में मुख्य प्रोसेसिंग यूनिट के रूप में ट्रांजिस्टर का इस्तेमाल होता था.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में असेंबली भाषा का प्रयोग किया जाता था.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में बैच ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ साथ मल्टी प्रोग्रामिंग ऑपरेटिंग सिस्टम का भी उपयोग किया जाता है.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में स्टोरेज के लिए मैग्नेटिक टेप का उपयोग किया जाता था.
- उदाहरण – Honey well 200



## आदिवासी समाज को पूरी तरह से नशामुक्त बनाने पर जोर दिया गया

# 121वीं जयंती पर याद किये गये मरांग गोमके जयपाल

संवाददाता। चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत नारगाटांड़ जयपाल सिंह मुंडा खेल मैदान में बुधवार को मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 121वीं जयंती मनाई गई. इस अवसर पर झारखंड आंदोलन के पुरोधा, महान हॉकी खिलाड़ी और प्रखर राजनीतिज्ञ मरांग गोमके को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. अखिल भारतीय आदिवासी भूमिज मुंडा कल्याण समिति नीमडीह इकाई की ओर से आयोजित जयंती समारोह में सुबह उनकी प्रतिमा के समक्ष आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना का गई. इसके बाद अतिथियों ने बारी-बारी से प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. श्रद्धांजलि सभा के बाद परिचर्चा का आयोजन किया गया. इस दौरान वक्ताओं ने समाज में नशाबंदी और भावी पीढ़ी के लिए उच्च शिक्षित समाज निर्माण पर जोर दिया.

**जागरूक होकर काम करने की जरूरत :** जयंती समारोह के संबोधित करते हुए मानिक सिंह सरदार ने कहा कि मरांग गोमके के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए क्षेत्र के लोगों को अपने हक व अधिकार के प्रति जागरूक होकर गांव व समाज के विकास के लिए कार्य करने की आवश्यकता है. इस अवसर पर आयोजित मुंडारी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा. इसके पूर्व मंगलवार को मरांग गोमके की स्मृति में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. जयंती समारोह की अध्यक्षता जयराम सिंह सरदार ने किया, जबकि संचालन निरंजन सिंह ने किया. इस अवसर पर सुधीर किस्कू, कुसुम कमल सिंह, जयदेव सिंत पातर, दुलाल सिंह, असित पातर, विश्वनाथ सिंह, दिगंबर सिंह, श्यामल सिंह, हरेकृष्ण सिंह, अरूण सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.



**सच्ची श्रद्धांजलि**
- आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना की गई
- श्रद्धांजलि के बाद परिचर्चा का आयोजन किया गया



**जयपाल सिंह मुंडा सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत**

जयंती समारोह को संबोधित करते हुए झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम ने कहा कि मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा भारतियों, आदिवासियों और झारखंड आंदोलन के एक सर्वोच्च नेता और जाने-माने राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक, संपादक, शिक्षाविद और 1925 में आक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पाने वाले एक मात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे. वे सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं. मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता कपूर बागी ने कहा कि महान नेता, स्वप्नद्रष्टा आदिवासी लेखक, खिलाड़ी, कुशल संगठक, वैचारिक सिद्धांतकार के रूप में मारांग गोमके का योगदान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है. जयपाल सिंह मुंडा ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर अमिट छाप छोड़ी और संपूर्ण आदिवासियों का नेतृत्व किया.

## जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीणों का जीना हुआ मुहाल

# सीमा गांव में हाथी ने तोड़ा मकान

संवाददाता। चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों के उत्पात से लोगों का जीना मुहाल हो गया है. रोज जंगली हाथी अनुमंडल क्षेत्र के किसी ना किसी गांव में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. ऐसे में लोग अब भय के माहौल में जीवन गुजार रहे हैं. मंगलवार की रात भी जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. इस दौरान जंगली हाथी ने नीमडीह प्रखंड के सीमा गांव में रवि महतो के खपरैल मकान की दीवार को तोड़ दिया. हाथी ने मकान के जिस दीवार को तोड़ा उस दीवार के पार एक महिला समेत चार बच्चे सो रहे थे. बताया गया कि रवि महतो के घर के आंगन में कपड़ा सूखाने के लिए तार लगा रखा है. आंगन में तार रहने के कारण हाथी अधिक नुकसान नहीं कर सका और सभी की जान बच गई.



**दूसरे कमरे में भागकर महिला ने बचाई जान**

जब हाथी मकान के दीवार को तोड़ रहा था उस वक्त उक्त कमरे में 35 वर्षीय ममता महतो, 16 वर्षीय कलावती महतो, 13 वर्षीय मालावती महतो, आठ वर्ष के देवरशीष महतो और छह वर्ष के सूरज महतो सो रहे थे. हाथी के हमले के वक्त महिला ने चार बच्चों के साथ किसी तरह भागकर दूसरे कमरे में पहुंची और जान बचाई. इसके बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है. ऐसी घटनाओं में निमडीह थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीणों की नींद हराम कर दिया है. दिन में जंगली क्षेत्र में रहने के बाद गजराजों का झुंड शाम ढलते ही जंगल से उतर कर गांव में प्रवेश कर रहे है. आबादी वाले क्षेत्र में जाकर हाथियों का झुंड खेत-खलिहान में रखे अनाज व सब्जी को अपना निवाला बना रहा हैं. ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की अनदेखी के कारण हाथियों का झुंड जंगल से बाहर निकलकर आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच रहे हैं.

### जलमीनार बंद, ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बरहागाड़िया पंचायत अंतर्गत भालुकखुलिया गांव में विगत छह महीने से बंद पड़े जलमीनर से ग्रामीणों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है. ग्रामीणों का कहना है कि बंद पड़े जलमीनर के कारण दूर अवस्थित दूसरे टोले से पेयजल लाना पड़ता है. जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. वहीं, जलमीनर के बारे में विभागीय अधिकारी से लेकर पंचायत प्रतिनिधि तक लोगों ने लिखित आवेदन कई बार दे चुके हैं फिर भी कोई पहल नहीं होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है.

### अक्षत व पत्रक वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे भाजमो कार्यकर्ता

**जमशेदपुर।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का आगाज हो गया है. देशभर के पांच लाख से अधिक गांवों और चार हजार से अधिक शहरी इलाकों में अक्षत वितरण के लिए विभिन्न संगठनों के करीब चार लाख से अधिक कार्यकर्ता राम का निमंत्रण देने घर-घर जाएंगे.

**Tender invited for sale/auction of 09 (nine) No of old school Buses above 15 years old.**

Tenders are invited from authentic persons/dealer/agency' for sale/auction of 09 (Nine) 15/20 years old school buses. Tenders should be submitted by hand to the O/o the Principal, DAV Public School, Koyla Nagar, Dhanbad (JH) in a sealed envelop in the letter head and typed format duly signed with seal/stamp.Contact details and phone numbers must be noted on the envelop for notification. An A/C payee DD for Rs. 1,25000/- (One lakh twenty-five thousand) in favour of "Principal DAV public School, Koyla nagar (Pupil Fund A/c)" must be enclosed with the Tender. The Tenders of the lowest bidders will be rejected automatically and the cheque/DD/amount will be refunded if not get/awarded the tender. The Cheque/DD/amout will be adjusted with final payment of the highest bidder(s) who will award the Tender Amount of Security will be forfeted if the highest bidder denies to purchase the buses. No partial deal will be allowed. The Staff Members and their blood relatives are not entitled to submit the Tender. **All the School buses must be disposed after hand over by the school management as the registrations have been already cancelled by the competent authority. No buses are allowed to ply on road in any condition.** Last date of submission of tenders is 06" January"2024 upto 2.00 P.M. No Tenders) will be received after 2.00 P.M. on after the due date, Physical verification may be done by the interested person/dealer/agency in the school campus with the permission of the Principal during school time. (9.00a.m. to 3.00 p-m.). Minimum amount of the Tender is Rs. 1,80,000/- (One Lakh Eighty thousand) for each Bus (for 50 seaters -08 Buses) and Rs. 1,00,000/- (One lac) for 32-scater-01 Bus. Tenders/Quotations will be opened on 06" January"2024 at 2.30 p.m. before the Sub-Committee of the school, Result/decision will be displayed through the school website/ Notice Board. Decision of the Sub-Committee will be treated as final.

(N. N. Srivastava)
Principal cum ARO

## चार दिवसीय डोनेशन ड्राइव 'तपिश' की शुरुआत की गयी



संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के बिष्टुपुर कैम्पस में बुधवार को यूनिवर्सिटी के एनएसएस विंग तथा रेडियो धूम के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय डोनेशन ड्राईव 'तपिश' की शुरुआत की गई. इसके अन्तर्गत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्राओं से वस्त्र दान करने का आग्रह किया गया.

यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया कि एकत्र किये गए सभी वस्त्र ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे जायेंगे. कार्यक्रम की शुरुआत यूनिवर्सिटी की छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडबल्यू) डॉ किश्वर आरा ने की. कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी की एनएसएस संयोजक डॉ ग्लोरिया पूर्ति व छगन लाल अग्रवाल, डॉ सुनिता कुमारी तथा एनएसएस की सभी छात्राओं की सराहनीय भूमिका रही.

## आदित्यपुर के छह युवकों की मौत से मर्माहत है काली पूजा कमेटी

# एमआईजी काली पूजा कमेटी ने की लिट्टी पार्टी स्थगित

संवाददाता । आदित्यपुर

एमआईजी काली पूजा कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, चेयरमैन समरेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि कमेटी द्वारा 7 जनवरी को लिट्टी पार्टी का आयोजन स्थगित कर दिया है. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा थे. इस लिट्टी पार्टी को एक जनवरी के हादसे की वजह से स्थगित कर दिया गया है. इस कार्यक्रम के लिए 1000 कार्ड बांटे गए थे. इस कार्यक्रम में धनबाद सांसद पीएन सिंह, पटना से अमरेंद्र प्रताप सिंह, विधायक बिरंची नारायण, पूर्व सांसद रविंद्र राय, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश,



सांसद विद्युत महतो आदि आने वाले थे. आदित्यपुर के छह युवकों की मौत से समूचा आदित्यपुर मर्माहत है. ऐसे में कमेटी ने तत्काल सभी प्रकार के आयोजन को स्थगित कर दिया गया है. कमेटी आदित्यपुर की एक सामाजिक संस्था भी है. हमने कोरोना काल में भी 85 क्विंटल चावल वितरण किया था. अपने कोषाध्यक्ष की मृत्यु के उपरांत आज तक उनके बच्चों को पढ़ा रही है. एक जनवरी की घटना से कमेटी अत्यंत दुखी है. हमलोग सभी परिवारों से जाकर मिलेंगे.

## सराहनीय | एक महिलाएं दूसरी महिलाओं को भी स्वरोजगार की ओर उन्मुख कर रही हैं

# इंटक की पहल रंग लाई, महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

संवाददाता । आदित्यपुर

इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय के निर्देश पर सरायकेला खरसावां जिला कमेटी ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ रही है. पिछले दिनों से इंटक के कार्यकर्ता गम्हरिया प्रखंड के बड़ा कांकडा गांव में बैठक कर महिलाओं को संगठित कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की पहल शुरू की है. अब बड़ा कांकडा गांव की 16 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए उन्हें रोजगारोन्मुख बनाया जा रहा है. महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं. ये महिलाएं दूसरी महिलाओं को भी खुद से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार की ओर उन्मुख कर रही है. स्वरोजगार



से जुड़ रही महिलाएं ड्राई फ्रूट्स की कटाई कर पैकेजिंग का काम कर रही हैं. वहीं, मसालों की पिसाई कर भी पैकेजिंग कर बाजार तक पहुंचा रही हैं.

**गांव-गांव में कमेटी बनाकर स्वरोजगार से जुड़ रही महिलाएं :** इस कार्य में इंटक नेत्री अष्टमी राय ग्रामीण महिलाओं को सहयोग कर रही हैं. वह क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार मुहैया कराने के लिए गांव-गांव में कमेटी गठित कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ रही हैं. जिस का असर अब दिखने लगा है. इस कार्य मे बड़ाकांकड़ा पंचायत के मधुपुर गांव की महिलाओं ने अपने घरों से कार्य करना शुरू कर दिया है. सभी महिलाओं को इंटक के नेता और कार्यकर्ता मोटिवेट कर रहे हैं. इस नेक कार्य से आसपास के लोगों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने लगा है. रोजगारोन्मुख महिलाएं प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय का धन्यवाद कर रही हैं.

**अच्छी पहल**
- ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है
- महिलाएं ड्राई फ्रूट्स की कटाई कर पैकेजिंग कर रही हैं

### स्टेशन सलाहकार की पुरानी समिति दिसंबर तक रहेगी प्रभावी

**जमशेदपुर।** टाटानगर स्टेशन रेलवे सलाहाकार समिति सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दिया गया है. रेलवे ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. इससे पूर्व रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ाया गया था. रेलवे बोर्ड से जारी आदेश के अनुसार सलाहकार समिति का कार्यकाल 31 दिसंबर 2023 तक था जिसे 30 जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था. अब इसमें और छह माह का विस्तार किया गया है. इससे टाटानगर स्टेशन व चक्रधरपुर मंडल मुख्यालय से कार्यकाल बढ़ने का पत्र सदस्यों को भेजा जा रहा है.

**F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल**
में आपका स्वागत और अभिनंदन!



आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल ओर रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

FLIGHT TICKETS
CRUISE BOOKING
HOTEL BOOKING
TRAIN TICKET
TAXI SERVICE
CURRENCY EXCHANGE
HOLIDAY PACKAGES
GROUP BOOKINGS
E VISA SERVICE
INTERNATIONALTOUR PACKAGES



BOOKING
Call 8527271652-ved

▼ ब्रीफ खबरें

### दो दिनों से लापता युवक का शव बरामद

**टंडवा (चतरा)।** दो दिनों पूर्व सोमवार देर शाम को अपने गांव से लापता हुए थाना क्षेत्र के गोडवार निवासी 20 वर्षीय विनय उर्फ जागो भुईयां नामक युवक का शव बुधवार सुबह कुएं में तैरता हुआ स्थानीय पुलिस ने बरामद किया. जिसको अपने कब्जे में लेकर अंतपरीक्षण के लिए चतरा भेज दिया. वहीं, संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस गहन पूछताछ कर रही है. परिजनों द्वारा थाना को दिये आवेदन में हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त किया है. पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आलोक में मामला दर्ज कर घटना के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान किया जा रहा है.

### कुएं से युवक का शव बरामद, मचा हड़कंप

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के भठौली गांव में बुधवार को पुलिस ने एक कुएं से युवक का शव बरामद किया है. जिसकी पहचान भठौली गांव निवासी जीतू रौतिया, पिता कुंदरा रौतिया के रूप में हुई है. घटना के संबंध में मृतक के पिता कुंदरा रौतिया ने बताया कि मंगलवार को मेरा बेटा अपने बारी में स्थित कुएं में नहाने गया था, जिसके बाद से वह घर नहीं लौटा था. बाद में हमलोगों ने उसकी काफी खोजबीन की, उसी दौरान शक के आधार पर हमलोग कुएं में झागर डालकर देखा तो पता चला कि कुएं में डूबने से उसकी मौत हो गई है. इधर, घटना की सूचना मिलते ही रामपुर मुखिया दीपक खलखो एवं चैनपुर थाना के एसएसआई मदन शर्मा अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली.

### दुष्कर्म में शामिल चार आरोपी गिरफ्तार

**दुमका।** शहर के बांधपाड़ा में एक जनवरी की रात एक लॉज में पिकनिक मनाने के क्रम में 33 साल की आदिवासी युवती की हत्या मामले में नगर थाना पुलिस मुख्य हत्यारोपी सहित चार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस ने मंगलवार की दोपहर काठीकुंड की रहने वाली युवती का शव बरामद किया था. बुधवार को युवती की मां के बयान पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज करते हुए मुख्य आरोपित श्रीरामपाड़ा के फूल विक्रेता मो अख्तर उर्फ चीकू, बांधपाड़ा के राजेश केशरी, शिवपहाड़ के अपूर्वा साह और कुमारपाड़ा के कैप्टन प्रभाकर प्रसाद को जेल भेज दिया है. मेडिकल कालेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है.

### मृत बहनों के परिजन को नहीं मिला मुआवजा

**पलामू।** मध्याह्न भोजन के गर्म माड़ से झुलसकर मृत बहनों के माता-पिता को दो माह बाद भी मुआवजा राशि नहीं मिल पायी है. परेशान होकर पिता परमेश्वरी साव ने बुधवार को उपायुक्त के जनता दरबार में मुआवजा राशि भुगतान की गुहार लगायी. परमेश्वरी साव ने उपायुक्त को बताया कि अपनी मृत दो पुत्रियों के एवज में सरकार द्वारा मुआवजा राशि जारी की गयी थी, लेकिन भुगतान नहीं हो पाया. पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के छेचानी मध्य विद्यालय परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की दो बच्चियां यूटी कुमारी और शिबू कुमारी स्कूल में बने मध्याहन भोजन के गर्म माड़ में गिर गई थी. 24 नवंबर 2022 को खेलने के दौरान हादसा यह हुआ था. रांची रिम्स में इलाज के दौरान सात दिसंबर को 24 घंटे के भीतर दोनों की मौत हो गयी थी. इस मामले में छह नवंबर 2023 को आदेश दिया गया था.

### ट्रेन से गिरकर 50 वर्षीय वृद्ध घायल

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा रेलवे स्टेशन में बुधवार रात 8:00 बजे गुवा बिरसानगर टू के रहने वाले 50 वर्षीय वृद्ध राम सिंह सिरका टाटानगर जाने के लिए गुवा रेलवे स्टेशन जैसे ही पहुंचा, ट्रेन खुल गई और वह चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा. परंतु वह ट्रेन में नहीं चढ़ पाया और वहीं प्लेटफार्म पर गिर पड़ा. उसकी किस्मत अच्छी रही कि वह पटरी के नीचे नहीं गिरा. नहीं तो उसकी मौत हो सकती थी. प्लेटफार्म पर गिरने से उसके चेहरे माथे एवं नाक में गंभीर चोटें लगी है. तुरंत ही रेलवे के कर्मचारियों ने उसे गुवा सेल अस्पताल में भर्ती कराया. उसके बाद उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है.

**आरपीएफ को मिली कामयाबी : धनबाद स्टेशन पर शराब तस्करी का भंडाफोड़**

# ट्रेन से शराब की खेप पटना ले जा रहे युवक गिरफ्तार

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों व जवानों ने धनबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर संख्या दो पर छापेमारी कर शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है.

गंगा-दामोदर से शराब की खेप पटना ले जाने से पहले पटना का युवक अजय कुमार प्लेटफॉर्म से पकड़ा गया. उसके पास से आरपीएफ ने थैले में भरे 10 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है. जिसमें ब्लेंडर प्राइड प्रीमियम व्हिस्की, रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की और मैजिक मोमेंट वोदका है. जिसकी कीमत 8020 रुपये है. आरपीएफ सूत्रों के अनुसार बिहार में एक अप्रैल 2016 से शराब बंदी है. अवैध शराब कारोबारी धनबाद समेत अन्य जिलों व बिहार से सटे राज्यों से ट्रेन, बस व अन्य गाड़ियों से शराब की खेप ले जाकर चोरी-छिपे तीन व चार गुना कीमत पर बेचते हैं. बिहार के विभिन्न जिलों के शराब के शौकीन अधिक कीमत देकर खरीदते हैं.

पहले भी कई बार धनबाद स्टेशन पर ट्रेनों व प्लेटफॉर्म से शराब तस्कर पकड़े जा चुके हैं.



**आओ जानें**

### सुसाइड करनेवालों में महाराष्ट्र अव्वल

| | | | |
|---|---|---|---|
| मणिपुर | : 49 | तेलंगाना | : 10171 |
| हरियाणा | : 3692 | गोवा | : 321 |
| उत्तराखंड | : 717 | कर्नाटक | : 13056 |
| दिल्ली | : 2840 | आंध्रप्रदेश | : 8067 |
| उत्तरप्रदेश | : 5932 | केरल | : 9549 |
| बिहार | : 827 | तमिलनाडु | : 18925 |
| सिक्किम | : 268 | लद्दाख | : 11 |
| असम | : 3262 | जम्मू कश्मीर | : 247 |
| मिजोरम | : 99 | हिमाचल प्रदेश | : 889 |
| छत्तीसगढ़ | : 7828 | पंजाब | : 2600 |
| ओडिशा | : 5651 | अरुणाचल प्रदेश | : 160 |
| त्रिपुरा | : 771 | गुजरात | : 8789 |
| महाराष्ट्र | : 22207 | मध्यप्रदेश | : 14965 |

**गोड्डा कॉलेज के हरिजन छात्रावास में हुई घटना**

# छात्रावास की छत से झूलती मिली छात्र की लाश, हड़कंप

**संवाददाता। गोड्डा**

स्नातक अंतिम वर्ष की पढ़ाई रहे छात्र अमरकांत कुमार की छात्रावास के छत से लटकती हुई शव को बरामद किया गया है. घटना गोड्डा कॉलेज के हरिजन छात्रावास (एससी हॉस्टल) की है. बुधवार की सुबह गोड्डा नगर पुलिस पुलिस को यह सूचना मिली कि छात्रावास के एक कमरे में छात्र की लाश छत से लटकी हुई देखी गई है. इस सूचना पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को छत से नीचे उतारा जिसकी पहचान पौरेयाहाट थाना अंतर्गत ग्राम सरवा निवासी अमरकांत कुमार, पिता श्रीकांत दास के रूप में की गई. पुलिस ने लाश को उतारकर तत्काल पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया. घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि अमरकांत घर का बड़ा बेटा था. जो गोड्डा कॉलेज के एससी छात्रावास में रहकर बीए अंतिम वर्ष की तैयारी कर रहा था. घटना के एक दिन पूर्व गांव पर ही था. घटना की संध्या वह घर से वापस हॉस्टल आ गया था और रात्रि यह घटना हो गई. दूसरे दिन सुबह उसकी लाश फंदे से झूलते हुए मिली.

मृतक के पिता ने बताया कि बेटा घर पर बिल्कुल शांत था. ऐसी कोई बात नहीं थी जिससे यह पता चलता कि वह विचलित था या ऐसी कोई हरकतें भी नहीं कर रहा था. मृतक के पिता श्रीकांत दास के अनुसार उसके बेटा के फूलपैंट के पीछे चूना का निशान था जो घसीटने जैसा लग रहा था. साथ ही उसके चप्पल एकदम करीने से रखे थे. जो यह बताता है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है. उसने छात्रावास के ही अन्य सहपाठियों पर हत्या कर देने का अंदेशा जताया है. मृतक बीए अंतिम वर्ष का छात्र था जो गोड्डा में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ ट्यूशन भी करता था. कपड़ा दुकान में पार्ट टाइम जॉब भी करता था ताकि उसकी पढ़ाई खर्च पूरी हो सके. पिता के अनुसार उनका बेटा मेधावी छात्र था आगे कुछ करना चाहता था मगर ऊपर वाले को यह मंजूर नहीं था. उसकी समय से पूर्व जीवन लीला समाप्त हो गई. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्यवाही के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की प्रतीक्षा कर रही है.



**खास बातें**

- परिजनों ने लगाया छात्रों पर हत्या करने का आरोप
- मृतक की पहचान अमरकांत कुमार के रूप में हुई है

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र स्थित निंगनी गांव के एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है. ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए लोहरदगा-पेशरार मुख्य पथ को निंगनी बैंक ऑफ इंडिया शाखा के समीप जाम कर दिया. जिसके बाद सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस सतर्क हो, त्वरित कार्रवाई में जुट गई. सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल उरांव और सदर सीओ आशुतोष कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया. स्थानीय लोगों के अनुसार निंगनी गांव के रहने वाले देवेंद्र उरांव उर्फ टहरु उरांव जो अंतिम संस्कार से वापस लौट रहे थे. इसी दौरान सदर थाना क्षेत्र के लोहरदगा पेशरार मुख्य पथ पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने देवेंद्र उरांव को टक्कर मार दी. जिससे देवेंद्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां से इलाज के बाद उन्हें रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया. जहां इलाज के दौरान देवेंद्र की मौत हो गई.

### पोल से टकरायी कार चालक की हालत गंभीर

**बोकारो।** जरीडीह थाना क्षेत्र के बहादुरपुर के पास बुधवार सुबह करीब 9 बजे एक कार बिजली पोल से टकरा गयी. इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं, कार के भी परखच्चे उड़ गये. सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और चालक को गंभीर हालत में सदर अस्पताल बोकारो भेजा. जहां उसका इलाज चल रहा है. खबर लिखे जाने तक कार चालक की पहचान नहीं हो पायी है. रांची से बोकारो आ रही थी कार : घटना के संबंध में बताया जाता है कि हुंडई सेंट्रो कार रांची से बोकारो जा रही थी. इसी दौरान बहादुरपुर से लगभग 500 मीटर दूर बकसपूरा में एक पेट्रोल पंप के पास कार बिजली की पोल से टकरा गयी. इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसके सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगी है. घटना के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी.

# मूक बधिर युवती के साथ दुष्कर्म की आशंका, युवक से पूछताछ

**संवाददाता। चंदवा (लातेहार)**

चंदवा माल्हन मैक्लुस्कीगंज मुख्य पथ पर डोड़का पुल के नजदीक कुछ युवक और एक युवती संदिग्ध अवस्था में देखे गये. युवकों के संग युवती की स्थिति अच्छी नहीं लग रही थी. युवती के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है. उसके कपड़े कई जगहों से फटे हुए थे, यह देख जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित ने पूछताछ कर जानकारी लेनी चाही. इस पर युवक उनसे बदतमीजी पर उतर आया. घटना के बाद जिप सदस्य रोहित ने चंदवा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी.

चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस को देखते ही कुछ युवक फरार हो गये. घटनास्थल से पुलिस ने एक युवक, मूक बधिर युवती और एक बाइक को थाना ले आयी. बोल नहीं पाने के कारण युवती कहां की रहने वाली है, ये पता नहीं चल पाया. वहीं, बारियातू निवासी युवक ने बताया कि वह मखमंदरो मांडर निवासी है और मखमंदरो से हुटाप शादी में आया हुआ है.



# आयरन लदा ट्रक पेड़ से टकराया

**संवाददाता। जमशेदपुर**

परसुडीह थाना अंतर्गत लोको मोड़ के निकट टाटा-हाता रोड में एक तेज रफ्तार ट्रक बीच सड़क पर लगे एक पेड़ से टकरा गया. दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया. घटना मंगलवार रात लगभग 2 से 2.30 बजे के बीच की है. ट्रक में आयरन और लोड है. बुधवार की सुबह जानकारी मिलने पर ओडिशा में रहने वाले ट्रक के ऑनर घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक को हटवाने की प्रक्रिया में जुट गए. हालांकि बुधवार दोपहर 1 बजे तक पुलिस द्वारा ट्रक को बीच सड़क से हटाने की कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी. इस कारण से वहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.



**बीच सड़क पर पेड़ दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण**

लोको मोड़ के निकट बीच सड़क पर लगा विशालकाय पेड़ की वजह से अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी है. अक्सर भारी वाहन रात के समय इस पेड़ से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं. यहां न तो कोई साइन बोर्ड लगा है और न ही रेडियम. सड़क में लाइट की भी व्यवस्था नहीं है. इस पेड़ को हटाने के लिए कई समाजसेवियों और प्रबुद्ध लोगों ने पहल भी की पर कोई सुनवाई नहीं हुई. पिछले वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर हुई शांति समिति की बैठक में इस मुद्दे को उठाया गया था, तब प्रशासनिक पदाधिकारियों ने पेड़ को हटाने पर सहमती जताई थी. लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई.

# बोकारो रेंज के नये डीआईजी सुरेंद्र झा ने कार्यभार संभाला



**संवाददाता। रांची/बोकारो**

बोकारो रेंज के डीआईजी के रूप में सुरेंद्र कुमार झा ने बुधवार को योगदान दिया. डीआईजी का प्रभार लेने के बाद बोकारो एसपी प्रियदर्शी आलोक समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया. इस अवसर पर डीआईजी ने कहा कि बोकारो रेंज के जनता की सेवा का मौका मिला है. पुलिस का जो दायित्व है, उसका निर्वहन होगा. पुलिस और पब्लिक का संबंध अच्छा हो, इसके लिए कार्य करेंगे. ताकि भयमुक्त समाज का निर्माण हो सके. इसके लिए रेंज के सभी जिलों के पुलिस पदाधिकारी मिलकर कार्य करेंगे. लेकिन इसके लिए आम लोगों का सहयोग भी अपेक्षित है. स्वच्छ पुलिसिंग के साथ भयमुक्त समाज का निर्माण की दिशा में सकारात्मक प्रयास किया जायेगा.

### प्रिंस के गुर्गे मेजर ने व्यवसायी को दी धमकी

**संवाददाता। धनबाद**

दुबई में बैठ कर धनबाद के कारोबारियों को धमकी देने वाला कुख्यात प्रिंस खान ने एक बार फिर बुधवार को पुटकी थाना क्षेत्र के रहने वाले होटल व्यवसाई विक्की वर्मा को गैंगेस्टर प्रिंस के गुर्गे मेजर ने धमकी दी. मेजर ने मैसेज भेजकर विक्की वर्मा से 50 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की है, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है. भुक्तभोगी विक्की वर्मा ने पुटकी थाना में लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है. एक तरफ पुलिस प्रिंस के लिए काम करने वाले गुर्गे को चिन्हित कर जेल भेज रही है, तो दूसरी तरफ मेजर के नाम पर व्यवसायियों को धमकी दी जा रही है.



**मधवाडीह में दुकान बंद करके घर लौट रहा था युवक**

# हादसे में बाइक सवार की मौत

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मधवाडीह में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. मृतक 28 वर्षीय टिंकू कुमार यादव, पिता नेमचंद यादव मधवाडीह का रहने वाला था. घटना मंगलवार की रात लगभग 10 बजे की बताई जाती है. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो छोटे पुत्र को छोड़ गये हैं. बुधवार को बेंगाबाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया.

मृतक के बड़े भाई मनोज कुमार यादव ने बताया कि उनका छोटा भाई टिंकू गिरीडीह-महेशमुण्डा रोड के किनारे मधवाडीह में किराना दुकान चलाता था. मंगलवार की रात दुकान बंद करके वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था. इसी दौरान मुख्य मार्ग से लगभग 100 मीटर की दूरी पर गांव आने वाली पीसीसी सड़क में वह बाइक के साथ गिरा हुआ पाया गया. उन्होंने संदेह जाहिर करते हुए कहा कि किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया होगा. जिस कारण यह घटना घटी है. उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात 9.45 में फोन कर भाई को घर लौटने की बात बतायी थी. जिसके बाद 10 बजे के करीब एक व्यक्ति ने फोन पर बताया कि सड़क किनारे बाइक के साथ कोई गिरा हुआ है.

सूचना पाकर वह फौरन घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा कि उनका छोटा भाई गिरा पड़ा था. जिसके बाद परिजन उसे लेकर इलाज के लिए गिरिडीह लेकर गए. जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना बुधवार की सुबह बेंगाबाद पुलिस को मिली. जिसके बाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लिया गया.



टिंकू कुमार यादव ( फाइल फोटो)

**खास बातें**

- घटना मंगलवार की रात की, परिजन का हाल बेहाल
- मृतक अपने पीछे पत्नी के अलवा दो पुत्र छोड़ गए हैं

### क्षेत्र में बंद नहीं हो रही हैं अवैध शराब भट्ठियां

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र इन दिनों अवैध महुआ शराब का हब बन गया है. पुलिस के वरीय अधिकारियों की लाख कोशिशों के बावजूद भी क्षेत्र में स्थायी रूप से अवैध देसी महुआ शराब का कारोबार बंद नहीं हो रहा है. महुआ शराब के कारोबारियों के लिए फिलहाल नीमडीह थाना क्षेत्र सेफ जोन में है. इसका मुख्य कारण कुछ रखवाले का ही शराब कारोबारियों का हितैषी बनना है. बताया जा रहा है कि नीमडीह थाना के कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा शराब के कारोबार को प्रत्यक्ष रूप से संरक्षण दिया जाता है. स्थानीय लोगों ने बताया कि नीमडीह थाना क्षेत्र के जुगीलोंग, पुरियारा, बनघर, लाकड़ी, तिलाईटांड़, मुरू, हेंसालोंग, बाड़ेदा आदि गांवों में अवैध महुआ शराब की चुलाई के लिए व्यापक पैमाने पर भट्ठियों का संचालन किया जा रहा है. अवैध कारोबार क्षेत्र में कुटीर उद्योग का रूप धारण कर लिया है. कारोबारियों रात में शराब पहुंचाते हैं.

**सफलता** | **जान बचाकर भागने के दौरान कुएं में गिर गया था युवक, मंगलवार को हुई थी घटना**

# कुएं में डुबो कर मारने के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता। गुमला**

चैनपुर थाना क्षेत्र के परहाटोली निवासी महेन्द्र रौतिया और अमित रौतिया पर जान लेवा हमला करने तथा जान बचाकर भागने के दौरान कुएं में गिर कर डूबने से हुई मौत मामले में मृतक महेन्द्र रौतिया के पिता सोहराई रौतिया के बयान पर चैनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मारपीट और कुएं में डूबने से मौत की घटना मंगलवार की है.

पुलिस ने मंगलवार को ही कांड दर्ज किया और सभी आरोपी क्रमशः मंगल आगस्टीन किंडो, अश्विन किंडो, प्रवीण किंडो, जीएस कुजूर, थॉमस टोप्पो, अनमोल तिग्गा को गिरफ्तार कर लिया गया है. सभी आरोपी केडेंग के रहने वाले हैं. पुलिस ने इनके पास से मोबाइल भी जब्त किया है. चैनपुर के पुलिस निरीक्षक बैजू उरांव ने चैनपुर थाना में प्रेस-कांफ्रेंस कर पूरी घटना की जानकारी दी. कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना दोष स्वीकार कर लिया है.



### स्कूटी सवार ने पेड़ में मारी टक्कर, गंभीर, रेफर

**गावां (गिरिडीह)।** गावां पावर सबस्टेशन के आगे एक स्कूटी सवार बच्चे ने पेड़ में टक्कर मार दी. घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया. बताया जाता है कि गावां निवासी प्रमोद स्वर्णकार का 14 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार अपने घर से पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था. इसी बीच पावर सबस्टेशन के 20 कदम आगे टर्निंग के पास एक पेड़ में टक्कर मार दी. इससे वह गंभीर होकर सड़क पर गिर गया. जिसके बाद उसे ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस के सहारे गावां अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर काजिम खान ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. जिसके बाद परिजन उसे रांची ले गये. डॉक्टरों की मानें तो उसके सिर पर गंभीर चोटें आई है.



# चाचा की हत्या के आरोपी भतीजे को किया गिरफ्तार

**संवाददाता। जामताड़ा**

करमाटांड़ थाना की पुलिस ने मंगलवार की देर रात देवघर जिले के सदानंदी गांव में छापेमारी कर चाचा की हत्या के आरोपी भतीजा रमेश पुजहर को गिरफ्तार कर लिया. यह जानकारी प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर ने बुधवार को जामताड़ा साइबर थाना में प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी बिरजू साव के नेतृत्व में टीम गठित कर उसे गिरफ्तार किया गया. हत्या की वारदात के बाद आरोपी अपनी ससुराल सदानंदी गांव में छिपकर रह रहा था. रमेश पुजहर के विरुद्ध उसकी चाची मुनकी देवी के बयान पर 27 दिसंबर को करमाटांड़ थाना में हत्या की नामजद एफआईआर दर्ज की गई थी. दर्ज एफआईआर के अनुसार, 26 दिसंबर की शाम मुनकी देवी की बकरी रमेश पुजहर के खेत में लगी फसल चर गई थी. इस पर आरोपी भतीजा और चाची में बकझक हुई थी. बीच-बचाव करने पहुंचे चाचा धरम पुजहर के सिर पर भतीजा रमेश पुजहर ने ईंट से वार कर दिया. वह ईंट से चाचा के सिर पर तब तक प्रहार करता रहा,जब तक उनकी मौत नहीं हो गई. मौत के बाद आरोपी अपने परिवार के साथ गांव से फरार हो गया.

**खास बातें**

- ससुराल में छिपकर रह रहा था चाचा का आरोपी भतीजा
- 27 दिसंबर को करमाटांड़ थाने में केस दर्ज हुआ था



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** मौसमी बीमारियों से परेशानी हो सकती है. ऋण लेने से बचें. दौड़धूप अधिक रहेगी. बुरी खबर मिल सकती है. वाणी पर नियंत्रण रखें. दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं. समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी. राजकीय सहयोग मिलेगा.

**वृषभ** शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. प्रेम में धोखा मिल सकता है. कार्य की प्रशंसा होगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे. विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. व्यापार अच्छा चलेगा.

**मिथुन** अपने सगे संबंधियों से मुलाकात होगी. उत्साह-वर्धक सूचना मिलेगी. स्वाभिमान बना रहेगा. नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे. स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें. रुका धन मिलेगा. व्यापार में नए अनुबंध होंगे.

**कर्क** समय उत्तम है. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. जोखिम न उठाएं. प्रसन्नता रहेगी. धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी. आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है. व्ययों में कमी करनी चाहिए.

**सिंह** शारीरिक कष्ट संभव है. दूसरों पर अतिविश्वास न करें. वस्तुएं संभालकर रखें. आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी. स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी. व्यापार अच्छा चलेगा.

**कन्या** मानसिक सुख शांति मिलेगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. प्रसन्नता रहेगी. सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा. संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी.

**तुला** खर्च पर नियंत्रण आवश्यक है. समय अनुकूल है किसी खास कार्य का प्रयास करें. प्रसन्नता रहेगी. उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा. प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे.

**वृश्चिक** पूजा-पाठ में मन लगेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. निवेश शुभ रहेगा. प्रसन्नता रहेगी. अपनी वस्तुएं संभालकर रखें. जीवनसाथी से मतभेद. व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा. वाहन सावधानी से चलाएं. नयी वस्तु का आगमन होगा.

**धनु** पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. विवाद को बढ़ावा न दें. कुसंगति से हानि होगी. आय कम होगी. नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे. व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है. व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें.

**मकर** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. चिंता रहेगी. प्रमाद न करें. परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे. शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी. अधूरे पड़े काम पूरे होने के योग हैं.

**कुंभ** शत्रु परास्त होंगे. बेरोजगारी दूर होगी. यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे. व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें. आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी. संतान की शिक्षा संबंधी समस्या रह सकती है.

**मीन** व्यापार में लाभ की स्थिति बनी है. मेहनत की आवश्यकता है. प्रसन्नता बनी रहेगी. आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है. कार्य, व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा.

## आकाशवाणी रांची का दो दिवसीय सर्वभाषा कवि सम्मेलन आज से

**रांची।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकाशवाणी द्वारा विश्व का सबसे बड़ा सर्वभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में अंतर्गत आकाशवाणी रांची के तत्वावधान में 4 एवं 5 जनवरी को स्थानीय आर्यभट्ट सभागार में सर्वभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. इस कवि सम्मेलन के लिए देश के 22 भाषाओं के कवियों का चयन हुआ है, जिनकी कविताओं का हिंदी अनुवाद चयनित कवियों व कवयित्रियों द्वारा किया जाएगा. असमिया भाषा की अनुवादिका के रूप में दिल्ली की युवा कवयित्री एवं कुशल मंच संचालिका, वक्ता विभा राज वैभवी का चयन किया गया है. साथ ही दिल्ली के युवा कवि एवं मंच संचालक आशीष श्रीवास्तव का भी चयन कन्नड़ भाषा के अनुवादक के रूप में हुआ है.



## अवैध माइनिंग रोक लगाएं अधिकारी : डीसी



**पाकुड़।** पाकुड़ डीसी मृत्युंजय कुमार वर्णवाल ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में कोयला कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. उन्होंने अधिकारियों के साथ खनन कार्यों व परिवहन पर विस्तार से चर्चा की. अधिकारियों से दो टूक कहा कि अवैध खनन और ढुलाई पर रोक सुनिश्चित करें. इसमें तनिक भी ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कोयला कंनियों की समस्याओं की भी जानकारी ली. डीसी ने कोल कंपनियों के प्रतिनिधियों को गांवों में कौशल विकास के लिए किए गए सर्वे और चिह्नित गांवों की रिपोर्ट जल्द उपलब्ध कराने को कहा. साथ ही एसडीओ, डीटीओ व जिला खनन पदाधिकारी को औचक जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया. बैठक में अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, एसडीओ हरिवंश पंडित, डीटीओ संजय पीएम कुजूर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाइक व जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शमिल थे.

### सत्ता के गलियारों में अस्थिरता के कयासों के बीच भांपा जा रहा संख्या बल

# एक बार फिर हिचकोले मार रही है झारखंड की राजनीति

संवाददाता। रांची

झारखंड की राजनीति एक बार फिर से हिचकोले मार रही है. ऐसे में संख्या बल काफी मायने रखता है. सत्ता के गलियारों में चर्चा इस बात की भी हो रही है कि इस अस्थिरता के दौर में गठबंधन दलों की बैठक काफी अहम है. बताते चलें कि पांच सितंबर 2022 के दिन भी संख्या बल को भांपा गया था. उस समय भी हेमंत सरकार अस्थिरता के दौर से निकलने में सफल रही थी. उस समय भी सरकार ने एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें 48 विधायकों का साथ मिला था. चर्चा इस बात की भी है कि इस बार भी सीएम अपने आवास में बैठक बुला कर संख्या बल देखना चाहते हैं.

**ईडी की कार्रवाई से निपटने की तैयारी :** चर्चा इस बात की भी हो रही है कि यह बैठक ईडी की संभावित कार्रवाई से निपटने की रणनीति के लिए भी बुलाई गई है. इस बैठक को सत्तारूढ़ दल के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है. चर्चा भी की जा रही है कि गठबंधन के विधायकों की बैठक के बाद विपक्ष को यह संदेश दिया जा सकता है कि गठबंधन की सरकार मजबूती से खड़ी है. साथ ही बीजेपी को करारा जवाब देने के लिए भी तैयार है.

### सरयू राय के ट्वीट के मायने



इस बीच सरयू राय ने ट्वीट कर कहा है कि सरफराज जी के गांडेय विधायक पद से इस्तीफ़ा ने झारखंड की राजनीति में भूचाल ला दिया है. आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है. बेहतर होगा सरफराज जी इस्तीफे का राज खोलें, जनता को रहस्य बताएं कि इस्तीफा अंतरात्मा की आवाज पर है, राज्यहित, जनहित, दलहित में है या लोभ–लाभ के राजनीतिक दबाव में?

**गांडेय विधानसभा सीट खाली**

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग को भेजी सूचना

रांची। जेएमएम विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट खाली हो गयी है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने इसकी सूचना जारी आदेश की प्रतिलिपि के साथ भारत निर्वाचन आयोग को भेज दी है. अब चुनाव आयोग तय करेगा कि गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराया जायेगा या नहीं. इस संबंध में के. रवि कुमार ने बताया कि यह एक प्रक्रिया है. इसके तहत कोई भी विधानसभा सीट खाली होने पर भारत निर्वाचन आयोग को इसकी सूचना देनी होती है.

## गठबंधन की बैठक के बाद तय हो पाएगा कांग्रेस का नेक्स्ट लाइन : गुलाम अहमद

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि सत्तारूढ़ दल के विधायकों की बैठक के बाद ही आगे की रणनीति तय की जाएगी. बैठक में जो भी फैक्ट्स सामने आएंगे, उसके बाद नेक्स्ट लाइन क्या होगा, इससे आलाकमान को अवगत कराया जाएगा. मीर बुधवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि यह बैठक पांच दिन पहले से ही तय थी. हमारे साथ कई तजुर्बेकार सीनियर साथी हैं. पार्टी के सभी विधायक जमीन से जुड़े हैं. सत्तारूढ़ दल की बैठक में कांग्रेस के सभी विधायक शामिल होंगे. दो महिला विधायक दीपिका पांडेय और पूर्णिमा नीरज सिंह के अनुपस्थिति के सवाल पर कहा कि दीपिका पांडेय के पिता का निधन हो गया है, वहीं पूर्णिमा नीरज सिंह आउट ऑफ स्टेशन हैं. दोनों ने लिखित में यह जानकारी भी दी है. संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के नेतृत्व में कांग्रेस मजबूत होगी. आगामी चुनाव में भी परिणाम हमारे पक्ष में होगा.



**स्पीकर ने एक जनवरी को सरफराज के इस्तीफे को किया था स्वीकार**

बताते चलें कि गांडेय विधानसभा सीट से विधायक रहे सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर 2023 को इस्तीफा दिया था. स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने एक जनवरी 2024 को इस्तीफा मंजूर कर लिया था. जिसके बाद विधानसभा सचिवालय ने लेटर जारी किया था. इस खबर के आने के बाद झारखंड में सियासी तपिश तेज हो गयी है.

### एलबीएसएम कॉलेज : एकेडमिक काउंसिल मीटिंग में साल भर की कार्ययोजना तैयार

# हर शुक्रवार स्वास्थ्य परीक्षण साल में दो बार रोजगार मेला

संवाददाता। जमशेदपुर

नये वर्ष 2024 में जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में प्रत्येक शुक्रवार को छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच करने का निर्णय लिया गया है. यह विशेष कार्यक्रम निर्धारित दिवस को सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 तक चलेगा. इसका आयोजन रोटरी क्लब के सहयोग से किया जाएगा. वहीं छात्र-छात्राओं को रोजगार से जोड़ने के लिए, साल भर में कम से कम दो बार रोजगार मेला एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा. कॉलेज में बुधवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक में यह निर्णय लिया गया. इसके अलावा बैठक में अन्य निर्णय लेते हुए साल भर की कार्ययोजना तैयार की गई, ताकि कॉलेज में शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों का सामान्य रूप एवं समय से संचालन किया जा सके. बैठक की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने की. बैठक में कॉलेज की एकेडमिक काउंसिल के सभी सदस्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे.



**नियोजनालय में पंजीयन के लिए लगेगा कैंप**

कॉलेज की कार्ययोजना के तहत कॉलेज में अध्यनरत छात्र–छात्राओं को रोजगार नियोजनालय में निबंधन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी. इसके लिए कॉलेज में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस शिविर के माध्यम से छात्र–छात्राएं रोजगार नियोजनालय में अपना निबंधन कर सकेंगे.

**साल भर में कम से कम दो सेमेस्टर का पाठ्यक्रम होगा पूरा**

बैठक में पठन–पाठन को लेकर विशेष चर्चा हुई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने पाठ्यक्रम हर हाल में समय पर पूरा करने पर बल दिया. इसके साथ ही साल में कम से कम दो सेमेस्टर का पाठ्यक्रम पूरा करने का निर्णय लिया गया. डॉ. झा ने बताया कि इसकी कार्ययोजना बनाकर छात्र हित में कक्षाओं का संचालन किया जाएगा एवं पाठ्यक्रम पूरे किए जाएंगे.

बैठक में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने वार्षिक खेलकूद के आयोजन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की. साथ ही पांच दिन में वार्षिक खेलकूद की रूपरेखा, व्यय के ब्यौरे के साथ जमा करने का निर्देश दिया. बैठक में इस वर्ष कॉलेज के प्रत्येक विभाग में कम से कम पांच-पांच सेमिनार का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. इसमें कम से कम एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन भी अनिवार्य होगा. इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों को तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया गया. इसके साथ ही पिछले वर्ष आयोजित सेमिनारों से संबंधित सामग्री को पुस्तक का रूप देकर जमा करने का निर्णय लिया गया, ताकि उसे जल्द से जल्द प्रकाशित किया जा सके.

**आओ जानें**

## झारखंड के व्यंजन

- झारखंड की संस्कृति की विविधता का एक मुख्य कारक यहां के विभिन्न प्रकार के लजीज पकवान भी हैं.
- झारखंड का भोजन स्थानीय स्वादों और जनजातीय प्रभावों का एक आनंददायक मिश्रण है, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता और इसके प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता को दर्शाता है.
- साधारण स्वादिष्ट भोजन से लेकर विदेशी आदिवासी व्यंजनों तक, यहां की भोजन आदतें मुख्य रूप से स्थानीय रूप से उगाई गई सामग्रियों पर निर्भर हैं.
- चावल एक प्रमुख खाद्य पदार्थ है, इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की दालें, सब्जियां और मांस भी शामिल हैं.
- ठेकुआ, गेहूं के आटे और गुड़ से बना एक मीठा नाश्ता और मसालेदार आलू की सब्जी के साथ परोसी जाने वाली तली हुई चीज़ धुस्का लोकप्रिय व्यंजनों में से हैं.
- जनजातीय समुदायों की भोजन की भी विशिष्ट परंपराएं हैं, जिनमें खाने योग्य पत्तियों, फूलों और कंदों से बने व्यंजन शामिल हैं.
- ये पाक परंपराएं न केवल राज्य की सांस्कृतिक पहचान को उजागर करती हैं, बल्कि स्थानीय संसाधनों का स्थायी तरीके से उपयोग करने की सदियों पुरानी बुद्धिमत्ता को भी रेखांकित करती हैं.



### लापरवाही : अस्पताल में नहीं थे डॉक्टर, नर्स ने किया गर्भवती को भर्ती

# गर्भ में जुड़वां बच्चा, एक मरा रेफर के बाद मां की भी मौत

संवाददाता। पालकोट/ गुमला

पालकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की लापरवाही से एक शिशु और मां की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है. जबकि प्रसूता का एक बच्चा स्वस्थ्य है. इस घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है.जीवित शिशु के परवरिश को लेकर परिजन चिंतित हैं. घटना बुधवार की है. घटना के संदर्भ में पालकोट थाना क्षेत्र के अलंकेरा निवासी नेहरु लोहरा ने बताया कि उसकी पत्नी सुमित्रा देवी को प्रसव पीड़ा होने पर मंगलवार की देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पालकोट में भर्ती कराया.पत्नी को भर्ती कराए जाने के दौरान स्वास्थय केन्द्र में कोई भी डाक्टर मौजूद नहीं था. नर्स गर्भवती महिला को भर्ती कर इलाज प्रारंभ किया. तभी देर रात नर्सों द्वारा बताया कि सुमित्रा के गर्भ में जुड़वा बच्चा है. जिसमें एक शिशु की मौत हो गई है. इसके बावजूद रेफर करने के बजाय नर्स स्वास्थ्य केन्द्र में रखा. बुधवार को अहले सुबह स्थिति बिगड़ने के बाद सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया. सदर अस्पताल में सुमित्रा को भर्ती कर इलाज आरंभ किया गया. इसी बीच अज्ञानता के कारण परिवार के लोग सुमित्रा को सोए अवस्था में नाश्ता खिला दिया. जिसके कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई. अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा. सुमित्रा के शरीर में ब्लड की कमी हो गई. जिसके बाद प्रसव कराया गया. जिसमें एक स्वस्थ शिशु ने जन्म लिया जबकि मां सुमित्रा देवी की मौत हो गई. सुमित्रा के मौत के बाद परिजनों ने कहा कि समय पर केन्द्र में डाक्टर मौजूद होते तो मौत की घटना नहीं होती.

**खास बातें**

- सदर अस्पताल गुमला में मां की हुई मौत, एक बच्चा है स्वस्थ
- स्थिति नियंत्रण से बाहर होने के बाद किया सदर अस्पताल रेफर

## न्यूनतम मजदूरी दर के निर्धारण पर बैठक

**रांची।** गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स एवं अन्य सभी कामगारों को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम की अनुसूचि में शामिल करने पर विचार के लिए श्रमायुक्त झारखंड की अध्यक्षता में गठित कमेटी की बुधवार को बैठक हुई, जिसमें झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री मुख्य रूप से शामिल हुए. बैठक में जीआईजी (गिग) वर्कर्स व प्लेटफॉर्म वर्कर्स जैसे स्वीगी, जोमैटो में कार्यरत कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के साथ ही उनके न्यूनतम मजदूरी तय करने के लिए अनुसूची में शामिल करने के लिए विचार किये गये. चैंबर अध्यक्ष ने सुझाया कि दर के निर्धारण से पूर्व वर्कर्स को रोजगार देनेवाले लोगों का पक्ष भी जरूर सुना जाना चाहिए. अधिकारियों द्वारा पुनः इस बैठक का आयोजन कर अग्रतर कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया गया. मालूम हो कि उक्त कमेटी द्वारा इस विषय पर अपना प्रतिवेदन-मंतव्य तीन माह के अंदर झारखंड न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद् को समर्पित करना है.

# मरांग गोमके की जयंती मनायी गयी

संवाददाता। रांची

मुंडा सभा रांची की ओर से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 122वीं जयंती मनाई गई. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन तथा पूर्व रिजनल डायरेक्टर एसबीआई एनपी तोपनो शामिल थे. मुख्य अतिथि कुंवर सिंह पाहन ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जीवनी के विषय में कहा कि कैसे एक साधारण से गांव से निकलकर एक प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी तथा नेता बने. भारतीय हॉकी पुरुष टीम ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के अगवाई में1928 एमस्टरडम के ओलंपिक में पहला स्वर्ण पदक भारत को दिलाया और भारत का नाम विश्व में रोशन किया. उन्होंने कहा कि एक नेता के तौर पर उन्होंने झारखंड को अलग राज्य बनाने के लिए भी आंदोलन किया तथा अलग राज्य बनाने में उनकी अहम भूमिका रही.

मौके पर एसबीआई के पूर्व रिजनल डायरेक्टर एनपी तोपनो, डॉ तनूजा मुंडा, महासचिव बिल्कान डांग, प्रभु सहाय संगा, सोसन समद, पूर्व डीप टी कमाडेंट ज़ोसफ लुगुन , सुरसेन सूरीन ने भी अपने-अपने विचारों को रखा. प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद हुल्हुंडू हॉकी खेल मैदान में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की यादगार में हॉकी खेल का आयोजन किया गया. जिसमें मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एलेवेन बनाम अलबर्ट एक्का इलेवन के बीच में खेला गया, जिसमें मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा इलेवन ने अल्बर्ट एक्का इलेवन को 3-2 गोल से पराजित किया. मैच रेफरी के तौर पर दुलारि तोपनो और जेम्स पूर्ति थे. मौके पर मुंडा सभा के महासचिव बिलकन डांग, सोसन समद, प्रभु सहाय संगा, सुरसेन सुरीन, जॉन कंडुलना, फिलीप सोय , सोमरा होरो, जूनुल आइंद् , कोमाल टोपनों, सोहरई मुंडा, साई के पूर्व सीनियार कोच फूलकेरिया नाग, प्यारी पूर्ति पूर्व सहायक कमाडेंट सीआरपीएफ, पूर्व डिप्टी कमंडेंट जोसेफ लुगुन , जोन्सन कंडुलना, जागरनाथ मुंडु, बिनीत केरकेट्टा, कुशल केरकेट्टा आदि शामिल थे.



हुल्हूंडू हॉकी खेल मैदान में मॉजूद हॉकी के खिलाड़ी.

### छात्र आंदोलन कुलपति डॉ. अजीत सिन्हा के साथ आंदोलित छात्रों की वार्ता रही विफल

# रांची विवि के ईडीपीसी में सातवें दिन भी नहीं खुला ताला

संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से संबंधित ईडीपीसी कार्यालय में बुधवार को सातवें दिन भी तालाबंदी समाप्त नहीं हो सकी. यह तालाबंदी परीक्षा विभाग के सहयोगी के रूप में परीक्षा की व्यवस्था करनेवाली आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ को हटाने की मांग के समर्थन में विभिन्न छात्र संगठनों ने की है. इस संदर्भ में छात्र प्रतिनिधियों के साथ कुलपति डॉ. अजीत सिन्हा की वार्ता हुई, लेकिन सफल नहीं हो सकी. फलस्वरूप ईडीपीसी में तालाबंदी जारी रही.

उल्लेखनीय है कि आंदोलनकारी छात्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में मंगलवार को भी प्रदर्शन किया था तथा कुलपति का पुतला दहन भी किया था. आंदोलन के सातवें दिन रांची विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. मुकंद चंद्र मेहता आंदोलित छात्रों के पास जाकर वार्ता की पहल की, लेकिन छात्र प्रतिनिधियों ने उनसे वार्ता करने से इन्कार कर दिया और कुलपति को वार्ता के लिए बुलाने की मांग पर अड़ गये. दोपहर के बाद कुलपति डॉ. सिन्हा, कुलानुशासक डॉ. मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष झा और अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ. पीके झा वार्ता के निमित्त छात्रों के धरनास्थल पर पहुंचे. सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता प्रारंभ हुई और लगभग एक घंटे तक वार्ता चली, लेकिन वार्ता निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पायी. अंततः कुलपति डॉ. सिन्हा ने छात्र नेताओं को गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे वार्ता के लिए आमंत्रित किया.



**मुख्य मांगें**

- हाल में ली गई पीएचडी की प्रवेश परीक्षा रद्द की जाए
- कुलपति के विशेष कार्याधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए
- परीक्षा विभाग की आउटसोर्सिंग एजेंसी को अविलंब हटाया जाए

**यह है मामला**

रांची विश्वविद्यालय में पीएचडी की प्रवेश परीक्षा ली गयी. परीक्षा लेने के तीन दिनों बाद ही परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया गया. परीक्षा परिणाम में घोषित सीटों की तुलना में 68 प्रतिशत छात्र भी सफल नहीं हो सके. छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय पर यूजीसी के नियम का अनुपालन नहीं करने का आरोप लगाया तथा आउटसोर्सिंग कंपनी को तत्काल हटाने की मांग की, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हो पायी तो उन छात्रों ने 28 दिसंबर को मोरहाबादी स्थित इडीपीसी में ताला जड़ और धरना पर बैठ गये.

## कांग्रेस प्रभारी से मिला प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** मोमिन कांफ्रेंस का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मिला. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस अल्पसंख्यक के वरीय उपाध्यक्ष सह मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी ने किया. उन्होंने कहा कि झारखंड में आबादी के अनुसार मुसलमानों को राजनीति में भागीदारी भी नहीं मिली. साथ ही झारखंड में अल्पसंख्यकों के ज्वलंत मुद्दे साझा किये. उन्होंने बताया कि राज्य गठन के 23 साल हो गये, किंतु उर्दू अकादमी, मदरसा बोर्ड का गठन नहीं हुआ. जिला मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने कहा कि राज्य में बुनकरों की स्थिति दयनीय है. मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक बोकारो जिला सचिव सह मोमिन कांफ्रेंस के महासचिव एके सुल्तान शामिल थे.

# गरीबों की सेवा के लिए ही पुरोहित बने राजेश डुंगडुंग



संवाददता। रांची

दिल्ली प्रोविंस के डॉन बोस्को धर्म समाज के उपयाजक राजेश डुंगडुंग का पुरोहिताभिषेक ख्रीस्त ज्योति पारिश अघरमा में बुधवार को धूमधाम से संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डालटनगंज बिशप थियोडोर मस्कारेनहास थे.

बिशप मस्कारेनहास द्वारा ही उपयाजक राजेश का पुरोहिताभिषेक धर्मविधि के साथ किया गया. बिशप ने कहा कि पुरोहित का जीवन ईश्वर के द्वारा लोगों की सेवा करने के लिए होता है . इसलिए एक पुरोहित को अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए उनकी सेवा करने के लिए बनना है. उन्होंने कहा कि वह गरीबों की सेवा के लिए पुरोहित बने हैं. मिस्सा की शुरूवात में पल्ली पुरोहित फादर लीनो ने सभी मेहमानों एवं विश्वासियों का स्वागत किया और उपयाजक की जीवनी पढ़ी गई.

# ईडी की कार्रवाई और विधायक सरफराज के इस्तीफे के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज

## लोगों ने कहा– सीएम को ईडी की जांच में सहयोग करना चाहिए





# निर्दोष हैं फिर क्यों डरेंगे हेमंत

झारखंड में राजनीतिक संकट गहराने लगा है. ईडी की कार्रवाई में तेजी के बाद राज्य में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. पिछले दिन जेएमएम विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद से ही तरह तरह के कयास लगने शुरू हो गए हैं. बुधवार को ईडी ने सीएम के प्रेस सलाहकार के ठिकानों सहित कई अन्य ठिकानों पर दबिश दे दी हैं. इस बीच ईडी से निबटने के लिए सीएम भी तैयार हैं. साथ ही सरकार वैकल्पिक रास्ता भी तलाश रही है. सीएम हेमंत सोरेन ने उन अटकलों पर विराम लगा दिया है, जिसमें चर्चा थी कि कल्पना सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलाई जा सकती है. उन्होंने साफ कर दिया है कि कल्पना सोरेन चुनाव नहीं लड़ेंगी, यह सब भाजपा की सोच की उपज है. मालूम हो कि भूमि घोटले से जुड़े मामले में हेमंत सोरेन को ईडी सात बार समन भेज चुकी है. लेकिन ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं. इस मामले में वकील, नौकरी पेश लोग, बुद्धिजीवियों, प्रोफेसर-शिक्षक, समाजसेवियों तथा आम लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया आई है. जिससें कहा गया है कि अगर हेमंत सोरेन निर्दोष हैं तो उन्हें ईडी के समक्ष उपस्थित होने से परहेज नहीं करना चाहिए. उन्हें ईडी की जांच में सहयोग करना चाहिए. इसमें डरने की कोई बात ही नहीं है. वहीं बहुत से लोगों ने बेवजह विपक्षी दल के नेता राज्य सरकार को परेशान करने में लगे हैं. इस मामले में शुभम संदेश की टीम ने अलग -अलग जिलों के लोगों से बातचीत कर जानकारी हासिल की. पेश है रिपोर्ट...

### मुख्य बिंदु

- मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार सहित कई ठिकानों पर जांच एजेंसी ईडी की छापेमारी
- सरकार भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार
- कल्पना सोरेन चुनाव नहीं लड़ेंगी : सीएम

**हेमंत सोरेन ने कहा...**

**बाबा और मां के संघर्ष ने मुझे राज्यवासियों के लिए दिन-रात मेहनत कर उन्हें उनका हक और अधिकार दिलाने की प्रेरणा दी है, जो मैं अब तक करता रहा हूं. इसलिए राज्यवासियों के खुशहाल भविष्य और झारखंड की जड़ों को सशक्त करने के लिए हमें मिलजुल कर एकसाथ काम करने की जरूरत है.**

## धनबाद

### अगर डील हो गई और खिलाफ में वोट कर दिया तो सरकार गई : शिवांश श्रीवास्तव



झरिया पाथरडीह अजमेरा के रहने वाले माइनिंग इंजीनियर शिवांश श्रीवास्तव ने कहा कि ईडी कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्य कर रही है. वह जनता के लूटे हुए पैसों का पाई पाई हिसाब ले रही है .ऐसा नही हैं कि पहले ऐसी एजेंसियों में अच्छे ऑफिसर्स नहीं थे,फर्क इतना था कि पहले यह एजेंसियां सरकार के संरक्षण के कारण मजबूर रहती थी . लेकिन अब बिल्कुल विपरीत हो चुका है. 'न खाऊंगा न खाने दूंगा' वाली नीति पर केंद्र सरकार चल रही है. रही बात गांडेय विधायक की इस्तीफा की,तो उन्होंने झारखंड का सियासी पारा चढ़ा दिया है .झारखंड में तेजी से बदले राजनीतिक हालात के बीच कल्पना सोरेन झारखंड की राबड़ी देवी बन सकती हैं.कुछ कानूनी अड़चन है. जिसे सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है.इधर एक संकट और है. विश्वास मत के दौरान बहुमत साबित करने का. जेएमएम और कांग्रेस के अंदर कुछ लोग ऐसे भी हैं जो लोकसभा या अगले विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा से टिकट के आकांक्षी हैं और लोक सभा चुनाव में तीन महीने का वक्त बचा हुआ है . ऐसे में विश्वास मत के दौरान अगर डील हो गई और इन लोगों ने सरकार के खिलाफ वोट कर दिया तो ,सरकार का क्या होगा. अब न तो ये 90 का दशक है और न ही आदिवासी उतने बेवकूफ हैं कि आंख मूंदकर किसी को बिठा दे, और वे उसे आदिवासियों का नेता मान ले.

### इस्तीफे की वजह कुछ और हो सकती है, अभी कुछ भी कहना ठीक नहीं : रंजन कुमार सिन्हा



अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा ने कहा कि गांडेय विधानसभा से जेएमएम के विधायक का इस्तीफा देने की वजह कुछ भी हो सकती है. इस पर राजनीतिज्ञ विशेषज्ञ ही चर्चा कर सकते हैं. अभी कुछ ही कह देना ठीक नहीं होगा. वहीं राज्य में हो रहे कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ने की चर्चा तो यह बात उनके नॉमिनेशन के बाद ही पता चलेगा .वहीं अनुसंधान में लगे विभिन्न एजेंसियां कानून के अनुसार अपना काम कर रही हैं .क्योंकि कानून से बढ़कर कोई व्यक्ति नहीं है. हमारे देश में कानून ही सर्वोपरि है. साथ ही कानून ही दोषी व्यक्तियों को सजा देता है. अब देखना यह है कि झारखंड की राजनीति पर इसका क्या असर पड़ेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा.

### सीएम को जवाब देना चाहिए,ईडी कानून के तहत काम कर रही है : संजय कुमार



धनबाद हीरापुर के रहने वाले संजय कुमार ने कहा कि ईडी की कार्रवाई से मुख्यमंत्री की कुर्सी का जाना तय है .क्योंकि ईडी कानूनी प्रक्रिया के तहत अपना कार्य कर रही है.अगर मुख्यमंत्री सही होते तो वह ईडी के समन का जवाब वक्त पर देते रहते. लेकिन उन्होंने ऐसा नही किया .जिसके कारण आज ईडी ने दबिश दी है . रही बात झारखण्ड के सियासी पारे की तो झारखण्ड का अलग होना ही झारखंड के लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्य है . क्योंकि झारखण्ड अलग होने के बाद से झारखण्ड हमेशा चर्चे में रहा है हमेसा यहां का सियासी पारा चढ़ा रहता है .यहां के नेता सिर्फ अपनी जेब भरने में मस्त रहते हैं . जिसके कारण यहां विकास की गति थम सी गई है .लोग पलायन करने को मजबूर हैं.

### कानून के ऊपर कोई नहीं, ईडी की कार्रवाई कानून सम्मत है : विकास सिंह चौधरी



अधिवक्ता विकास सिंह चौधरी ने कहा कि कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री बनती है या नहीं यह तो समय और परिस्थिति ही बताएगी. लेकिन ईडी के द्वारा की जा रही कार्रवाई कानून सम्मत है . कानून से ऊपर कोई नहीं होता .कानून का सम्मान सभी को करना चाहिए .उन्होंने कहा कि गांडेय विधायक के इस्तीफा से झारखंड में राजनीतिक हलचल जरूर बढ़ गई है . जिसका सीधा असर राज्य में होने वाले विकास पर पड़ेगा. ऐसी परिस्थिति में वर्तमान सरकार को अपना कार्यकाल पूरा करने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है .क्योंकि झारखंड की वर्तमान स्थिति भी अच्छी नहीं है .झारखंड में अच्छे शासन की जरूरत है ताकि राज्य के रुके सभी काम समय पर पूरा हो सके.

## जमशेदपुर

### भाजपा के लोग इस मामले में उड़ा रहे अफवाह : सुधीर कुमार पप्पू



अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि राज्य में लोकप्रिय हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ भाजपा के लोग अफवाह उड़ा रहे हैं. भाजपा हेमंत सरकार को अस्थिर करना चाहती है. एक तरफ केंद्र सरकार ईडी को मोहरा बनाकर हेमंत सरकार के खिलाफ काम करवा रही है. दूसरी तरफ राजभवन की ओर से भी हवा दिया जा रहा है. परंतु बीजेपी की साजिश पूरी नहीं होगी. राज्यपाल को क्या करना है यह दिशा–निर्देश भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी दे रहे हैं जो बहुत ही शर्मनाक है. राजभवन की ओर से ऐसा बयान आ रहा है जैसे कोई भाजपा नेता बयान दे रहा हो. इस सब के बावजूद हेमंत सरकार राज्य में लोकप्रिय है और उसे जनता का विश्वास प्राप्त है. केंद्र सरकार और भाजपा के साजिश का मुंहतोड़ जवाब झारखंड की जनता देगी. आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा. केंद्र सरकार की ओर से ईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर इसलिए दबाव डाला जा रहा है ताकि हेमंत सोरेन आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को मदद करें. अगर हेमंत सोरेन भाजपा खेमे में जाने का संकेत देंगे तो ईडी का मामला और मीडिया ट्रायल बंद हो जाएगा. परंतु ऐसा हरगिज नहीं होगा.

### हेमंत सोरेन सरकार को अपने वादे पूरे करने चाहिए : दुर्गा प्रसाद दास



गोलपहारी जनकल्याण समिति के पूर्व सचिव और रिटायर्ड रेल कर्मी दुर्गा प्रसाद दास ने कहा कि हेमंत सरकार अपने वादों से मुकर रही है. जनता के द्वारा दिए गए अधिकार को अपने घर परिवार के लिए भरण पोषण का रास्ता समझ बैठी है, जो उनकी नासमझी है. जबकि पदभार लेते वक्त उन्होंने शपथ ग्रहण किया था कि वे जानता द्वारा दिए गए सुझाव और जानता के हित में हमेशा तत्पर रहूंगा. परंतु पद ग्रहण के बाद वे इन बातों को भूल कर अपनी झोली भरने में लग गए हैं. ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई कितनी सही है यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा.

### सरकार के खिलाफ दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई लग रही है : सुनील कुमार



शिक्षक सुनील कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन के द्वारा अपने पद के अधिकार का दुरूपयोग करते हुए अगर निजी लाभ लिया है तो वह गलत है. अगर उन्होंने नहीं लिया है तो हेमंत सरकार को तंग करने की नीति केंद्र सरकार और ईडी की उचित नहीं है. यह तो जांच का विषय है कि हेमंत सोरेन ने गलत किया है या नहीं. अभी तक इस बात की कोई पुष्टि भी नहीं हुई है. लेकिन हेमंत सोरेन को भी चाहिए कि जांच में वे सहयोग करें. जबसे केंद्र में भाजपा की सरकार आई है तब से कुछ खास लोगों के खिलाफ ईडी कार्रवाई कर रही है. उससे कहीं न कहीं दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई लगती है.

### राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास राज्य हित में नहीं : भरत सिंह



समाजसेवी भरत सिंह ने कहा कि हेमत सरकार पूर्ण बहुमत की सरकार है. अगर हेमंत सोरेन के ऊपर किसी भी तरह की कार्रवाई होती है तो उसके लिए राज्य सरकार के पास वैकल्पिक व्यवस्था है. क्योंकि जब ईडी इनके ऊपर जो आरोप लगा रही है उसका जवाब हेमंत सोरेन पहले भी दे चुके हैं. फिर भी लगातार सम्मन भेजा जा रहा, इससे यह ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार को अस्थिर करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है जो राज्य हित में नहीं है. सरकार अच्छा काम कर रही है और युवाओं को रोजगार दे रही है. महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है. लगातार स्वास्थ्य व्यवस्था को भी ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है.

## चक्रधरपुर

### स्थिति ठीक नहीं, कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी सरकार : अमन बानसिंह



चक्रधरपुर के बुढ़ीगोड़ा गांव निवासी समाजसेवी अमन बान सिंह ने कहा कि राज्य की राजनीतिक स्थिति ठीक नहीं है .यह संभव नहीं लग रहा है कि राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कार्यकाल अपना पूरा कर पाएंगे. गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो के विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से राजनीतिक गलियारों में तरह–तरह की चर्चाएं होने लगी है .मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर ईडी की कार्रवाई तो पूर्व से ही तय थी. कल्पना सोरेन अगर मुख्यमंत्री नहीं बन पाती है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोई न कोई विकल्प जरूर छोड़ रखा होगा .एक सप्ताह के भीतर सबकुछ स्पष्ट हो सकता है.

### आम जनता की चिंता नहीं, सत्ता बचाये रखने की जंग जारी है: विकास कुमार



चक्रधरपुर निवासी शिक्षक विकास कुमार ने कहा कि राज्य में किसी भी राजनीतिक दल के नेताओं को जनता की चिंता नहीं है. सभी सत्ता बचाये रखने की जंग लड़ रहे हैं. राज्य में किसी तरह सरकार बनाकर जेबें भरने की कोशिश चल रही है .राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर ईडी की दबिश बनने पर गांडेय के विधायक सरफराज अहमद ने इस्तीफा दिया है .अब छापेमारी भी शुरू हो चुकी है. ईडी की कड़ी छापेमारी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कई करीबियों के नाम सामने आएंगे. झारखंड को सभी राजनीतिक दल के नेता लूटने पर ही लगे हैं. झारखंड का जिस तरीके से विकास होना चाहिए, वैसा नहीं हो पाया है.

### छापेमारी से साफ है कि सीएम पर भी कार्रवाई होगी : अमित कुमार



ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी से झारखंड की वर्तमान सरकार में हलचल तेज हो गई है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सबसे करीबी माने जाने वाले अभिषेक श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों के यहां छापेमारी हो रही है. इसका इशारा साफ है कि मुख्यमंत्री पर भी कार्रवाई होगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इन चीजों से वाकिफ हैं, इसे देखते हुए ही गांडेय के विधायक सरफराज अहमद ने विधायक पद से इस्तीफा दिया है और उनके इस्तीफे को स्वीकार भी कर लिया गया है. योजनाबद्ध तरीके से झारखंड में राजनीति की जा रही है.

## चाईबासा

### झारखंड में राजनीतिक उथल-पुथल मच चुकी है : डॉ. मुरारी



कोल्हान विश्वविद्यालय के जीसी जैन कॉमर्स के सहायक प्रोफेसर डॉ मुरारी बेध ने कहा कि झारखंड में राजनीतिक उथल–पुथल हो चुकी है. जल्द ही नए मुख्यमंत्री की घोषणा होगी. मुख्यमंत्री को लगातार ईडी की ओर से समन किया जा रहा था. लेकिन मुख्यमंत्री इस पर गंभीर नहीं दिए. जिसका नतीजा यह देखने को मिला. लोकतंत्र में जनता का विश्वास बनना कठिन होता है. लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकतंत्र की गरिमा को नहीं समझा. आज इस स्थिति में पहुंच गया है कि सत्ता तक गंवानी पड़ रही है. सरकार को जल्द ही कठोर निर्णय लेने की जरूरत है. जनता ने अवसर दिया था. लेकिन इस अवसर का लाभ नहीं ले पाई. झारखंड में सरकार गिरना लगभग तय हो गया.

### एक साथ मिलकर निर्णय करने की जरूरत: डॉ. विजय प्रकाश



कोल्हान विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. विजय प्रकाश ने कहा कि सरकार चलाना मुश्किल हो गया है. अब सभी विधायक को एक साथ मिलकर निर्णय करने की जरूरत है. जिस तरह से एक विधायक के इस्तीफे से यह जाहिर हो रहा है कि किसी के लिए जगह खाली करनी है. ताकि वहां से चुनाव लड़ाया जा सके. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का नाम मुख्यमंत्री के लिए उजागर हो रहा है. लेकिन इस पर सभी विधायक दल को विचार करने की जरूरत है. क्योंकि नए चेहरे को लाना कहीं न कहीं एक चुनौती ही है. सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है.



### कई चर्चित चेहरे, ईडी की छापेमारी जारी




रांची। झारखंड में तेज राजनीतिक हलचल के बीच बुधवार को ईडी की टीम ने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, साहेबगंज के डीसी रामनिवास यादव, विनोद कुमार, होटवार जेल के कर्मी अवधेश सहित रौशन कुमार के यहां छापेमारी की. ये सभी लोग सीएम के काफी करीबी माने जाते हैं. साथ ही ये चर्चित भी हैं, इनमें से एक ऐसा भी शख्स है जो झामुमो का नेता तो है ही, सत्ता का संरक्षण प्राप्त होने के कारण उसने रांची में पिछले कुछ वर्षों में अपना अलग साम्राज्य स्थापित कर लिया है. कहा जाता है कि पूर्व डीसी और लैंड स्कैम के आरोप में जेल में बंद छवि रंजन के कार्यकाल में जिला प्रशासन और रेवन्यू से जुड़े सभी अफसरों के संबंध रौशन कुमार के काफी करीबी रहे हैं. रौशन की हनक का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि रांची के प्रमुख अंचल जैसे नामकुम, ओरमांझी, रातू, कांके, हेहल, अरगोड़ा और नगड़ी के कार्यालय में वह बिना किसी रोक टोक के घुसता था. जिला प्रशासन अधिकारियों का कहना है कि सत्ता के करीबी लोगों के नाम की धौंस देकर वह अपना काम कराता रहा है.

## लातेहार

### सीएम को ईडी के सामने पेश होना चाहिए: संतोष



अधिवक्ता संतोष रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के सामने पेश होना चाहिए और उन्हें अपना पक्ष रखना चाहिए. उन्हें कई बार ईडी समन भेज चुका है. ऐसे में सीएम को चाहिए कि ईडी के समक्ष पेश हों और जांच में सहयोग करें. देश के कई बड़े नेता ईडी के समक्ष पेश हो चुके हैं और जांच में अपना सहयोग दिया है. अगर कहीं कुछ नहीं है तो सीएम को ईडी से डरने की जरूरत नहीं है.

### इस्तीफा कई सवाल खड़े कर रहा है : पंकज कुमार



व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता पंकज कुमार ने कहा कि जिस तरह से गांडेय के विधायक ने अपने पद से इस्तीफा दिया है, वह कई सवालो को जन्म दे रहा है. आखिर ऐसी क्या जरूरत पड़ गयी जब झामुमो विधायक को अपना इस्तीफा देना पड़ा. इसका मतलब है कि सरकार में बहुत कुछ चल रहा है. मुख्यमंत्री ईडी की संभावित कार्रवाई के लिए तैयार हो रहे हैं. हालांकि मुख्यमंत्री को ईडी के समक्ष जा कर अपना पक्ष रखना चाहिए. अगर उनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं उन पर लगाये गये आरोप बेबुनियाद हैं तो उन्हें डरने की आवश्यकता नहीं है.

### उप चुनाव में भी काफी खर्च आता है : अनूप कुमार



पोचरा, लातेहार ग्राम निवासी अनूप कुमार ने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विधायके इस्तीफा देने के बाद वह सीट खाली हो गयी है. ऐसा नहीं है कि सीट खाली रहेगी, वहां चुनाव आयोग को चुनाव कराना होगा. एक उप चुनाव में काफी खर्च आता है. झारखंड आज बेरोजगारी व महंगाई की मार झेल रहा है. चुनाव का सारा खर्च आम जनता के उपर ही आयेगा. इसके अलावा पूरी प्रशासनिक मिशनरी उसमें व्यस्त रहेगी. वहां आचार संहिता लगेगा भी लगेगा, इससे गांडेय विधानसभा क्षेत्र का विकास अवरूद्ध होगा.

## बोकारो

### सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगायें राज्यपाल : ज्ञानेश



कसमार प्रखंड के खैराचातर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञानेश जायसवाल ने कहा कि ईडी अपना काम कर रही है. अगर हेमंत सोरेन निर्दोष है तो उन्हें ईडी के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी बात रखनी चाहिए. ऐसे अगर झारखंड की हालात पर गौर करें तो इस राज्य में हर महकमा भ्रष्टाचार की चपेट में है. पूरा मंत्रालय सिर्फ चार साल लोक लुभावन नारों पर टिका हुआ है. झारखंडी आज भी पलायन का शिकार हो रहे हैं. इस सरकार के बनते ही माफिया राज पूरे झारखंड में चल रहा है. मूलभूत मौलिक सुविधा के लिए भी बैंक, थाना, अंचल, प्रखंड जिला कहीं भी गरीबों की बात नहीं सुनी जा रही है. केंद्र की योजनाओं को भी बाधित करके किसान मजदूर युवाओं को ठगा जा रहा है. खनन मामलों से झारखंड में ईडी की धमक के बाद बालू, ईंट, गिट्टी, चिप्स गरीब की पहुंच से दूर हो गये हैं. ऐसे हालात में राज्यपाल को चाहिए कि सरकार को बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाएं.

### वंशवाद तो हर क्षेत्रीय दल पर हावी है : रंजीत गिरी



बोकारो सिविल कोर्ट के अधिवक्ता रंजीत गिरि ने कहा कि वंशवाद सभी राजनीतिक दलों पर हावी है. खासकर क्षेत्रीय दलों पर. यूपी में मुलायम एंड सन, बिहार में लालू एंड सन, दक्षिण में करुणानिधि एंड सन, झारखंड में शिबू एंड सन प्राइवेट लिमिटेड जैसी पार्टी बन गई है. राजनीति में परिवारवाद का प्रचलन शीर्ष पर है. ये तो राजतंत्र का दूसरा रूप देखने को मिल रहा है. राजतंत्र में जब भी राजा बनेगा तो उसी का परिवार का सदस्य बनेगा. झारखंड की घटना इसका ताजा उदाहरण है. कोई भी राजनीतिक दलों को अपने कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं रह गया है, इसलिए कोई भी राजनीतिक दल का मुखिया चाहता है कि उसी परिवार का सदस्य सत्ता की बागडोर संभाले. क्योंकि उनका भरोसा सिर्फ अपने परिवार पर है. हेमंत के बदले कल्पना बने या शिबू सोरेन सीएम बने, आखिर यही तो परिवारवाद है.



## गोड्डा

### स्थिर सरकार के नहीं रहने से सब पर असर पड़ता है : धर्मेंद्र



विकास के लिए एक स्थिर सरकार का होना बहुत जरूरी है. अस्थिर सरकार का असर सभी पर पड़ता है. झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अधिवक्ता धर्मेंद्र नारायण का कहना है कि पूर्ण बहुमत से बनने वाली स्थिर सरकार होती है और बेहतर कार्य करती है. झारखंड की वर्तमान सरकार गठबंधन से बनी सरकार है, जो अपना चार वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुकी है. मगर जैसी परिस्थिति बन रही है लगता है आगे की राह मुश्किल होने वाली है.

### सरकार को जांच एजेंसी का सामना करना चाहिए : प्रो. सतीश पाठक



राज्य सरकार को चाहिए कि अपनी स्थिति को स्पष्ट करें. जांच एजेंसी अगर कुछ मामलों में पूछताछ करना चाह रही है, तो इसमें सहयोग करने की बजाय विवाद पैदा करना कहां तक सही है. गोड्डा कॉलेज के रिटायर्ड प्राचार्य प्रो. सतीश पाठक कहते हैं कि जांच एजेंसी किसी राज्य के सीएम को सीधे–सीधे जेल नहीं भेज सकती है. उसके लिए न्यायपालिका है. अगर कोई ठोस साक्ष्य नहीं हैं, निर्दोष रहे तो न्यायपालिका से बरी होकर लौट आएंगे.

### चूहे-बिल्ली का खेल अब तो बंद होना चाहिए : प्रो. केसी देव



प्रो. केशव चंद्र देव का कहना है कि चूहे बिल्ली का यह खेल अब बंद होना चाहिए. बहुत दिनों से यह मामला चल रहा है. जनता अब तंग आ चुकी है. न्यायपालिका को हस्तक्षेप कर इस मामले का पटाक्षेप करना चाहिए. कुर्सी से चिपके रहने की मानसिकता के कारण कोई भी दल हो वह हर हाल में सत्ता से चिपके रहना चाहता है. ऐसे नेताओं को लगता है कि खानदानी कुर्सी है और वे इस कुर्सी के लिए सबसे योग्य व्यक्ति हैं. इसी मानसिकता ने देश को बर्बाद कर रखा है अब ऐसे दल और मानसिकता वाले लोगों से छुटकारा पाने का समय आ गया है.

### एजेंसी का जांच के नाम पर चल रहा है मानसिक गेम : योगेश झा



जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव योगेश चन्द्र झा का कहना है कि केंद्रीय एजेंसी भी जांच के नाम पर गेम करती है. बीच बीच में कोई पत्र जारी कर फिर लंबे समय तक चुप हो जाती है. फिर अचानक दरवाजे पर पहुंचकर एक लेटर जारी कर देती है. जांच को नियमित तौर पर और समय के तहत किया जाना चाहिए. साथ ही तथ्यों को भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए. राजनीतिक दांव पेंच की तरह जांच नहीं होनी चाहिए. सूबे के सीएम को भी चाहिए कि वह जांच एजेंसी के सामने आकर अपनी बातों को स्पष्ट करें. ताकि ऊहापोह की स्थिति न बनी रहे. जनता के बीच एक सही संदेश जाना चाहिए.

## गिरिडीह

### सरफराज ने गांडेय की जनता को धोखा दिया है : शंभू वर्मा



डॉ शंभू वर्मा ने कहा कि जेएमएम विधायक डॉ सरफराज अहमद ने इस्तीफा देकर गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता को धोखा दिया है . क्षेत्र की जनता ने 5 वर्षों तक इस विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें अपना कीमती वोट दिया था . लेकिन उन्होंने अपने लाभ के लिए एक वर्ष पूर्व ही विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया . इस गंदे विधानसभा क्षेत्र की जनता को काफी कष्ट हुआ है . डॉ अहमद ने अपना लाभ के लिए निर्वाचन आयोग का करोड़ों रुपया का खर्च बढ़ा दिया है . एक उपचुनाव करवाने में सरकारी तंत्र को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है . विधायक के पद से इस्पा देने से पहले उन्हें इन सब चीजों का ध्यान रखना चाहिए था .

### विधायक का इस्तीफा जनता के साथ धोखा : डॉ. युनूस अंसारी



फातिमा हॉस्पिटल डोकीडीह के चिकित्सक डॉ युनुस अंसारी ने कहा की विधायक डॉक्टर सरफराज अहमद का इस्तीफा जनता के साथ धोखा है . गांडेय विधानसभा का सीट एक वर्ष पूर्व खाली हो गया है . दुबारा उपचुनाव करवाने में काफी खर्च होता है . सरकारी तंत्र के साथ–साथ आम जनता को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है . एक नेता को राजनीतिक फायदे के लिए विधायक के पद से इस्तीफा देना कहीं से उचित नहीं है. इस प्रकार के नेताओं को जानता सबक सिखाएगी. अगर राज्य के मुखिया को ईडी की ओर से समन भेजा जाता रहा है तो उसका जवाब दिया जाना चाहिए. ईडी किसी मामले में जांच कर रही है तो उसमें सहयोग तो करना ही चाहिए.

### इस्तीफे का कारण स्पष्ट करे सरफराज : प्रमोद कुमार सिन्हा



लंका बाबा कॉलेज मिर्जागंज के सेवानिवृत्ति प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि डॉ. सरफराज अहमद ने इस्तीफा का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं किया है . इससे गांडेय विधानसभा की जनता असमंजस की स्थिति में है . किसी भी राजनीतिक दल द्वारा कैसे प्रत्याशी को टिकट नहीं देना चाहिए जो कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा दे दे . इससे राजनेताओं के प्रति जनता का विश्वास कमजोर होता है. गांधी विधानसभा क्षेत्र की जनता को 5 वर्ष पूरा होने से पहले ही अपना विधायक चुने के लिए दूसरी बार मतदान करना होगा . उन्होंने कहा कि अपने निजी लाभ के लिए डॉक्टर सरफराज अहमद ने गांधी विधानसभा की जनता को धोखा देने का काम किया है. इस प्रकार के राजनेताओं से विकास नहीं हो सकता है .

## बेरमो

### संविधान का पालन करना ही चाहिए : वकील प्रसाद महतो



अधिवक्ता संघ तेनुघाट के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि राज्य में संविधान का पालन करना राज्य के मुखिया की जवाबदेही है. यदि ईडी कानून के तहत काम कर रही है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उसका पालन करना चाहिए. यदि राज्य के मुखिया ही क़ानून का पालन नहीं करेंगे तो आम जनता का क्या होगा. जहां तक गांडेय के विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे की बात है, यह उनका निजी मसला हो सकता है.

# चालकों की हड़ताल के सबक

लोकतंत्र में कानून बनाने की प्रक्रिया में प्रभावित पक्षों के विचार भी अहम मायने रखते हैं. लोकतंत्र अब्राहम लिंकन की परिभाषा के अनुसार जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन माना जाता है. लेकिन दुनिया में बढ़ते कारपारेट के प्रभाव ने लोकतंत्र की पूरी अवधारणा को ही प्रभावित कर दिया है. खास कर उन देशों में जो आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकलने की जद्दोजहद कर रहे हैं और साथ ही देश के आर्थिक संसाधनों पर एकाधिकार को बढ़ावा दे रहे हैं. भारत में कृषि कानूनों को ले कर इसी तरह की बहस हुई थी और 700 किसानों की कुर्बानियों और साल भर चले लंबे आंदोलन के बाद केंद्र ने उसे वापस लिया था. तब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उनकी तपस्या में ही कमी रह गयी कि वे लोगों को कृषि कानूनों के महत्व और लाभ को नहीं समझा सकें. अब एक बार फिर केंद्र सरकार के एक नए कानून को ले कर इसी तरह जनदबाव है. देश भर के ट्रक और बस ड्राइवरों की हड़ताल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब हड़बड़ी और बगैर परामर्श के कोई कानून बनाया जाता है तो उसकी प्रतिक्रिया किस रूप में सामने आ सकती है. राहुल गांधी ने इस संदर्भ में एक्स पर ठीक ही लिखा है : बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद के कानून बनाने की ज़िद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है. जब 150 से अधिक सांसद निलंबित थे, तब संसद में भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, ड्राइवर्स के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया गया, जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं. केंद्र सरकार ने हाल ही में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किए हैं. भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 104 (2) कहती है कि हिट एंड रन की घटना के बाद अगर कोई आरोपी घटनास्थल से भाग जाता है और पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचित नहीं करता है, तो उसे 10 साल तक की सजा भुगतनी होगी साथ ही सात लाख का जुर्माना भी भरना हेगा. इसी के वरोध में नये साल के आगाज के साथ ही देश में ट्रकों-बसों के पहिये थम गए हैं. अब सरकार के प्रतिनिध जरूर कह रहे हैं कि कानून को तत्काल स्थगित किया जाएगा, लेकिन इससे विवाद का स्थायी हल तो नहीं निकलता. किसानों ने आंदोलन समाप्त कर दिया था. सरकार के आश्वासन के बाद कि वह एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की दिशा में कदम उठाएगी, लेकिन किसान अब फिर इस गारंटी की याद दिलाने के लिए आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं. इसका अर्थ यही है कि कानून बनाने के पहले परामर्श की तमाम संभावनाओं को खंगालने के बाद ही उस पर कदम उठाया जाए.

> भारत में कृषि कानूनों को ले कर इसी तरह की बहस हुई थी और 700 किसानों की कुर्बानियों और साल भर चले लंबे आंदोलन के बाद केंद्र ने उसे वापस लिया था. तब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उनकी तपस्या में ही कमी रह गयी .

## सुभाषित

**अश्वस्य भूषणं वेगो मत्तं स्याद गजभूषणम्।**
**चातुर्यं भूषणं नार्या उद्योगो नरभूषणम्॥**

आभूषण श्रृंगार के साधन होते हैं, जो रुचिकर होते हैं. आभूषण किसी व्यक्ति या वस्तु की शोभा बढ़ जाती है. तेज चाल घोड़े का आभूषण है, मत्त चाल हाथी का आभूषण है, चातुर्य नारी का आभूषण है और उद्योग में लगे रहना नर का आभूषण है.

# जाति गौरव वाली सियासत का नया दौर

**दरअसल, कहा जाता है कि जमीन का चारों कोना जब तक एक जैसा समतल नहीं होगा, हर कोने में फसल को एक जैसा पानी नहीं मिलेगा. ऐसा न होने पर एक जैसी फसल की उम्मीद कैसे की जा सकती है! यही सोचकर हमारे विद्वान संविधान विशेषज्ञों ने कुछ वर्षों के लिए आरक्षण का यह अधिकार दिया था कि कुछ दिन में समाज का वह पिछड़ा और उपेक्षित वर्ग बराबर में खड़े होने योग्य हो जाएगा, फिर उसे वापस ले लिया जाएगा.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

गुप्त साम्राज्य के प्रसिद्ध सम्राट चंद्रगुप्त प्रथम, समुद्रगुप्त, चंद्रगुप्त द्वितीय, कुमारगुप्त और स्कंदगुप्त हुए हैं. इतिहास बताता है कि गुप्त साम्राज्य का उदय अनेक विदेशी आक्रमणों के फलस्वरूप हुआ था. उस समय एक बार फिर भारतीय व्यापारियों ने सुसमृद्ध साम्राज्य की आर्थिक पृष्ठभूमि प्रस्तुत की थी. इसी समय वैष्णव प्रभाव की छाया में जाति-व्यवस्था का पुनर्गठन हुआ था और अनेक धर्मशास्त्रों और पुराणों का निर्माण हुआ था. पुराणों ने भक्ति को अधिक प्रश्रय दिया था, जो निम्न जातियों को सहूलियत देने की प्रवृत्ति का विकास था. इस युग में दर्शन, धर्म, ज्योतिष आदि प्रायः सभी क्षेत्रों में अपूर्व उन्नति हुई. गुप्तों के समय शूद्रों ने उत्थान किया था. वे सेना में लिए जाते थे और उच्च पदों तक पहुंच जाते थे. वैसे वर्ण—व्यवस्था का पहला उल्लेख ऋग्वेद के पुरुष सूक्तम श्लोक में है. वहीं श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है कि किसी व्यक्ति को उसके कर्म और गुण के आधार पर वर्ण निर्धारित किया जाएगा, जन्म के आधार पर नहीं. समाज में रहने वाले लोग अपनी कोख से मनुष्य को ही जन्म देते हैं, उसका रंग—रूप मनुष्य का ही होता है, लेकिन उस बच्चे के जन्म लेते ही हम उसे जातियों में बांट देते हैं और फिर उन्हें अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक, अगड़ी और पिछड़ी जातियों, दलित और सवर्ण, हिंदू-मुसलमान में बांट देते हैं, जबकि सच में उस नन्हे शिशु को इस बात का कोई मलाल नहीं होता है कि उसके साथ समाज क्या खिलवाड़ कर रहा है.

फिर अपने भारत में इस जातिगत व्यवस्था में हजारों वर्ष बीत गए. समाज जहां से शुरू हुआ था, उसी लीक पर चलकर वर्षों गुजार दिए. फिर जब औपनिवेशिक शासनकाल आया तो अंग्रेजों ने इसका भरपूर लाभ उठाया और भारतीयों को जातिवाद, गरीब-अमीर का फर्क डालकर, हिंदू—मुस्लिम के नाम पर खूब लड़ाया. उद्देश्य उनका यही होता था कि इनमें फूट डालो और लंबे समय तक शोषण के बल पर राज करते रहो. इसमें वे सफल भी हुए और वर्षों तक भारत पर उनका राज्य कायम रहा. फिर जब आजादी मिली, तो हमारे अग्रिम पंक्ति के नेताओं ने समाज के बीच जाकर इसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन समाज में जातिवाद का जो जहर घुल चुका था, उसे तत्कालीन नेता भी नहीं निकाल सके. उस पीढ़ी के नेताओं के साथ जब उनके बाद देश के कर्ता अग्रिम पंक्ति के नेता बनकर आए, तो उन्होंने तत्काल इसका लाभ उठाना शुरू कर दिया. उन्होंने अपना उद्देश्य यह बना लिया कि समाज जितना अशिक्षित रहेगा, उनकी मनमानी उतनी चलेगी. फिर ऐसे नेतागण भोली—भाली जनता को गुमराह करने लगे. कभी अनाज बांटकर, कभी हिंदू—मुस्लिम के बीच फूट डालकर, कभी जातिगत आरक्षण के नाम पर, तो कभी जातिगत प्रतिशत दिखाकर समाज को भ्रमित करने लगे.

औपनिवेशिक शासन काल 1881 में जनगणना कराई गई थी, लेकिन जाति आधारित जनगणना कराने वाला राज्य बिहार बन गया है. इस जाति आधारित जनगणना से यह बात बिहार में साफ हो गई है कि राज्य के किस जिले में, किस गांव या मोहल्ले में किस जाति के कितने लोग हैं. चाहे चंपारण की नीलवाली क्रांति के शांति के अग्रदूत महात्मा गांधी हों या 1975 के आंदोलन को नेतृत्व देने वाले जयप्रकाश नारायण हों और अब जातिगत जनगणना को नेतृत्व देने वाले बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सबकी अगुआई बिहार ने ही की है.

दरअसल, कहा जाता है कि जमीन का चारों कोना जब तक एक जैसा समतल नहीं होगा, हर कोने में फसल को एक जैसा पानी नहीं मिलेगा. ऐसा न होने पर एक जैसी फसल की उम्मीद कैसे की जा सकती है! यही सोचकर हमारे विद्वान संविधान विशेषज्ञों ने कुछ वर्षों के लिए आरक्षण का यह अधिकार दिया था कि कुछ दिन में समाज का वह पिछड़ा और उपेक्षित वर्ग बराबर में खड़े होने योग्य हो जाएगा, फिर उसे वापस ले लिया जाएगा. उन्हें विश्वास था कि कुछ वर्षों में समाज का वह वर्ग पूरी तरह शिक्षित और परिपक्व हो जाएगा कि वह समाज के हर वर्ग के साथ कदम से कदम मिलाकर साथ चलने को तैयार हो जाएगा, लेकिन यह क्या? इसका अधिकांश लाभ तो राजनीतिज्ञ ही उठाने लगे. चाहे वे कितने ही बड़े राजनीतिज्ञ या कितने ही धनाढ्य क्यों न हों, इसका लाभ अपने निज हित में उठाने लगे, परिणाम यह हुआ कि समाज का जो अति कमजोर और पिछड़ा वर्ग था, वह और अधिक पिछड़ गया, कमजोर हो गया.

अब तो प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और न जाने कितने बड़े—बड़े राजनीतिज्ञ अपने को दलित और पिछड़े वर्ग का कहकर जनता के सहानुभूति के पात्र बनने में गौरवान्वित महसूस करते हैं. स्वयं प्रधानमंत्री बार-बार दोहराते हैं कि वे पिछड़ा और गरीब वर्ग से आते हैं. अब तो यहां तक कि माननीय उपराष्ट्रपति ने अपने को पिछड़े वर्ग का कहकर एक समुदाय विशेष की सहानुभूति का पात्र बनने में सफल रहे हैं. निश्चित रूप से आजादी के बाद से आज तक कोई भी प्रधानमंत्री या उपराष्ट्रपति ऐसे नहीं थे, जिन्होंने स्वयं को समाज के किसी जाति—विशेष के साथ जोड़ा हो, क्योंकि यह पद संवैधानिक होने के साथ साथ गरिमायुक्त पद है और नमन उन संविधान निर्माताओं को जिन्होंने इन पदों को किसी जाति विशेष के लिए आरक्षित नहीं किया. इसका अर्थ स्पष्ट है कि इस पद पर पदारूढ़ होने के बाद वह पद जातिविहीन हो जाता है और योग्यता को आधार माना जाता है. आज देश की अधिकांश जनता को अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों, राष्ट्रपतियों और उप राष्ट्रपतियों के लिए यह तक पता नहीं होगा कि वे किस वर्ग, किस जाति, किस समुदाय से थे.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## जीवन का लक्ष्य

जो मनुष्य, 'जीव' (आत्मा) के अस्तित्व को मानता है, उसी के लिए जीवन के लक्ष्य को खोजने की बात पैदा होती है. जो मनुष्य जीव के अस्तित्व को नहीं मानता या मात्र इस भव (मनुष्य जीवन) जितना ही इस जीवन को मानता है तो उसके लिए कमाना, खाना और मज़े करना, ये बाह्य बातें ही जीवन लक्ष्य होती है. अगर चिंतक नास्तिक हुआ तो कला, साहित्य, संगीत, सिनेमा आदि को भी अपने जीवन का लक्ष्य मान सकता है, किन्तु यह उच्च श्रेणी के नैतिकता सम्पन्न नास्तिक के विषय में ही समझना चाहिए. इसी प्रकार जिन जीवों को कुछ भी तत्व जिज्ञासा नहीं है, वे जीव भी बाहर के लक्ष्य में ही खो जाते है. ऐसे जीव बहिरात्मा है. वे स्थूल लक्ष्यों को ही अपने जीवन का लक्ष्य समझते हैं. परन्तु जिसे जीव के त्रैकालिक अस्तित्व में विश्वास है, वह तो चिंतन के माध्यम से ही अपने जीवन लक्ष्य का निर्धारण करता है. वह सोचता है कि सामान्य मनुष्य जैसे- खाने,पीने और मज़े करने में अपना जीवन व्यतीत कर देते हैं, क्या मुझे भी वैसे ही जीवन व्यतीत कर देना है? ऐसा जीवन तो मात्र मृत्यु के लक्ष्य से ही जीया जाता है. 'जन्म लेना और भोग-भाग कर मर जाना' तो मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकता. अथवा मात्र मरने के बाद नाम अमर रखने की इच्छा तो जीवन- लक्ष्य नहीं हो सकता, क्योंकि उस नाम-अमरता का मरने के बाद आत्मा को कोई फर्क पड़ना नहीं है. कोई लाभ मिलना नहीं है. सोचना पडेगा कि जन्म और मृत्यु के मध्य की अवधि, किसी विशिष्ठ पुरूषार्थ के प्रयोजनार्थ है. इसलिए मेरे जीवन का कोई ऐसा उत्तम लक्ष्य अवश्य होना चाहिए, जिससे मेरा जीवन सार्थक हो. इस चिंतन के साथ, जब वह ज्ञानियों के वचनों के बल से, अपने जीवन लक्ष्य को खोजता है तो वह निर्णय करता है कि 'मेरी आत्मा की शक्तियों का चरम और परम विकास ही मेरे जीवन का लक्ष्य है'. हमारे इस विकास में मुख्य बाधक हैं- हमारे विकार. अतः हमें दो उपचार साधनों को अपनाना होगा. पहला साधन है- विकारों का विराम. और दूसरा साधन है- आत्मगुणों के समरूप भावों का आराधन. विकारों पर विराम हेतु 'व्रत-नियम-संयम' है और आत्मा के सद्गुणों में उत्थान हेतु 'ज्ञान-दर्शन-चरित्र' का आराधन है. इसी से मोक्ष रूप लक्ष्य की सिद्धि होती है. वही सत्-चित-आनंद अवस्था होगी. यही परम लक्ष्य है.

# यह साफ है 2024 'सामान्यता का वर्ष' नहीं होगा

• सामयिकी

प्रकाश प्रवीण

2024 हमारे सामने है, और इसकी उभरती रूपरेखा आगे देखने लायक है. लोगों को एक सदी में अनदेखे बड़े बदलावों के बारे में गहरी समझ और अधिक अनुभव प्राप्त हुआ है, जो तेजी से विकसित हो रहे हैं. लंबे समय तक चलने वाले रूस-यूक्रेन संघर्ष से लेकर फिलिस्तीन-इज़राइल संघर्ष के नए दौर तक; ब्रिक्स के ऐतिहासिक विस्तार से लेकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में "ग्लोबल साउथ" की अवधारणा के मजबूत उदय तक, चैटजीपीटी के नेतृत्व में वैश्विक एआई लहर से लेकर "जीवाश्म ईंधन से दूर जाने" के लिए सीओपी28 में हुए ऐतिहासिक समझौते तक. उम्मीद है कि 2024 एक और "सामान्यता का वर्ष" नहीं होगा. अधूरे आंकड़ों के अनुसार, 2024 में, दुनिया भर के 76 देशों और क्षेत्रों में आम चुनाव होंगे और 100 से अधिक चुनाव अभियान होंगे, जिसमें वैश्विक आबादी के आधे से अधिक को कवर किया जाएगा. इसका मतलब अधिक अनिश्चितता और यहां तक कि अप्रत्याशित संघर्ष और अशांति की संभावना भी हो सकती है. साथ ही, यह अभी भी अज्ञात है कि क्या रूस-यूक्रेन संघर्ष और फिलिस्तीन-इज़राइल संघर्ष अगले साल समाप्त हो सकता है, जबकि भू-आर्थिक विखंडन, "डिकॉउलिंग" और "डी-रिस्किंग" का जोखिम और अधिक अनिश्चितता लाएगा वैश्विक आर्थिक सुधार प्रक्रिया. हालांकि, चाहे वह परिवर्तनों और उथल-पुथल से भरा 2023 हो या 2024, जो कि और भी अधिक अस्थिर वर्ष हो सकता है, हम अभी भी परिवर्तनों और अनिश्चितताओं के पीछे इतिहास की दिशा की कुछ बुनियादी नसें देख सकते हैं. हालांकि अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य का महान समायोजन अभी भी चल रहा है और महान शक्ति खेल की तीव्रता बढ़ेगी, सामान्य तौर पर बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ने वाले अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य की प्रवृत्ति पिछले वर्ष में कमजोर होने के बजाय मजबूत हुई है, और प्रेरक शक्ति में वृद्धि हुई है घटने के बजाय. हालांकि कुछ देश व्यापार-प्रतिबंधात्मक उपायों को बढ़ा रहे हैं, और आर्थिक वैश्वीकरण में पैन-राजनीतिकरण, पैन-प्रतिभूतिकरण और संरेखण के गलत रास्ते पर जाने की प्रवृत्ति है, जीत-जीत सहयोग का बाजार तर्क अभी भी प्रभावी है और स्थिरीकरण और ताकत और नैतिकता के मामले में युग्मन का संरक्षण अभी भी ऊपरी हाथ है. विशेष रूप से, आज दुनिया के सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं और चुनौतियों की एक श्रृंखला के जवाब में, चीन समान और व्यवस्थित बहुध्रुवीयता के साथ-साथ समावेशी आर्थिक वैश्वीकरण की वकालत करता है और हमेशा इतिहास के सही पक्ष में खड़ा रहा है. 2023 में, चीन की अर्थव्यवस्था ने बाहरी दबावों को झेला है और आंतरिक कठिनाइयों पर काबू पाया है, उच्च गुणवत्ता वाले विकास को ठोस रूप से आगे बढ़ाया है और सभी मामलों में एक महान आधुनिक समाजवादी देश के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया है. शायद एक तरफ 2023 के वास्तविक परिणामों और इस साल की शुरुआत में कुछ लोगों की अपेक्षाओं और दूसरी तरफ कुछ लोगों की व्यक्तिगत भावनाओं के बीच एक अंतर है. ऐसा आत्मविश्वास और ताकत चीन के उच्च-स्तरीय खुलेपन की त्वरित प्रगति से उत्पन्न होती है. 2023 में, चीन ने अमेरिका के "छोटे यार्ड, ऊंची बाड़" को उच्च स्तर के खुलेपन के साथ जवाब दिया, तीसरे बेल्ट एंड रोड फोरम फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन से लेकर कैंटन फेयर, चाइना इंटरनेशनल इम्पोर्ट एक्सपो, चाइना इंटरनेशनल सहित बड़े पैमाने के आयोजनों तक. सेवाओं में व्यापार के लिए मेला, चीन अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता उत्पाद एक्सपो, वैश्विक डिजिटल व्यापार एक्सपो और चीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला एक्सपो. यह पैटर्न 2024 में जारी रहने और विस्तारित होने की उम्मीद है.

ऐसा आत्मविश्वास और ताकत चीन में विकास की नई गतिशीलता के निरंतर उभरने से उत्पन्न नए लाभों से उत्पन्न होती है. 2023 में, नई पीढ़ी की सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, उच्च-स्तरीय उपकरण और हरित पर्यावरण संरक्षण द्वारा प्रतिनिधित्व करने वाले रणनीतिक उभरते उद्योग चीन में तेजी से विकसित हुए हैं. नई ऊर्जा वाहनों, पीवी और लिथियम बैटरी उत्पादों - जिन्हें चीन के "नए तीन आइटम" के रूप में जाना जाता है - का निर्यात हिस्सा काफी बढ़ गया है. उच्च प्रौद्योगिकी और उच्च वर्धित मूल्य वाले उत्पाद और हरित परिवर्तन का नेतृत्व करने वाले उत्पाद निर्यात वृद्धि के नए चालक बन गए हैं. तकनीकी नवाचार में चीनी लोगों के ठोस प्रयास बड़े पैमाने पर फल दे रहे हैं.

> हम अभी भी परिवर्तनों और अनिश्चितताओं के पीछे इतिहास की दिशा की कुछ बुनियादी नसें देख सकते हैं. हालांकि अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य का महान समायोजन अभी भी चल रहा है और महान शक्ति खेल की तीव्रता बढ़ेगी, सामान्य तौर पर बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ने वाले अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य की प्रवृत्ति पिछले वर्ष में कमजोर होने के बजाय मजबूत हुई है.

# नाइंसाफी के खिलाफ वैश्विक जागरूकता

• देशांतर

पी. सुधीर

वर्ष 2023 का अंत गाजा में इजरायली युद्ध-मशीन द्वारा फिलिस्तीनियों के नरसंहार की काली छाया के साथ होगा। इज़रायल की लगभग तीन महीने की क्रूर आक्रामकता के कारण (26 दिसंबर तक) गाजा में 20,915 लोग मारे गये, जिनमें से 8,000 से अधिक बच्चे हैं। अन्य 53,918 लोग घायल हुए हैं और बेहिसाब संख्या में लोग अभी भी बमबारी वाली इमारतों के मलबे में दबे हुए हैं.फ़िलिस्तीनियों पर इज़राइल के युद्ध को पूरी तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका का समर्थन प्राप्त है, जिसने 7 अक्टूबर को संघर्ष शुरू होने के बाद से इज़राइल को अधिक घातक हथियार और उपकरण भेजे हैं. अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ऐसे प्रस्तावों पर वीटो करके तत्काल युद्धविराम के किसी भी आह्वान को रोक रहा है.

हालांकि अमेरिकी प्रशासन का इजरायल के लिए कट्टर समर्थन कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन जहां तक भारत का सवाल है, वह नयी बात इजरायल के कार्यों के लिए पूर्ण समर्थन की मोदी सरकार की घोषणा है जो भारत का इजरायल के पक्ष में बड़ा बदलाव है. भारत अक्टूबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में युद्धविराम के आह्वान वाले प्रस्ताव का समर्थन करने से इनकार करने की हद तक चला गया. युद्धविराम के प्रस्ताव पर दिसंबर में दूसरे महासभा मतदान में ही भारत ने अनिच्छा से इसके पक्ष में मतदान किया था. ऐसा न करने पर भारत अलग-थलग पड़ जाता, क्योंकि एशिया के अन्य सभी देशों ने युद्धविराम के पक्ष में मतदान किया था. 2023 मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम वर्ष है. यह एक और साल रहा है, जिसमें भारतीय लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और संघवाद की दीवारें बंद होती देखी गयीं. संसद को एक नयी इमारत में स्थानांतरित करना इसकी नयी बदनाम स्थिति का प्रतीक है. इस साल संसद के आखिरी सत्र में 146 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया, जो संसदीय लोकतंत्र के सार को खोखला करने की मोदी सरकार की मंशा को रेखांकित करता है. मणिपुर में मई महीने से अब तक की सबसे भीषण जातीय झड़पें देखी गयीं. सात महीने बाद भी, मेतई और कुकी समुदायों के बीच जातीय विभाजन जारी है और सुरक्षा बल घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों के बीच बफर जोन की निगरानी कर रहे हैं. भाजपा के मुख्यमंत्री अपनी पक्षपातपूर्ण राजनीति के कारण इस दंगे के लिए अकेले जिम्मेदार हैं. केंद्र सभी पक्षों से बातचीत के माध्यम से राजनीतिक समाधान निकालने में विफल रहा है.

> 2023 मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम वर्ष है. यह एक और साल रहा है, जिसमें भारतीय लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और संघवाद की दीवारें बंद होती देखी गयीं. संसद को एक नयी इमारत में स्थानांतरित करना इसकी नयी बदनाम स्थिति का प्रतीक है. इस साल संसद के आखिरी सत्र में 146 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया.

मणिपुर इस बात का स्थायी प्रमाण है कि बहुसंख्यकवादी राजनीति एक संवेदनशील जातीय क्षेत्र में कितना कहर ढा सकती है. 2023 में संघवाद पर गंभीर हमला हुआ. विपक्ष शासित राज्यों के राज्यपाल राज्य सरकारों के मामलों में हस्तक्षेप करने और राज्य विधान सभाओं को कानून पारित करने के अधिकारों से वंचित करने में अधिक आक्रामक हो गये. अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले और जम्मू-कश्मीर राज्य को खत्म करने और दो केंद्र शासित प्रदेश बनाने के लिए संविधान के अनुच्छेद- 3 के उपयोग पर फैसला देने से अदालत के इनकार ने इस घोर उल्लंघन पर न्यायिक वैधता की मुहर लगा दी है. मोदी सरकार जीडीपी ग्रोथ के आंकड़ों का हवाला देकर दावा करती रहती है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है. लेकिन, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत 2023 में 2600 डॉलर के साथ जी-20 देशों में सबसे निचले स्थान पर था. इसके अलावा, जो भी वृद्धि दर्ज की गयी थी, उससे रोजगार में वृद्धि नहीं हुई. सीएमआईई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्टूबर में बेरोजगारी दर 10.05 थी, जो पिछले 21 महीनों में उच्चतम स्तर है, जबकि युवा बेरोजगारी 23.22 प्रतिशत थी. कॉरपोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ का उदाहरण 2023 में प्रमुखता से दिया गया था. हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी का अडानी समूह की कॉरपोरेट धोखाधड़ी और स्टॉक हेरफेर का खुलासा अंतरराष्ट्रीय समाचार बन गया. लेकिन मोदी सरकार ने हठपूर्वक गौतम अडानी को बचाया और अपने पसंदीदा पूंजीपति की गंभीर जांच करने से इनकार कर दिया. अडानी पर हमले को हिंदुत्व व्यवस्था के तहत भारत पर हमले के रूप में देखा गया. बड़े पूंजीपतियों के प्रति मोदी सरकार की उदारता के परिणामस्वरूप, आय और धन असमानताएं नई ऊंचाइयों पर पहुंच गयीं.

## मीडिया में अन्यत्र

# सोलहवां वित्त आयोग संतुलन का सवाल

**सोलहवें** वित्त आयोग के लिए सरकार की योजनाएं आकार ले रही हैं और इनमें कुछ चौंकाने वाली बातें शामिल हैं. सरकार ने यह घोषणा की है कि सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरविंद पानगड़िया (वर्तमान में कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और नीति आयोग के गठन के तत्काल बाद उसके उपाध्यक्ष रह चुके हैं) इस आयोग की कमान संभालेंगे. आयोग के अन्य सदस्यों के बारे में घोषणा का इंतजार है. प्रोफेसर पानगड़िया निश्चित तौर पर इस बात से अवगत हैं कि भारत में तकनीकी प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन के मामले में किस प्रकार की राजनीतिक बाधाएं सामने आती हैं. वर्तमान व्यवस्था भी इससे अलग नहीं है, परंतु इसके बावजूद वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में काम करने के लिए एक नाजुक राजनीतिक संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है, ताकि राजकोषीय संघवाद के मामले में विभिन्न राजनीतिक गुटों के बीच समझौते को तेजी से अंजाम देने में मदद मिल सके. तथ्य यह है कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच संघीय तनाव बढ़ने के बीच वित्त आयोगों की भूमिका लगातार अहम होती जा रही है. वित्तीय संसाधनों और राजनीतिक शक्ति को लेकर राज्यों के बीच अलग-अलग मत के साथ भी यही बात है. उदाहरण के लिए दक्षिण भारत के राज्य उत्तर भारत के राज्यों को किए जाने वाले हस्तांतरण के आकार को लेकर बहुत अधिक चिंतित हैं. अन्य राज्य सरकारें इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अपनी नीतियों को लेकर उन्हें बहुत कम स्वतंत्रता हासिल है. वस्तु एवं सेवा कर ने बिक्री कर तय करने की उनकी स्वतंत्रता छीन ली है. केंद्र सरकार के कल्याण कार्यक्रम बहुत अधिक प्रभावी होते जा रहे हैं और समय के साथ स्थानीय बिजली वितरण कंपनियों के उपयोग या दुरुपयोग जैसे संरक्षण के अवसर भी कम होते जा रहे हैं. निस्संदेह क्षेत्रीय नेता इसे राजनीतिक गुंजाइश बनाने और उसे बरकरार रखने की अपनी क्षमता में घुसपैठ के रूप में देखते हैं. ऐसे में नीतिगत प्रयोगों और राज्य स्तर की कुछ जरूरतों की पूर्ति के लिए भी बहुत कम गुंजाइश बचती है. सोलहवें वित्त आयोग के पास यह जिम्मेदारी होगी कि वह उन संसाधनों का निर्धारण करें, जो इन नाखुश राज्य सरकारों के लिए उपलब्ध होंगे.(बिजनेस स्टैंडर्ड)



## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मकतब/मकतूब/मकबूल

**मुझे** उससे प्यार है, क्योंकि वह मेरा मकतब का यार है. यह मकतब का यार एक मुहावरा है, जिसका मतलब होता है बचपन का साथी. यानी जिसका साथ मकतब के समय से है. मकतब का अर्थ है छोटे बालकों के पढ़ने का स्थान, पाठशाला, चटसाल, मदरसा. कुछ लोग इस मकतब को मकतबखाना भी कहते हैं. हालांकि यह प्रयोग सही नहीं है, क्योंकि मकतब का तो अकेले ही अर्थ है वह स्थान जहां छोटे बच्चे पढ़ते हों. इसमें खाना शब्द जोड़ने का कोई मतलब नहीं है. मकतब का मतलब किताबों की दुकान, पुस्तकालय या लाइब्रेरी भी होता है. इससे मिलते जुलते कई शब्द हैं. जैसे मकतूल, जिसका मतलब है जिसका कत्ल हुआ हो. कत्ल करने की जगह, ऐसा ही शब्द है मकता, जिसका एक मतलब है मगध देश. आईने अकबरी में मगध को मकता ही कहा गया है. मकता गजल या किसी कविता के अंतिम शेर या छंद को भी कहते हैं. मकतूब का मतलब है लिखित, लिखा हुआ. मकतूब का मतलब पत्र या चिट्ठी भी होता है. इस शब्द के प्रयोग का बहुत ही सुंदर उदाहरण इस शेर में है-अश्क आंखों में कासिद किस तरह यकमदम नहीं आता, दिले बेताब का शायद लिए मकतूब आता है. सामर्थ्य, ताकत, शक्ति, धन-दौलत, संपत्ति आदि को अरबी भाषा में मकदूर कहा जाता है. इसी प्रकार कब्जा किये हुए, अधिकृत, माल, मिल्कियत को मकबूज कहते हैं. वहीं रेहन किये हुए या गिरवी रखे हुए को मकफूल कहा जाता है. मकफूल शब्द से मिलता जुलता शब्द है मकबूल. मकबूल का मतलब है सर्वप्रिय, भारतेंदु हरिश्चंद्र के इस पद में इसके प्रयोग का उदाहरण देखिए-क्यों वह काबिल है बनता, जिसमें वह मकबूल न हो. इसका मतलब माना हुआ, स्वीकृत, मंजूर रुचिकर भी होता है. मकबूल से बना मुहावरा है-मकबूले खुदा या मकबूले बारगाह. यानी ईश्वर का प्यारा.

# राजनीति का होशियार, कुर्सी की यात्रा

• तीर-तुक्का

रेखा शाह आरबी



इस दुनिया में जीने के लिए बहुत सारी चीजों की जरूरत पड़ती है जैसे भोजन, आग, हवा, पानी, लेकिन इसके अलावा और भी बहुत सारी चीजें हैं, जो जीने के लिए जरूरी हैं. उन्हीं में से एक है होशियारी. समझदारी भी बहुत जरूरी है. होशियार होना धरती पर हवा इतना ही जरूरी है. होशियार होना बहुत ही अच्छी बात है. आजकल की दुनिया में बिना होशियार हुए गुजर-बसर हो ही नहीं सकता. घर, बाजार, ऑफिस जिधर भी जाएं ऐसे लोग थोक के भाव में मिलेंगे, जो आपका काम भले ही बिगड़ जाए, लेकिन सबसे पहले वह अपना मतलब और अपना काम देखते हैं. राजनीति का होशियार होना बहुत ही अलग बात है. आम आदमी जब होशियार होता है तो ज्यादा से ज्यादा अपने परिवार का पेट सफलतापूर्वक पाल लेने की क्षमता अर्जित करता है. लेकिन जब एक राजनेता होशियार हो जाता है, तब वह अपने पूरे खानदान, रक्त संबंधी रिश्तेदारो का धरती पर जन्म लेना सार्थक कर देता है. इस धरती जन्म लेने की सार्थकता क्या है. इस धरती पर जन्म हो और सरकारी नौकरी मिल जाए. भला उस इंसान को किसी और स्वर्ग की क्या अपेक्षा होगी. होशियार राजनेता सीधे जमीन से कुर्सी की यात्रा करता है. जमीन से यहां पर तात्पर्य आप हम जैसे साधारण आम आदमी से है. राजनीति का असल होशियार चंद वही होता है जो जानता है कि कब कहां किसके साथ खड़ा रहना है और किसके हां में हां मिलानी है. कब किसके गले में फूल माला पहनानी है. किस को कब अपनी पीठ दिखानी है. कब गिरगिट जैसा रंग बदल लेना है. कब कहां कितना कैसे बोलना है, वह अच्छी तरह से जानता है. दुनिया भले ही इसके लिए उसे अच्छा या बुरा कहे, लेकिन वह जानता है कि यह एक अदभुत गुण है. पूरे देश में भले ही बेरोजगारी पसरी रहे, लेकिन उसके परिवार में कोई भी बेरोजगार नहीं रहता है. सब कहीं ना कहीं एडजस्ट हो जाते हैं. भले ही इसके चक्कर में जनता आधा पेट खाये या भूखी मरती रहे. जनता का तो काम ही है भूख और बेरोजगारी से लड़ना. बर्दाश्त ने हो तो कभी सड़क, शिक्षा, स्वच्छता के लिए हुडदंग मचाना. आखिर कोई कितना उनकी समस्याओं को हल करें. अतः होशियार राजनेता इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देता है. होशियार राजनेता जानता है कि सत्ता हमेशा के लिए कभी भी नहीं होती है. यह ऐसी प्रेमिका होती है, जिसको चाहे जितना भी प्यार करो, यह कभी भी बेवफाई कर सकती है.

# लाइफ लाइन



डॉ अनिताभ
एमडी (पीडिएट्रिक्स)

*सर्दियों के मौसम में बच्चों में बंद नाक की समस्या आम है. ऐसे में कई बार बच्चा न तो ठीक से सो पाता है और न दूध पी पाता है. आइए शिशु रोग विशेषज्ञ से जाने कि बंद नाक यानी नेजल कंजेशन की समस्या से कैसे उबरें.*

# नेजल कजेंशन

## नाक बंद होने से जब लाडला हो बेहाल



जब नाक में मौजूद ब्लड वेसल्स और टिशूज में बहुत अधिक फ्लूड जमा हो जाता है तो नेजल कंजेशन की समस्या होती है. इससे बच्चों को सोने या दूध पीने में परेशानी होती है और इस वजह से वह चिड़चिड़ा-भूखा हो कर अनवरत रोता रहता है. नेजल कजेंशन होने पर बड़े तो नाक के फ्लूड को बहा कर समस्या को काफी हद तक खुद दूर कर लेते हैं लेकिन छोटे बच्चे खुद ऐसा नहीं कर पाते. ऐसे में उन्हें मेडिकल उपचार या बड़ों के मदद की दरकार होती है.

### क्यों होता है नेजल कंजेशन

इसका सबसे बड़ा कारण सर्दी या एलर्जी होती है. यह समस्या तब भी होती है जब नाक में बैक्टेरीयल इंफेक्शन होता है या फिर किसी प्रकार की रुकावट होती है. नेजल कंजेशन बैक्टीरिया की वजह से हुआ है या वायरल, यह चिकित्सक ही सटीक बता सकते हैं. फिर भी कुछ लक्षणों के आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है. जैसे बुखार, गहरा पीला म्यूकस बैक्टीरियल इंफेक्शन का लक्षण है. अगर आपके बच्चे में भी यह लक्षण हो तो तत्काल शिशु रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें.

### ऐसे मिलेगी राहत

1. आमतौर पर इस समस्या से राहत का तरीका का नोज ड्रॉप या सेलाइन वाटर का स्प्रे. सेलाइन वाटर दरअसल नमक पानी होता है. दोनों नथूनों में सेलाइन वाटर के दो बूंद डालें. इससे जमा म्यूकस घुलने लगेगा.
2. गंभीर स्थिति में चिकित्सक नोज ड्रॉप या सेलाइन वाटर के साथ कुछ ओरल दवाएं भी दे सकते हैं.
3. ऐसी स्थिति में बच्चे को समय-समय पर तरल पदार्थ देते रहें. यदि बच्चा बहुत छोटा है तो उसे दूध देते रहें. इससे समस्या से शीघ्र राहत मिलती है और स्थिति अधिक गंभीर नहीं होती.
4. सोते समय ध्यान रखें कि बच्चे के सिर के नीचे तकिया रखा हो. इससे उसका सिर पैरों व शरीर के अन्य भाग से ऊपर रहेगा और तब साइनस में म्यूकस निकलने में सहुलियत होगी.
5. बच्चा अगर पांच साल तक का है तो उसे नाक ब्लो करना सिखाएं. इससे म्यूकस निकलेगा और वह राहत महसूस करेगा.
6. जब बच्चा गहरी नींद में हो तो वेपोराइजर या ह्यूमिडीफायर का कमरे में प्रयोग राहत दे सकता है. इससे जो नमी निकलती है, उससे नेजल कंजेशन में राहत मिलती है. हालांकि यह सलाह दी जाती है कि ह्यूमिडीफायर में गर्म पानी का उपयोग नहीं करें. इससे जलने का खतरा होता है.
7. भाप वाले बाथरूम में गुनगुने पानी से नहाना भी राहत दिला सकता है.
8. इन दिनों ऑनलाइन/ऑफलाइन मार्केट में नेबुलाइजर आदि सहजता से उपलब्ध हैं. लेकिन इसके कई साइड इफेक्ट हो सकते हैं. इसलिए खुद इनके उपयोग की सलाह नहीं दी जाती है.
9. शिशु रोग विशेषज्ञ से तत्काल मिलें जब...दो हफ्ते से अधिक बच्चा नेजल कंजेशन से परेशान हो.
10. कफ की वजह से बच्चा जब खांसता हो तो घरघराहट की आवाज आए और बच्चा बेहाल रहे. कफ के साथ-साथ बुखार की समस्या हो. बच्चे का कान दर्द कर रहा हो.

---

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : जूही चावला

## बढ़ती उम्र में इस डाइट से फिट हैं जूही




जूही चावला आज उम्र के साठवें दशक की ओर अग्रसर हैं. बावजूद इसके अपनी फिटनेस से वह कई यंग एक्ट्रेसेज को मात देती हैं. जूही चावला आज भले ही उनकी उम्र 56 साल से अधिक है. लेकिन उनके चेहरे से उनकी उम्र का बिल्कुल पता नहीं चलता. वह आज भी एकदम फिट और एक्टिव हैं. आखिर क्या है उनकी फिटनेस का राज? आइए उनकी डाइट प्लान के साथ उनके वर्कआउट शेड्यूल की जानकारी हासिल करें.

दुनिया की अन्य कई सेलिब्रिटी की तरह जूही चावला अपने रुटीन में योग को अहम स्थान देती हैं. बेशक वह जिम नहीं जातीं लेकिन योग नियमित करती हैं. अयंगर योग का नियमित अभ्यास जहां उन्हें शांत और खूबसूरत बनाता है वहीं वृक्ष आसन उनकी बॉडी फिट रहती है और मस्तिष्क भी सक्रिय रहता है. इससे उनके शरीर का लचीलापन बढ़ता है और चेहरे पर ग्लो भी बना रहता है.

- **नींबू-गर्म पानी-शहद से दिन की शुरुआत**

सुबह उठने के साथ जूही चावला खाली पेट में सबसे पहले एक गिलास गर्म पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर सेवन करती है. इससे शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद मिलती है. साथ ही उनकी रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता और पाचन तंत्र भी बेहतर होता है. वजन कंट्रोल रखने में भी यह मददगार होता है. इससे उनकी त्वचा की चमक भी बनी रहती है.

- **हाइड्रेटेड रहने के लिए यह सब**

हाइड्रेटेड रखने के लिए जूही चावला तमाम प्रयास करती हैं. दिन भर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीती हैं. इसके अलावा दिन भर में कभी नारियल पानी तो कभी फलों का ताजा रस लेती हैं. उनकी चमकती त्वचा का यही राज है.

- **भरपूर हरी सब्जियां**

खाने में जंक फूड, फ्राइड फूड, चीनी, तेल-मसालों से जूही चावला परहेज रखती हैं. घर का बना सादा खाना पसंद करती हैं. आमतौर पर ब्रेकफास्ट में स्मूदी, ऑमलेट, टोस्ट, फलों का रस, इडली-सांभर, डोसा-चटनी, पोहा, उत्तपम, पराठे आदि होते हैं. लंच में दाल, रोटी, हरी सब्जियां, चावल और दही खाना पसंद करती हैं. शाम को ग्रीन टी के साथ भूने मखाने या भूने चने, नट्स आदि लेती हैं. रात में कार्बोहाइड्रेट से परहेज करती हैं. आमतौर पर डिनर में बॉयल और बेक्ड वेजिटेबल, सूप, सलाद आदि होता है. सोते समय हल्दी-दूध, अजवाइन-पानी जैसे कोई ड्रिंक्स लेती हैं.

---

# केयरगिवर्स की पीड़ा

## जब तीमारदार हो जाए बीमार



डॉ आनंद श्रीवास्तव

*तीमारदार (देखभाल करने वाला) यानी केयरगिवर की भूमिका में आने के बाद आपको वैसी जिंदगी मयस्सर होना मुमकिन नहीं है, जिसके बारे में आपने कभी कल्पना नहीं की थी. इसके भावनात्मक प्रभाव को स्वीकार करने के बाद भी आपको अपनी जिंदगी शिकायत हो सकती है.*

नई दिल्ली की पॉश लोकल्टी, सरोजनी नगर में रहने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमना सिन्हा ( 56 वर्ष) अपना किस्सा बयां कर रहीं थी- "पिछले दिनों मैं अपने ऑफिस में एक वर्कशाप में हिस्सा ले रही थी. वहां यह समझने-समझाने पर विचार-विमर्श हो रहा था- दरअसल, हम हैं कौन? लेकिन वहां बैठे-बैठे मेरी आंखें नम हुई जा रही थीं. अहसास हो रहा था कि मैंने तो अपनी सारी जिंदगी देखभाल में ही गुजार दी. शादी से पहले दादा-दादी की देखभाल में मां की मदद करती रही और अब हसबैंड की देखभाल कर रही हूं, क्योंकि वह एक्यूट किडनी डिजीज के बाद डायलिसिस से जूझ रहे हैं. इसके लिए न केवल मैं खुद को दोषी मानती हूं और बल्कि जिम्मेदार भी. कभी-कभी तो मुझे जबरदस्त अपराधबोध भी होता है. मैं वर्कशाप बीच में छोड़ थिएटर से बाहर निकल आई, क्योंकि अपने आंसुओं को रोक पाना बहुत मुश्किल हो रहा था. सच बताऊं, मैं सबसे बहुत प्यार करती हूं. और शायद यही वजह है कि रह- रह कर मेरा दिल दुख और पीड़ा से भर जाता है.

### खुद को बीमार मानते केयर गिवर्स

विमहांस स्थित ओपीडी में बैठी श्रीमती सिन्हा आपबीती बयां करती रहतीं, बशर्ते कंसल्टेंट साइकियाट्रिस्ट डॉ. एस गजानन ने उन्हें बीच में ही रोक नहीं दिया होता. शायद थोड़ी ही देर में डॉ. गजानन को उनकी कहानी समझ में आ गई थी. बोले, मेरे पास परामर्श के लिए तरह-तरह के मनोरोगी आते हैं. लेकिन कई बार मरीजों की देखभाल करने वाले तीमारदार यानी केयरगिवर्स भी खुद को बीमार मानते हुए परामर्श लेने पहुंच जाते हैं. ज्यादातर केयरगिवर्स अपने माता-पिता, जीवनसाथी, ससुराल वालों या विकलांग बच्चे की देखभाल करने वाले होते हैं.



### चुनौतीपूर्ण है देखभाल की प्रक्रिया

बकौल डॉ. एस गजानन, केयरगिवर की जिम्मेदारी निभाने वालों में लगभग 60 फीसदी महिलाएं ही होती हैं, और उनमें से ज्यादातर की उम्र 35 से 70 वर्ष के बीच होती है. संभव है कि इसके पीछे उनकी खास तरह की मनोसंरचना हो, क्योंकि लगभग सभी केयरगिवर अपनी भावनाओं और अपने संघर्षों के बारे में बात करने समय खुद को दोषी मानते हैं. उन्हें लगता है कि अपना तन-मन और धन लगाकर, परिवार में जिस सदस्य की वे देखभाल कर रहे हैं, वह शारीरिक और मानसिक दोनों तौर पर बहुत बुरी स्थिति से गुजर रहा है. फिर गाहे-बगाहे उनकी यह कसक और पीड़ा जुबान पर भी आने लगती है. वे बोलें भले कम, लेकिन सोचती जरूर हैं कि देखभाल की यह प्रक्रिया कितना अकेलापन समेटे हुए और किस हद तक चुनौतीपूर्ण है.

### गुस्सा, खालीपन और उनकी पीड़ा

डॉ. गजानन के अनुसार ज्यादातर तीमारदार, देखभाल या सेवा-सुश्रुषा को लेकर अपने मन में उपजने वाली भावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हैं. आमतौर पर उन्हें शिकायत रहती है कि उनकी भावनाओं को न तो कोई देखने वाला है और न ही कोई समझने को तैयार है. उनका गुस्सा, खालीपन और उनकी पीड़ा, यहां तक कि वह अहसास... जिसमें तीमारदार प्राय: यह सब भूल गया होता है कि अपना जीवन जीने का क्या मतलब होता है. कई बार वे यह भी चर्चा करते हैं कि मजबूरी में ऐसे व्यक्ति की देखभाल करनी पड़ रही है, जो उन्हें नापसंद करता है या मूल रूप से उद्दंड है. और इससे उनके आत्मसम्मान को कितनी ठेस पहुंची है. कई बार उन्हें यहां तक लगता है कि मानो, उनके सब्र का इम्तिहान हो रहा है.

### अत्यधिक सतर्कता चिंता घातक

डॉ. गजानन के मुताबिक तीमारदारी के मूल में हर समय होने वाला वह अहसास होता है, जिसमें तीमारदार को हर समय सतर्क रहने और जिस व्यक्ति की वह देखभाल कर रहा होता है, उसकी जरूरतों को पूरा करने की जरूरत होती है. यह उधेड़-बुन दरअसल चिंता, अत्यधिक सतर्कता, लगातार उत्तेजित महूसस करने, थकान और अक्सर, लंबे समय तक कायम रहने वाली उदासी की वजह से चौबीसों घंटे उनके दिमाग में चलती रहती है. यह सब मरीज यानी जिसकी वह देखभाल कर रहे हैं या कर रही हैं, उसके लिए हर कदम पर निर्णय लेने के दबाव के साथ मिलकर उन्हें न केवल थका देती हैं, बल्कि काफी हद तक परेशान भी कर देतीं है.

### केयरगिवर्स के लिए सलाह

डॉ. गजानन कहते हैं, पहली बात तो यह है कि दर्द की कोई सीमा नहीं होती. वैसे भी पीड़ा का कम या ज्यादा के तौर पर मूल्यांकन नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि दर्द तो दर्द है, वह कोई प्रतियोगिता नहीं. इसलिए बेहतर है कि एक केयरगिवर के तौर पर अपने भावनात्मक संकट और द्विपक्षीय भावनाओं को स्वीकार करना सीखें. अपनी नींद, खाने-पीने के शेड्यूल, दिनचर्या और खुद की देखभाल और व्यवहार को नियमित बनाए रखने के लिए अपना पढ़ना-लिखना जारी रखें, क्योंकि एक केयरगिवर के तौर पर आपकी भूमिका में यह काफी मददगार हो सकता है. सहायता मांगना और सहायता हासिल करना सीखें. यदि आप देखभाल को व्यक्तिगत समस्या मानकर अपने तक ही सीमित रखेंगे तो निश्चित तौर पर नुकसान आपका ही होगा.

---

# ओह, आह, आउच से मिलेगी राहत



ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट

*ऑर्थराइटिस एक आम समस्या है जिससे एक उम्र के बाद बड़ी संख्या में लोग परेशान रहते हैं. इसकी वजह से जोड़ों में ऐंठन, सूजन, रेडनेस, दर्द और चलने-फिरने में तकलीफ जैसी समस्याएं होने लगती हैं. कुछ योगासन ऑर्थराइटिस में मददगार बताए जाते हैं. आइए, इसके बारे में जानकारी हासिल करें-*

### भुजंगासन या कोबरा पोज



- जमीन पर पेट के बल लेट जाएं. हथेलियों को सीने के पास कंधों की सीध में रखें.
- गहरी सांस लेते हुए अपने शरीर के ऊपरी हिस्से को ऊपर की ओर उठाएं.
- जहां तक संभव हो सिर को ऊपर उठाएं.
- इस स्थिति में 15-30 सेकंड के लिए रूकें. गहरी सांस लेते हुए सामान्य अवस्था में आ जाएं.

### वीरभद्रासन

- एक पैर को पीछे की तरफ ले जाएं
- दूसरे पैर को नब्बे डिग्री एंगल पर सीधा खींचे.
- दोनों हाथों को ऊपर ले जाकर जोड़ें.
- अब धीरे-धीरे कर दोनों हाथों को सामने की ओर लाएं और पीछे के पैर को जरा और पीछे खींचे.
- दूसरा पैर पूर्ववत यानी 90 डिग्री एंगल में रहने दें.
- दोनों पैर से बारी-बारी से यह आसन करें.





### पश्चिमोत्तानासन

- दोनों पैरों को सामने की ओर से फैला कर बैठ जाएं.
- सांस लेते हुए अपने हाथों से अपने पैरों के अंगूठे को पकड़ने की और अपने नाक से घुटनों को छूने की कोशिश करें.

---

कई रोगों की रामबाण दवा

# कमाल की जड़ी बूटी है शतावरी

**शतावरी एक भारतीय जड़ी-बूटी है. इसे एस्पैरागस रेसमोसस भी कहा जाता है. यह हिमालय पर पाई जाती है. इसकी ऊंचाई 1-2 मीटर होती है. स्वाद में यह कड़वी और मीठी होती है. डॉक्टर इसे अक्सर दूध के साथ चूर्ण या फिर पाउडर के रूप में लेने की सलाह देते हैं.**



शतावरी में एंटीऑक्सीडेंट और ग्लूटाथिओन होता है. ये ऐसे तत्व हैं जो बढ़ती उम्र की प्रक्रिया को धीमा करने में आपकी मदद करते हैं. नियमित रूप से इसके सेवन से झुर्रियों की परेशानी और शारीरिक कमजोरी को दूर करने में मदद मिलती है. एनसीबीआई के ही स्टडी के मुताबिक शतावरी प्रजनन क्षमता को बेहतर करने में फायदेमंद हो सकता है. शतावरी प्रजनन हार्मोन के लिए असरदार जड़ी-बूटी है. कई तरह की हार्मोन से जुड़ी समस्याएं इसके सेवन से दूर हो सकती हैं. महिलाओं की अनियमित पीरियड या इस संबंधी अन्य समस्या में इसका सेवन राहत यह कई क्रॉनिक डिसीज को मैनेज करने में भी मददगार है. वजन बढने से परेशान रहते हैं, उनके लिए शतावरी एक वरदान है. यह कम कैलोरी और भरपूर पोषण से युक्त यह प्रीबायोटिक के रूप में कार्य करता है, आंत में अच्छे बैक्टीरिया को पोषण देता है. शतावरी फोलेट से भरपूर होती है. यह पोटेशियम का अच्छा स्रोत है. इसलिए रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है. शतावरी खाने से सूजन की स्थिति से राहत मिल सकती है. हालांकि इसके सेवन से पहले चिकित्सक की सलाह अवश्य लें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**ब्रीफ खबरें**

### छपरा में गिरा डबल-डेकर पुल का मलबा

**पटना ।** छपरा शहर के गांधी चौक पर करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन डबल डेकर पुल का मलबा बुधवार सुबह गिर गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई. गनीमत रही कि जिस समय मलबा गिर उस वक्त कोई सड़क से कोई राहगीर नहीं गुजर रहा था, जिससे अनहोनी टल गई. बताया जा रहा है कि करोड़ों की लागत से बन रहे इस डबल डेकर पुल निर्माण कार्य में काफी लापरवाही बरती जा रही है. ऐसी कई बार छोटी-बड़ी घटनाएं होती रहती हैं लेकिन बुधवार सुबह कई राहगीर और स्थानीय लोग भी घायल होने से बचे.

### अगले 48 घंटे में पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**पटना ।** बिहार में साल की शुरूआत से ही ठंड की शुरूआत हो चुकी है. इस बीच आने वाले 48 घंटे में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है. हालांकि बुधवार सुबह नौ बजे के बाद पटना में हल्की धूप निकली लेकिन ठंडी हवा चलने के कारण अधिक ठंड महसूस की जा रही है. पटना स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक के अनुसार अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के हिमालय की तलहटी से सटे जिलों में शीत दिवस जैसी स्थिति रहने का पूर्वानुमान है. इसके अलावा राज्य के दक्षिणी भाग के जिलों के अधिकतम तापमान में 2-3 सेंटीग्रेट की वृद्धि होने का पूर्वानुमान है.

### कोरोना के दो और संक्रमित मिले

**पटना ।** बिहार में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है. बीते 24 घंटे के भीतर राजधानी पटना में दो नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं. इनमें से एक की उम्र 19 साल तो दूसरे की 50 साल है. इससे पहले 20 से ज्यादा मरीज कोरोना के मिले चुके है. इनमें से सबसे ज्यादा पटना और गया के केस हैं. इसके अलावा मुजफ्फरपुर और दरभंगा से भी एक-एक कोविड संक्रमित मिल चुका है. कोरोना के दो नये मरीज में एक 19 वर्षीय युवक बोरिंग रोड स्थित आनंदपुरी मोहल्ले का रहने वाला है. उसे सर्दी-खांसी, बुखार जैसे लक्षण के बाद जांच कराई गई थी.

**सनसनी : सीतामढ़ी में ऑनर किलिंग का मामला**

# प्रेम-प्रसंग से नाराज माता पिता ने बेटी को मार डाला

- माता-पिता ने जवान बेटी को मारकर रातोंरात जला दिया

**संवाददाता । सीतामढ़ी**

सीतामढ़ी में एक लड़की की निर्मम हत्या कर दी गई. यह हत्या किसी और ने नहीं बल्कि लड़की के माता-पिता ने की. कारण बस इतना था कि उनकी बेटी का प्रेम-प्रसंग चल रहा था. वह अपने बॉयफ्रेंड से शादी करने की जिद कर रही थी. इतनी सी बात से नाराज होकर जवान बेटी को उसके माता-पिता ने मार डाला. इतना ही नहीं साक्ष्य को मिटाने के उद्देश्य से दोनों की लाश को जला दिया. पुलिस ने छानबीन की तो दंग रह गई. जांच में पता चला हत्या लड़की के माता पिता ने ही की है. इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया.

मामला जिले के परसौनी थाना क्षेत्र के परसौनी मुख्य चौक की है. पुलिस का कहना है कि प्रेम-प्रसंग से नाराज माता-पिता ने पुत्री की हत्या कर दी. साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को जला भी दिया. हालंकि, सूचना मायने पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है. पूछताछ में दोनों ने पुत्री की हत्या कर शव जलाने की देने की बात स्वीकार भी की है.

**पुलिस के सामने दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया :** परसौनी थानेदार सुनीता कुमारी ने मामले की जांच की. वही, उन्होंने जांच के दौरान दोनों से पूछताछ किया. पुलिसिया पूछताछ में दोनों ने प्रेम-प्रसंग में अपनी पुत्री की हत्या की बात स्वीकार की है. इसके बाद थानाध्यक्ष ने चौकीदार के बयान पर एफआईआर कर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. थानेदार ने बताया कि उन्हें आसपास के लोगों द्वारा इस घटना की सूचना दी गई थी.

**रातों रात शव को जला दिया :** स्थानीय लोगों का कहना है कि परसौनी निवासी निरंजन बैठा की पुत्री पुष्पा कुमारी का किसी युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था. लंबे समय से चल रहे प्रेम प्रसंग के बारे में परिजनों को जब जानकारी मिली तो माता-पिता ने उसकी शादी तय कर दी. सोमवार को लड़की देखने की रस्म भी पूरी की गई. बावजूद पुष्पा तय शादी से इनकार करती रही और अपने प्रेमी संग शादी की जिद करती रही. इसके बाद पुत्री की जिद से नाराज निरंजन बैठा व मां हीरामणि देवी ने मिलकर देर रात पुत्री की हत्या कर शव रातों रात जला दिया.



### पथराव मामले में 8 गिरफ्तार, 50 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज

**कैमूर ।** जिले के भभुआ मोहनिया के मुख्य रोड बबुरा में हिट एंड रन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पथराव करने के मामले में कार्रवाई की गई है. 8 असामाजिक तत्वों पर एफआईआर दर्ज करते हुए भभुआ थाना की पुलिस ने गिरफ्तारी की है. सभी को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. साथ ही 50 अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है. भभुआ एसडीपीओ शिव कुमार ने इसको लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है.

### अपराधियों ने प्रमुख पति को गोली मारी, मौत विरोध में जमकर बवाल

**कटिहार ।** कटिहार में अपराधियों ने सरेआम प्रखंड प्रमुख के पति और उनके स्टाफ को गोली मार दी. मंगलवार रात वह अपने गिट्टी-बालू की दुकान पर बैठे थे. इसी बीच बाइक पर सवार तीन अपराधी वहां पहुंच गए. अपराधियों ने दुकान पर चढ़कर प्रखंड प्रमुख दीपशिखा सिंह के पति कंचन मंडल को आंख में गोली मार दी. उनके स्टाफ मिट्ठू ने विरोध किया तो उनको भी गोली मारकर घायल कर दिया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, घटना के विरोध में लोगों ने जमकर हंगामा किया. आक्रोशित लोगों ने फलका-कुरसेला स्टेट हाइवे 77 को जाम कर दिया.

आक्रोशित लोगों ने फलका अस्पताल और थाना परिसर में पहुंचकर हंगामा किया. पुलिस-प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की. आक्रोशित लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर आगजनी की. उन्होंने हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की. इधर, घटना की सूचना मिलते ही कटिहार एसपी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया. कटिहार एसपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई करते हुए लाश को पोस्टमार्टम में भेज मामले की अनुसंधान शुरू कर दी है.

**पुलिस मामले को गंभीरता से ले :** ग्रामीणों का कहना है कि कंचन मंडल का फलका प्रखंड के अमरपुर में गिट्टी बालू का दुकान पर बैठे थे. तीन अपराधी ने आकर तीन और चार फायरिंग करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया.

**आओ जानें**

### बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला जिला | -पश्चिमी चंपारण |
| न्यूनतम वन क्षेत्र वाला जिला | – स्योहर |
| सबसे अधिक वन प्रतिशत वाला जिला | – कैमूर |
| सबसे कम वन प्रतिशत वाला जिला | – शेखपुरा |
| सर्वाधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाला जिला | – गया |
| न्यूनतम अनुसूचित जाति की आबादी वाला जिला | – किशनगंज |
| बिहार की जनसंख्या बिहार की जनसंख्या | – 10 करोड़ 38 लाख 4 हजार 6 सौ 37 |
| महिलाओं की संख्या | – चार करोड़ 96 लाख 19 हजार 2 सौ 90 |
| पुरुषों की संख्या | – 5 करोड़ 41 लाख 85 हजार 3 सौ 47 |
| जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक बड़ा जिला | – पटना |

## सब इंस्पेक्टर ने खुद को मारी गोली, हालत गंभीर

**संवाददाता । पटना**

राजधानी पटना में बुधवार सुबह सब इंस्पेक्टर रश्मि रंजन ने खुद को गोली मार ली. घटना हवाई अड्डा थाना क्षेत्र की है. रश्मि रंजन किराए के मकान में अकेले ही रहते थे. सर्विस पिस्टल से खुद अपने सिर में उन्होंने गोली मार ली. रश्मि रंजन औरंगाबाद के रहने वाले हैं. गोली लगने के बाद लहुलुहान हो गए. आनन-फानन में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस मामले में सचिवालय एसडीपीओ सुशील कुमार ने कहा कि रश्मि रंजन 2009 बैच के हैं. बुधवार की सुबह गोली मारने की सूचना मिली थी. उनको बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इसकी जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक और स्थानीय पुलिस पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे.

एसडीपीओ सुशील कुमार ने कहा कि रश्मि रंजन वर्तमान में पटना जिले में पदस्थापित हैं. ये मूल रूप से श्रीकृष्ण नगर अहरी औरंगाबाद के रहने वाले हैं. परिवार के सदस्यों से यह जानकारी मिली है कि रश्मि रंजन पिछले 10-15 दिनों से तनाव में रह रहे थे. तनाव के पीछे की वजह बताई जा रही है कि इनके गांव में किसी केस में इनका नाम है.

## विधायक फतेह बहादुर सिंह की जीभ काटने वाले को मिलेगा 10 लाख, लगा पोस्टर

**संवाददाता । पटना**

राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह की ओर से हिंदू देवी-देवताओं पर दिए जा रहे विवादित बयान के बाद से लगातार विरोध हो रहा है. राजधानी पटना में बीजेपी एमएलए फ्लैट के पास एक पोस्टर लगा है और इसके जरिए कहा गया है कि जो फतेह बहादुर सिंह की जीभ काटकर लाएगा उसे दस लाख रुपये दिए जाएंगे. हिंदू शिवभवानी सेना की ओर से यह पोस्टर लगाया गया है. पोस्टर में फतेह बहादुर सिंह को सलाखों के पीछे दिखाया गया है. पोस्टर पर लिखा गया है, मां सरस्वती का फतेह बहादुर कर रहे अपमान, तेजस्वी मौन रहकर हिंदू को गाली दिलाने का कर रहे काम. इस पोस्टर को लगाने वाले हिंदू शिवभवानी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव सिंह ने बुधवार को इस पर प्रतिक्रिया दी. लव सिंह ने कहा कि फतेह बहादुर बार-बार हिंदू धर्म और सनातन धर्म को टारगेट करके गाली दे रहे हैं. इनके मुखिया तेजस्वी यादव ने चुप्पी साधी है. ऐसा लग रहा है कि उनकी ही ओर से फतेह बहादुर सिंह को कहा जा रहा है कि और वो बार-बार हिंदू धर्म का अपमान करें. उन्होंने कहा कि फतेह सिंह की जीभ काटकर जो लाएगा उसे हिंदू शिवभवानी सेना दस लाख रुपये का इनाम देगी और उसका अभिनंदन करेगी. आगे लव सिंह ने कहा कि फतेह सिंह को इलाज कराने की आवश्यकता है.



## दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**संवाददाता । पटना**

दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी. बुधवार की दोपहर इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई 2074 में तकनीकी खराबी आ गई जिसके कारण इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. बताया जाता है कि इस फ्लाइट में 187 यात्री सवार थे. सभी सुरक्षित हैं. अचानक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की खबर सुनकर यात्रियों की सांसें कुछ देर के लिए अटकी रह गई. सभी यात्री घबरा गए थे. हालांकि पायलट की सूझबूझ के साथ इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है. इमरजेंसी लैंडिंग को लेकर एयरपोर्ट के एक कर्मी ने बताया कि इंडिगो की फ्लाइट (विमान संख्या 6ई-2074) पटना हवाई अड्डा से 12 बजकर 58 मिनट पर दिल्ली के लिए रवाना हुई थी. अचानक 35 मिनट के अंदर 13:33 पर वापस पटना एयरपोर्ट पर लैंड कर गई. इसके पीछे तकनीकी खराबी बताई जा रही है. एयरपोर्ट के एक कर्मी ने कहा कि फ्लाइट आजमगढ़ तक पहुंच गई थी. तकनीकी खराबी के बाद वहां से फ्लाइट लौटकर आई है. तत्काल फ्लाइट को पटना एयरपोर्ट के रनवे पर ही रखा गया है. लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को फ्लाइट से उतारा गया. तकनीकी खराब की टीम जांच कर रही है.

**फ्लाइट में थे मंत्री संजय झा :** जानकारी के अनुसार, इस फ्लाइट में बिहार सरकार के मंत्री संजय झा भी मौजूद थे. पटना से दिल्ली जा रहे थे. तकनीकी खराबी के कारण उन्हें भी पटना वापस लौटना पड़ा. फ्लाइट के यात्री फ्लाइट के खुलने का इंतजार करते रहे, लेकिन संजय झा दोबारा दिल्ली नहीं गए. वह पटना स्थित अपने आवास पर लौट कर चले गए. उन्होंने कहा कि फ्लाइट में इस तरह की दिक्कत होती रहती है. कोई बड़ी बात नहीं है.

**पटना एयरपोर्ट पर उतरा विमान यात्रियों की सांसें अटकीं**




**कारोबार**

### एसबीआई ने विदेशों से एक अरब डॉलर जुटाए

**नयी दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक ने बुधवार को कहा कि उसने घरेलू ईएसजी वित्तपोषण बाजार के लिए एक अरब डॉलर का कोष जुटाया है. एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक ने सिंडिकेटेड सामाजिक कर्ज के जरिये एक अरब डॉलर (75 करोड़ डॉलर और 25 करोड़ डॉलर का ग्रीन शू विकल्प) जुटाने का काम पूरा कर लिया है. बैंक ने कहा कि यह लोन बुक दो जनवरी, 2024 को बंद कर दी गई. देश के सबसे बड़े बैंक ने पिछले साल भी एक अरब डॉलर का सिंडिकेटेड सामाजिक कर्ज जुटाया था.

### नरसिम्हन को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

**नयी दिल्ली ।** मोटोरोला ने टी एम नरसिम्हन को भारत में अपने मोबाइल कारोबार समूह का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है. कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी. कंपनी ने बयान में कहा कि नरसिम्हन मोटोरोला के भारतीय कारोबार की देखरेख करेंगे. बयान में कहा गया है, भारतीय स्मार्टफोन बाजार पर ध्यान केंद्रित करने और शीर्ष तीन स्मार्टफोन ब्रांड में शामिल होने के लक्ष्य के तहत कंपनी ने भारत में अपनी नेतृत्व करने वाली टीम को मजबूत किया है. इसी के तहत नरसिम्हन को भारतीय कारोबार का प्रमुख नियुक्त किया गया है.

### वोडाफोन-आइडिया के कार्यकारी का इस्तीफा

**नयी दिल्ली ।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के मुख्य नियामकीय एवं कॉरपोरेट मामलों के अधिकारी पी बालाजी ने इस्तीफा दे दिया है. बीएसई को बुधवार को भेजी सूचना में वोडाफोन आइडिया ने कहा कि बालाजी 10 जनवरी, 2024 से कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन कर्मी के पद पर नहीं रहेंगे. अपने इस्तीफे में बालाजी ने लिखा, वोडाफोन आइडिया ने मुझे नौ साल से अधिक सेवा का अवसर दिया है और मुझे इस बात पर गर्व है कि हमने मिलकर जो काम किया है उसने कंपनी में बदलाव लाने में मदद की है. कंपनी ने यह नियामकीय सूचना के साथ यह पत्र साझा किया है.

**आवास ऋण पर ऊंचे ब्याज की वजह से घरों की बिक्री में गिरावट आई**

# बीते साल आठ प्रमुख शहरों में 50 लाख रुपये तक के घरों की बिक्री 16% घटी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

देश के आठ प्रमुख शहरों में पिछले साल 50 लाख रुपये कीमत तक के घरों की बिक्री 16 प्रतिशत घटकर 98,000 इकाई रह गई है. नाइट फ्रैंक इंडिया की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति की कीमतों में उछाल और आवास ऋण पर ऊंचे ब्याज की वजह से घरों की बिक्री में गिरावट आई है. हालांकि, इसके बावजूद शीर्ष आठ शहरों...दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद में बीते साल सभी मूल्य वर्ग में घरों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 3,29,907 इकाई पर पहुंच गई.

रिपोर्ट में कहा गया है कि 50 लाख रुपये तक कीमत के घरों की आपूर्ति में पिछले साल सालाना आधार पर करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई. इससे सस्ती आवासीय इकाइयों की बिक्री घट गई. मध्यम आय वर्ग और लक्जरी आवास खंड में ऊंची मांग की वजह से घरों की कुल बिक्री 10 साल के उच्चस्तर पर पहुंच गई. रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया एक वेबिनार में यह रिपोर्ट जारी की. इसमें कहा गया है कि 50 लाख रुपये और उससे कम कीमत वाली आवासीय संपत्तियों की बिक्री 2022 के 1,17,131 इकाई के आंकड़े से घटकर 2023 में 97,983 इकाई रह गई. इससे कुल आवास बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत से घटकर 30 प्रतिशत रह गई है.

एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले घरों की हिस्सेदारी 2022 के 27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 34 प्रतिशत हो गई. नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, अधिक महंगी संपत्तियों की ओर बदलाव की वजह से आवास बाजार ने 2023 में भी अच्छी तेजी हासिल की. उन्होंने कहा कि देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद की वजह से खरीदारों का दीर्घावधि का निवेश करने का भरोसा बढ़ा है. वर्ष 2018 में कुल आवासीय बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी 54 प्रतिशत थी. मुंबई में 50 लाख रुपये और उससे कम कीमत के घरों की बिक्री 2023 में छह प्रतिशत घटकर 39,093 इकाई रह गई, जो इससे पिछले वर्ष में 41,595 इकाई थी.

किफायती आवास खंड में सबसे अधिक गिरावट बेंगलुरु में देखी गई. बेंगलुरु में सस्ते घरों की बिक्री 46 प्रतिशत घटकर 8,141 इकाई रह गई. 2022 में यह आंकड़ा 15,205 इकाई का था. दिल्ली-एनसीआर के बाजार में सस्ते घरों की बिक्री 44 प्रतिशत घटकर 7,487 इकाई रह गई, जो 2022 में 13,290 इकाई थी. नाइट फ्रैंक ने कहा कि 2023 में कुल आवास बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 3,29,097 इकाई हो गई, जो इससे पिछले वर्ष 3,12,666 इकाई थी. मुंबई में कुल आवास बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 86,871 इकाई हो गई, जो 2022 में 85,169 इकाई थी. इसी तरह दिल्ली-एनसीआर में बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 60,002 इकाई रही, जो इससे पिछले साल 58,460 इकाई थी. बेंगलुरु में कुल बिक्री एक प्रतिशत बढ़कर 53,363 इकाई से 54,046 इकाई हो गई. वहीं पुणे में बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 43,409 इकाई से 49,266 इकाई हो गई. चेन्नई में आवास बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 14,920 इकाई हो गई. हैदराबाद में बिक्री 31,046 इकाई के आंकड़े से छह प्रतिशत बढ़कर 32,880 इकाई हो गई. कोलकाता में बिक्री 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14,999 इकाई हो गई. इसी तरह अहमदाबाद में घरों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 16,113 इकाई हो गई, जो पिछले साल 14,062 इकाई थी.





नयी दिल्ली में बुधवार को सर्दी के दिनों में विक्रेता गाजीपुर फल और सब्जी मंडी में सब्जियों की व्यवस्था करते हुए.

## अडाणी की कंपनियों के शेयरों में उछाल

**नयी दिल्ली ।** हिंडनबर्ग विवाद में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद बुधवार को अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में जोरदार उछाल आया. उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की विशेष जांच दल (एसआईटी) या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच का आदेश देने का कोई आधार नहीं है. न्यायालय ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) अपनी जांच तीन माह में पूरी करे. इस फैसले के बाद बीएसई पर अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 17.83 प्रतिशत चढ़ गया. एनडीटीवी में 11.39 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस में 9.99 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी में 9.13 प्रतिशत और अडाणी एंटरप्राइजेज में 9.11 प्रतिशत का उछाल आया. अडाणी विल्मर का शेयर 8.52 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स प्रतिशत, अडाणी पावर 4.99 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 3.46 प्रतिशत और एसीसी 2.96 प्रतिशत के लाभ के साथ कारोबार कर रहे थे. समूह की दो कंपनियों अडाणी पोर्ट्स और अंबुजा सीमेंट्स के शेयर सुबह के कारोबार में अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए. बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 319.47 अंक के नुकसान के साथ 71,544.60 अंक पर और निफ्टी 104.30 अंक टूटकर 21,561.50 अंक पर कारोबार कर रहा था.

**गठजोड़** **पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को दी जानकारी**

# ओएनजीसी को 7 ब्लॉक, रिलायंस-बीपी एक ब्लॉक मिला

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी को तेल एवं गैस की खोज के लिए आयोजित नवीनतम बोली दौर में सात ब्लॉक मिले हैं जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी पीएलसी के गठजोड़ के हिस्से में एक ब्लॉक आया है.

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मुक्त क्षेत्र लाइसेंस नीति (ओएएलपी) के आठवें दौर में तेल और गैस की खोज एवं उत्पादन के लिए 10 ब्लॉक की पेशकश की गई थी. उन्होंने कहा कि बोली में रखे गए सभी 10 ब्लॉक के अनुबंध पर बुधवार सुबह हस्ताक्षर किए गए. इन ब्लॉक में से ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) को सात जबकि रिलायंस-बीपी गठजोड़, ऑयल इंडिया लिमिटेड और सन पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को एक-एक ब्लॉक मिला है. इसके साथ कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) के तीन ब्लॉक भी आवंटित किए गए और ओएएलपी का नौवां दौर बोली के लिए खोल दिया गया. एक आधिकारिक वक्तव्य में कहा गया कि प्रतिबद्ध अन्वेषण कार्य कार्यक्रम के लिए दिए गए ब्लॉकों में 23.3 करोड़ डॉलर का निवेश होने का अनुमान है. भारत ने ओएएलपी के आठवें दौर में बोली लगाने के लिए जुलाई, 2022 में 10 ब्लॉक की पेशकश की थी.

बोली की समय सीमा कुछ बार बढ़ाए जाने के बाद यह दौर जुलाई, 2023 में बंद हो गया था. हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के मुताबिक, इन ब्लॉक के लिए पांच कंपनियों- ओएनजीसी, वेदांता लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), सन पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस-बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड ने मिलकर 13 बोलियां लगाई थीं. प्रस्तावित 10 ब्लॉक में से सात को एकल बोलियां मिली थीं जबकि अन्य तीन ब्लॉक के लिए दो-दो बोलियां आई थीं. एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन और टोटलएनर्जीज जैसे वैश्विक ऊर्जा दिग्गजों ने ने कोई बोली नहीं लगाई. डीजीएच के अनुसार, ओएनजीसी छह ब्लॉकों के लिए एकमात्र बोलीदाता थी जबकि कृष्णा गोदावरी बेसिन में अत्यंत गहरे समुद्र में स्थित ब्लॉक के लिए रिलायंस-बीपी एकमात्र बोलीदाता थी. कुल मिलाकर, ओएनजीसी ने 10 में से नौ ब्लॉक के लिए बोली लगाई और सात ब्लॉक हासिल करने में सफल रही. इसने सिर्फ उस ब्लॉक के लिए बोली नहीं लगाई जिसके लिए रिलायंस-बीपी ने दावेदारी पेश की थी.



## 1,000 करोड़ का आईपीओ नौ जनवरी को खुलेगा

- कंपनी लगभग 10 साल में दूसरी बार अपने शेयरों को सूचीबद्ध करने की योजना बना रही है

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

गुजरात की कंपनी ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन का 1,000 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) नौ जनवरी को खुलेगा. यह प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने वाला 2024 का पहला सार्वजनिक निर्गम भी होगा. कंपनी लगभग 10 साल में दूसरी बार अपने शेयरों को सूचीबद्ध करने की योजना बना रही है. आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, ज्योति सीएनसी का तीन-दिन का आईपीओ 11 जनवरी को बंद होगा. वहीं एंकर निवेशक निर्गम से एक दिन पहले आठ जनवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे. निर्गम के लिए मूल्य दायरा अभी तय नहीं किया गया है.

कंपनी को पिछले महीने आईपीओ लाने के लिए बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिली थी. ज्योति सीएनसी ने इससे पहले 2013 में भी आईपीओ के माध्यम से धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में आवेदन किया था लेकिन बाद में उसने अपना विचार बदल दिया था. आईपीओ के तहत कंपनी 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी. इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं होगी.

### झारखंड में बाहरी संस्कृति के हावी होने से यहां की डेमोग्राफी बदल गयी है, अब हमें एक होना होगा

# जयपाल सिंह मुंडा के सपनों के विपरीत झारखंड बना : बोबोंगा

संवाददाता | किरीबुरु

**खास बातें**
- झारखंड बाहरी लोगों का चारागाह बन गया है
- राज्य की नौकरियों में बाहरी लोगों का कब्जा है

झारखंड के आंदोलनकारियों ने पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा के नेतृत्व में आदिवासी-मूलवासी क्लब जगन्नाथपुर में झारखंड आंदोलन के जनक मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर मनाया. इस जयंती समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने भारत में झारखंड राज्य के लिए जो सपना देख अलग राज्य के लिये आंदोलन छेड़ा था, वह आज भी अधूरा है. झारखंड राज्य जिन लोगों के लिये अलग हुआ, वह आज भी दर दर की ठोकरे खा रहे हैं. राज्य गठन के 23 साल बाद भी यहां स्थानीय नीति नहीं बन पाई. आज भी झारखंड बाहरी लोगों का चारागाह बना हुआ है. न्यायपालिका, कार्यपालिका व मीडिया पर बाहरी लोगों का कब्जा है. सरकार की गलत नीतियों की वजह से सरकारी नौकरियों में बाहरी लोगों की बहाली हो रही है. विकास योजनाओं के कार्यों पर बाहरी ठेकेदारों का कब्जा है. व्यवसाय से लेकर तमाम कंपनियों में प्रवासी लोगों का कब्जा है. यहां के भूमि पुत्र रोजगार की तलाश में अन्य प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं. खनिज व वनों पर बाहरी लोगों का नियंत्रण है. झारखंड में बाहरी संस्कृति हावी होने से झारखंड का डेमोग्राफी बदल गया है. आबुआ दिशुम, आबुआ राज के लिये इस माटी के लोगों को एक होना होगा. बोबोंगा ने कहा कि संविधान सभा में जयपाल सिंह ने कहा था कि हमें अनुसूचित जाति नहीं बल्कि आदिवासी की मान्यता मिले. आदिवासियों को लोकतंत्र का पाठ नहीं पढ़ाया जाये, क्योंकि आदिवासी जन्मजात से लोकतांत्रित हैं.


मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा को पुष्प अर्पित करते लोग.

**हेमंत सोरेन सरकार बाहरी लोगों के रिमोट कंट्रोल पर चल रही है**

झारखण्ड के आंदोलनकारी नवाज हुसैन उर्फ बिरसा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार बाहरी लोगों के रिमोट कंट्रोल पर चल रही है. वह झारखण्ड आंदोलनकारियों को अपमान किया है. उन्होंने अभी तक आंदोलनकारियों को सम्मान देने का कोई कार्य नहीं दिया. आंदोलनकारियों को झारखण्ड का नया नेतृत्व देने के लिये एकजुट होने की जरुरत है.

## आओ जानें

### तीसरी पीढ़ी के कम्प्यूटर की विशेषताएं

- तीसरी पीढ़ी के कम्प्यूटर का समय अवधि लगभग 1965 से 1975 तक माना जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में मुख्य प्रोसेसिंग यूनिट के रूप में आईसी का उपयोग किया जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में उच्च स्तरीय भाषा का प्रयोग किया जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में बैच ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ साथ मल्टी प्रोग्रामिंग ऑपरेटिंग सिस्टम का भी उपयोग किया जाता है.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में स्टोरेज के लिए मैग्नेटिक कोर का उपयोग किया जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में पहली बार मॉनिटर और इंटरनेट का उपयोग किया गया.
- उदाहरण – IBM 360

## ब्रीफ खबरें

### प्रभु यीशु के मार्ग पर चलना जरूरी : विधायक भूषण

**सिमडेगा ।** सदर प्रखंड के मुड़ीया चर्च में एवं कुरडेग केंदूटोली में पारिस स्तरीय क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया. दोनों ही स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे. उनके साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुई. इस दौरान विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सच्चाई व मानव सेवा करने के लिए प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलना जरूरी है. प्रभु ने दुख भोग कर जिस तरह मानव की सेवा की थी, उसी प्रकार हम सभी को भी आगे आना होगा.

### स्पीक मैके हेरीटेज क्लब समिति का किया गया गठन

**घाटशिला ।** घाटशिला महाविद्यालय में बुधवार को शिक्षक एवं कर्मचारियों की संयुक्त बैठक में कमेटी का गठन किया गया. छात्र-छात्राओं को समय-समय पर भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं संस्कृति की जानकारी देने हेतु कॉलेज में सर्वसम्मति से स्पिक मैके हेरीटेज क्लब गठित की गई. कार्यक्रम के आयोजन को लेकर क्रियान्वयन समिति भी बनाया गया. इसमें प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी अध्यक्ष, डॉ पीके गुप्ता संयोजक तथा प्रो इंदल को सह संयोजक बनाया गया.

### बीसीसीएल ने अवैध खनन स्थल की भराई की

**कतरास।** लकड़का 9 नवंबर में हुए भू धसान की घटना के बाद बीसीसीएल एरिया चार प्रबंधन ने अवैध मुंहाने की भराई बुधवार को की. जेसीबी के सहारे मुंहानों की भराई कराने में घंटों लग गए. कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है. मौके पर चैतुडीह कोलियरी के अधिकारी मौजूद थे. ग्रामीणों की शिकायत के बाद उक्त मुंहानो को बीसीसीएल प्रबंधन ने बंद करवाने की कार्रवाई की है. मुंहानों को बंद कराने के दौरान ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट गई थी.

### राम कुम्हारटोली में लगाया गया ट्रांसफॉर्मर

**सिमडेगा ।** झामुमो जिला अध्यक्ष और जिला सचिव के प्रयास से ठेठाईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत के कुम्हारटोली में 25केवी के लगे नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो जिला अध्यक्ष और झामुमो जिला सचिव की उपस्तिथि में पंचायत के मुखिया प्रीतम मसीह कंडुलना ने किया . पिछले 5 महीने से ट्रांसफार्मर खराब था. इस मौके पर झामुमो युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो, बबलू, बांसजोर रितेश बड़ाईक, अल्बर्ट टोप्पो, प्रदीप समद, करोलीना सोरेंग के साथ कई लोग मौजूद थे.

### सेल प्रबंधन पर जमकर बरसीं सांसद गीता कोड़ा, कहा-

# बाहरी लोगों को खदान में की बहाली, तो होगा चक्का जाम

**खास बातें**
- सेल प्रबंधन को स्थानीय लोगों की बहाली करनी होगी
- सांसद गीता कोड़ा को रोकने पर जमकर हुआ हंगामा

संवाददाता | नोवामुंडी

गुवा सेल खदान में दूसरे राज्यों से आए 18 लोगों को गुवा सेल खदान में जॉइनिंग करने नहीं दी जाएगी. चाहे इसके लिए हमें गुवा सेल खदान का चक्का जाम क्यों न करना पड़े. यह बातें पश्चिमी सिंहभूम के सांसद गीता कोड़ा ने संयुक्त यूनियनों के समर्थन में सेल प्रबंधन के साथ बैठक में कही. आगे कहा कि सेल की बहाली में यहां के स्थानीय को सेल प्रबंधन को लेना होगा.

ज्ञात हो कि बुधवार शाम 5 बजे संयुक्त यूनियनों जिसमें झारखंड मजदूर संघर्ष संघ, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक, सीटू, सारंडा मजदूर यूनियन, सप्लाई मजदूर संघ के लोगों को पता चला कि दूसरे राज्यों से आए 18 लोगों को सेल प्रबंधन द्वारा जॉइनिंग कराने वाले हैं. इसकी सूचना मिलते ही संयुक्त यूनियनों ने पश्चिमी सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा के नेतृत्व में गेट पर तकरीबन आधे घंटे विभिन्न नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया.



**स्थानीय को नौकरी देना मेरे हाथ में नहीं: सीजीएम**

गुवा सेल के सीजीएम कमल भास्कर का कहना है कि स्थानीय को नौकरी देना मेरे हाथ में नहीं है. जो भी फैसला लेता है वह बोर्ड ऑफ सेल दिल्ली का है. इस पर सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि किसी भी हर हाल में दूसरे राज्यों से आए 18 लोगों को गुवा सेल में जॉइनिंग नहीं होनी चाहिए. अगर सेल प्रबंधन 18 लोगों को जॉइनिंग देती है तो गुवा सेल खदान का चक्का जामकर अनिश्चितकालीन के लिए उत्पादन पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी. इस आंदोलन को जारी रखते हुए गुरुवार शाम 5 बजे संयुक्त यूनियन सेल कर्मियों के साथ आंदोलन करेगी. साथ ही इन मांगों को लेकर गुरुवार को सेल प्रबंधन अपने स्तर से यहां के स्थानीय को बहाली के संबंध में सेल ऑफ बोर्ड दिल्ली को अपना मेमोरेंडम भेजेंगे. इस दौरान सारे मजदूरों का खदान से लेकर सड़क तक आंदोलन जारी रहेगा. मौके पर रामा पांडे, दुचा टोप्पो, मनोज मुखर्जी, राजकुमार झा, कुल बहादुर, जय सिंह नायक, नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य सुश्री देवकी कुमारी, पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी, पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी, पंचायत समिति सदस्य भादो टोप्पो, संजू गोच्छाईत, चंद्रिका खंडाईत, आरती होरो, राकेश कुमार यादव, प्रदीप सुरीन, किशोर सिंह, कमलेश मिश्रा, साधना सिंह सहित सेल के अधिकारियों में सीजीएम कमल भास्कर, महाप्रबंधक एसएन पंडा, महाप्रबंधक एनके झा, महाप्रबंधक एसपी दास सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे.

**स्थानीय लोगों को सिर्फ प्रलोभन देती है कंपनी**

सेल के सीजीएम कमल भास्कर और सांसद की वार्ता के बाद सांसद गीता कोड़ा ने सेल प्रबंधन को कड़े लफ्जों में कहा कि खदानें जब खुलती है तो सेल प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों को प्रलोभन देकर स्थानीय को नौकरी दी जाएगी का लॉलीपॉप दे दिया जाता है. और खदानें संचालित हो जाने के बाद स्थानीय लोगों को बहाली ना लेकर दूसरे राज्यों से लोगों को बुलाकर नौकरी दी जाती है. इसी संदर्भ में सूचना मिली की है कि आज 18 लोगों की गुवा सेल में जॉइनिंग होने वाली है और इसके विरोध में आज हम लोग इकट्ठा हुए हैं ताकि यहां के स्थानीय लोगों को नौकरी दी जाए.

### रामकृष्ण विवेकानंद सोसाइटी में मनाया गया मां शारदा का जन्मदिवस

**धनबाद ।** धनबाद के बैंक मोड़ स्थित रामकृष्ण विवेकानंद सोसाइटी में बुधवार को श्री श्री भगवती मां शारदा देवी का 171वां जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया. सर्वप्रथम कामारपुकुर से आए पुरोहितों ने श्री श्री मां शारदा देवी की विशेष पूजा अर्चना कर हवन चंडी का पाठ किया. इसके बाद समिति के सदस्यों द्वारा संस्कृतिक कायक्रम और भोग का वितरण किया गया, जिसका नेतृत्व डॉक्टर सुजाता चटर्जी ने की. इस कार्यक्रम में शारदा संघ के सदस्यगण एवं विवेकानंद आश्रम के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम के अंत में रामकृष्ण विवेकानंद सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल चटर्जी एवं सचिव अधिवक्ता सुजीत चंद्र मल्लिक ने संस्था के सभी सदस्यों को कार्यक्रम सफल करने के लिए धन्यवाद दिया.

### असहाय लोगों की मदद कर जीवन को सार्थक बनाएं: विधायक प्रतिनिधि

**महुदा ।** कांड्रा एवं तेतुलिया-2 सचिवालय में बुधवार को एक समारोह आयोजित कर वृद्ध वृद्धाओं के बीच कम्बल वितरण किया गया. इस अवसर पर समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित बाघमारा विधायक प्रतिनिधी शत्रुधन महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष रिंकु देवी, पुर्व मुखिया सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो पंसस सुभाष चन्द्र महतो, तेतुलिया-2 मे मुखिया गुड़िया देवी, पुर्व मुखिया आदर कुमार मिश्रा, शिशिर कुमार ग्याली, ने संयुक्त रूप से दर्जनों वृद्ध वृद्धाओं के बीच कम्बल वितरण किया.

## न्यूज अपडेट

### लोहरदगा लौटे धनेश लोहरा का हुआ भव्य स्वागत

**लोहरदगा।** पूरे भारत से मुम्बई फिल्म सिटी में आयोजित डीडी नेशनल पर भारत का अमृत कलश कार्यक्रम में झारखंड के लोहरदगा जिला से नागपुरी गीतों के सरताज धनेश कुमार लोहरा को आमंत्रित किया गया था. उक्त कार्यक्रम में भारत देश अंतर्गत अंतर्गत 28 राज्य और 8 गणराज्य के कलाकारों को कंपिटीशन में सेलेक्शन के बाद आमंत्रित किया गया था. जहां पर झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने पर भारत का अमृत कलश अवार्ड से सम्मानित किया गया.



### 5 से 12 जनवरी तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय युवा दिवस

**धनबाद।** आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर जिले में राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह मनाया जाएगा. इसकी शुरुआत 5 जनवरी से होगी और 12 जनवरी को समाप्त होगी. यह जानकारी बुधवार को जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय ने यह निर्णय लिया है. 5 एवं 6 जनवरी को नया भारत पर युवा संसद कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन आदि का आयोजन प्रमंडल स्तर पर किया जाएगा.

### पत्थरों से मार खाने वाली पहली शिक्षिका थीं सावित्री फुले

**आदित्यपुर ।** आजादी के पहले तक भारत में महिलाओं की गिनती दोयम दर्जे में होती थी. आज की तरह उन्हें शिक्षा का अधिकार नहीं था. वहीं अगर बात 18वीं सदी की करें तो उस समय महिलाओं का स्कूल जाना भी पाप समझा जाता था. ऐसे समय में सावित्रीबाई फुले ने जो कर दिखाया वह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है. वह जब स्कूल पढ़ने जाती थीं तो लोग उन पर पत्थर फेंकते थे. इस सब के बावजूद वह अपने लक्ष्य से कभी नहीं भटकीं और लड़कियों व महिलाओं को शिक्षा का हक दिलाया. उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है.

### नवविवाहिता की हत्या, अर्धनग्न अवस्था में मिला शव

**किरीबुरु।** 31 दिसंबर की शाम से लापता नवविवाहिता की अर्धनग्न अवस्था में लाश नाले में मिली. नवविवाहिता की लाश मिलने की खबर पूरे इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गई. देखते ही देखते सैंकड़ों लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किये. घटना चाईबासा के बोलानी थाना क्षेत्र की है. बोलानी के बालागोड़ा बस्ती में लाल बांध के निकट एक नाले में नव विवाहिता की लाश अर्धनग्न अवस्था में मिली. मृतका की पहचान बोलानी के बिरसा क्लब के निकट ढीपासाई निवासी हीरामती सिंकू के रूप में हुई है.

## साइकिल से 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकले तीन छात्रों का हुआ स्वागत



रतन सिंह | जमशेदपुर

पश्चिम बंगाल के तीन छात्र साइकिल से बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकले है. हिन्दू धर्म को बढ़ावा देने और कुछ अलग करने का जज्बा लिए यह तीनों ज्योतिर्लिंग की यात्रा कर रहे है. लोग जगह-जगह इनका स्वागत भी कर रहे है और उत्साह बढ़ा रहे है. बुधवार को शहर से रवाना होने के दौरान स्टेशन के पास तीनों छात्रों का शहर के प्रबुद्धजनों ने सम्मान किया और आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी. बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकले छात्रों में पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के तुंगीदिघी का रहने वाला समर महतो, बीरभूम जिले का सुभोजित और राहुल शामिल है. समर महतो ने बताया कि उसने सितंबर माह में मात्र 18 दिनों में केदारनाथ समेत देश के प्रसिद्ध तीन मंदिरों की साइकिल से यात्रा पूरी की थी. अब वह 22 दिसंबर को बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकला है. उसने बताया कि सबसे पहले वह बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकला था. इसके बाद सोशल मीडिया के जरिये प्रभावित होकर सुभोजित और राहुल भी उससे जुड़ गए. देवघर में दोनों उससे मिले. यहां से 25 दिसंबर को तीनों बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकले.

**मिल रहा प्रेम और स्नेह :** समर ने बताया कि वह अब तक देवघर और केदारनाथ में ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर चुका है.

### साढ़े सात करोड़ की लागत से चांडिल बाईपास सड़क की होगी मरम्मत

**चांडिल।** चांडिल गोलचक्कर से जामडीह तक बदहाल हो चुकी राष्ट्रीय राजमार्ग 32 का मरम्मत कार्य का शिलान्यास रविवार को सांसद संजय सेठ व विधायक सविता महतो ने नारियल फोड़कर किया. चांडिल की जनता का बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होती दिखाई दे रही है. एनएच 32 के इस 11.6 किमी लंबे हिस्से की मरम्मत 7 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से होगी. सांसद संजय सेठ व विधायक सविता महतो ने विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद मंत्रोच्चारण के बीच नारियल फोड़कर मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया. इसके साथ ही अब ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल की जीवन रेखा कही जाने वाली उक्त सड़क की बदहाली दूर होने वाली है. इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि चांडिल बाईपास सड़क रेलवे की जमीन पर बना है. पहले रेलवे ने सड़क बनाने की सहमती दी. इसके बाद रेलवे ने ही पहले सड़क भी बनाकर दी. रेलवे ने सड़क बनाकर इसे एनएचएआई को सौंप दिया था.

# ग्रामीण व आउटसोर्सिंग समर्थक आमने-सामने

### जमकर हुआ पथराव, आउटसोर्सिंग समर्थकों पर गोली चलाने का आरोप लगाया

संवादाता | कतरास

जोगता 15 नंबर बस्ती स्थित मैदान के समीप हिलटोप आउटसोर्सिंग का ओबी डंपिंग को लेकर बुधवार को ग्रामीण और आउटसोर्सिंग कंपनी समर्थक आमने-सामने हो गए.इस दौरान दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी शुरू हो गई. वहीं, आउटसोर्सिंग समर्थकों की ओर फाइरिंग व बमबारी की बात कही जा रही है. हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी. घटना से आक्रोशित ग्रामीण जोगता थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दिया. पुलिस द्वारा समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन वे लोग उत्तेजित हो गए और सिजुआ - भेलाटांड़ मोड़ मार्ग के जोगता मोड़ पर बैंच और बांस लगा कर सड़क जाम कर दिया. आस पड़ोस की दुकानें बंद करा दिया गया. सभी प्रबंधक और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. सड़क जाम होने से पूरी तरह से आवागमन ठप हो गया. करीब एक घंटे के बाद जोगता, लोयाबाद थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया.



**खास बातें**
- सड़क जाम से कुछ देर आवागमन ठप
- आक्रोशित ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**हमलोगों का इरादा आमलोगों को तंग करना नहीं**

विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर राम, गोबिंद चौहान, विजय श्रीवास्तव ने कहा कि जब तक ओबी का डंपिंग मैदान की ओर बंद नहीं हो जाता है तब तक हमलोगों की लड़ाई चलती रहेगी. कनकनी कोलियरी के पीओ नारायण प्रसाद ने बताया कि हमलोगों का इरादा आमलोगों को तंग करना नहीं है.

**वार्ता विफल रही :** इधर, देर शाम को केंदुआ डीह इंस्पेक्टर संजीव कुमार तिवारी के अगुवाई में प्रबंधन ओर ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई करीब एक घंटे चली वार्ता विफल रही.

**आमंत्रण** भारत सरकार की ओर से अतिथि के रूप में योग शिक्षकों को आमंत्रित किया गया

# गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे चांडिल के नील

दिलीप | चांडिल

**खास बातें**
- राज्य के 21 योग शिक्षक को आयुष विभाग ने भेजा पत्र
- आमंत्रण मिलने के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल

भारतीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ, नई दिल्ली में विशेष परेड का आयोजन किया जाता है, जो कि राष्ट्रपति भवन, राजपथ से होते हुए इंडिया गेट को जाती है. सबसे पहले राष्ट्रपति यहां झंडा फहराते है. फिर राष्ट्रीय गान गाया जाता है. उसके बाद 21 तोपों की सलामी दी जाती है. इस दिन होने वाले समारोह में अतिथि के रूप में शामिल होना अपने आप में गौरव की बात होती है.

और यही गौरव प्राप्त हुआ है चांडिल के नील रतन खां को. चांडिल के योग प्रशिक्षक नील रतन खां को राज्य के आयुष विभाग अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस समारोह में नई दिल्ली भेज रही है. वैसे गणतंत्र दिवस समारोह में इस वर्ष झारखंड के 21 योग शिक्षक शामिल होंगे. भारत सरकार की ओर से अतिथि के रूप में योग शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है. नई दिल्ली में इन योग शिक्षकों का सम्मान भी किया जाएगा.


नील रतन खां

**स्वस्थ समाज की ठोस नींव तैयार हो रही है**

राज्य सरकार को मिले पत्र के आलोक में आयुष विभाग ने राज्य के 21 जिलों से एक-एक योग शिक्षकों का नाम चयनकर भारत सरकार को भेजा है. इस सूची में चांडिल के योग शिक्षक नील रतन खां का नाम भी शामिल है. इनका चयन सरायकेला-खरसावां जिले से किया गया है. राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में चांडिल के युवा योग प्रशिक्षक के अतिथि के रूप में आमंत्रण मिलने के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल है. इस संबंध में नील रतन खां ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथि के रूप में शामिल होना गौरव की बात है.

उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से ही उन्हें यह सम्मान मिला है. योग भारत की पुरातन विद्या है और स्वस्थ रहने की कुंजी है. योग मानसिक-शारीरिक संतुलन के साथ ही दक्षताओं को बढ़ाने का कार्य भी करता है.

### मरांग गोमके के पदचिह्नों पर आगे बढ़ाना है: महेंद्र जामुदा

**चाईबासा ।** सोनुवा प्रखंड के देववीर पंचायत के सरजोमहातु गांव में बुधवार को प्रो चंद्र मोहन हेंब्रम की अध्यक्षता में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता महेंद्र जामुदा ने जयपाल सिंह मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि जयपाल सिंह मुंडा की पदचिह्न पर हम लोगों को आगे बढ़ाना है और आदिवासियों को खेल से लेकर पढ़ाई, पत्रकारिता एवं अन्य क्षेत्र में अपने समाज का नाम रोशन करना है. मौके पर ग्रामीण मुंडा कामिल केराई ने कहा कि हर वर्ष हम लोग इसी तरह जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाएंगे. मौके पर मुख्य रूप से नितिन जमुदा, सालुका बोईपाई, लखन मारला, सुरेश कायम समेत कई लोग मौजूद थे.

## मरांग गोमके की जयंती पर हुआ फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



संवाददाता | रांची

केंद्रीय सरना समिति के द्वारा बुधवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवं केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान ने संयुक्त रूप से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर किया. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया. शुरुआती मैच जय मसीह क्लब बरियातू और आदिवासी क्लब पंडरा के बीच खेला गया, जिसमें आदिवासी क्लब पंडरा की टीम 3/0 से विजयी रही. दूसरा मैच अनस क्लब कांके एवं नाईन बुलेट क्लब कवली के बीच खेला गया, जिसमें नाईन बुलेट क्लब 2-1 से विजयी रही.

**भारतीय कुश्ती में नया विवाद : पहलवान बोले - इन लोगों के मन में राष्ट्रीय पुरस्कारों की कोई इज्जत नहीं है**

# बजरंग, साक्षी व विनेश के खिलाफ पहलवान जुटे




भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय कुश्ती में जारी संकट में बुधवार को नया मोड़ आया जब सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने करियर में एक महत्वपूर्ण साल बर्बाद होने के खिलाफ जंतर मंतर पर जमा हुए और उन्होंने इसके लिये शीर्ष पहलवानों बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दोषी ठहराया. बसों में भरकर जूनियर पहलवान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से यहां पहुंचे. इनमें से करीब 300 बागपत के छपरौली के आर्य समाज अखाड़े से थे, जबकि कई नरेला की वीरेंद्र कुश्ती अकादमी से भी थे. सुरक्षाकर्मियों को उन्हें काबू करने में काफी परेशानी हुई. ये पहलवान बजरंग, साक्षी और विनेश के खिलाफ नारे लगा रहे थे. इन्होंने बैनर पकड़ रखे थे जिस पर तीनों पहलवानों की तस्वीरों के साथ लिखा था, कर दिया देश की कुश्ती को बर्बाद, साक्षी, बजरंग और फोगाट.

भारतीय कुश्ती महासंघ के नये पदाधिकारियों के चुनाव के तुरंत बाद राष्ट्रीय अंडर 15 और अंडर 20 चैम्पियनशिप गोंडा में कराने का फैसला किया गया, जिसके बाद मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया और ये टूर्नामेंट भी रद्द हो गए. प्रदर्शनकारी पहलवानों में से कइयों के पास आखिरी बार जूनियर स्तर पर खेलने का मौका था. मुजफ्फरनगर स्टेडियम के कोच प्रदीप कुमार ने कहा, उत्तर प्रदेश के 90 प्रतिशत से अधिक अखाड़े इस प्रदर्शन में हमारे साथ हैं. एक तरफ सिर्फ तीन पहलवान है और दूसरी तरफ लाखों हैं. उन्होंने देश के लाखों पहलवानों का करियर खराब कर दिया. उन्होंने कहा, इन लोगों के मन में राष्ट्रीय पुरस्कारों की कोई इज्जत नहीं है. उन्हें सड़क पर पटक रहे हैं. बजरंग और विनेश ने अपने सरकारी सम्मान लौटा दिये हैं. प्रदीप ने कहा, वे कहते आ रहे हैं कि उनकी लड़ाई महिला और जूनियर पहलवानों के लिए हैं, लेकिन उन्होंने लाखों के करियर बर्बाद कर दिया. उनका प्रदर्शन डब्ल्यूएफआई में शीर्ष पद पाने के लिये है. एक बार ऐसा होने पर उनका सारा प्रदर्शन बंद हो जायेगा. करीब एक साल पहले जंतर मंतर पर ही ये तीनों शीर्ष पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर धरने पर बैठे थे. उस समय किसान समूहों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनेताओं, महिला संगठनों और पहलवानों ने इनका समर्थन किया था. जनवरी 2023 से राष्ट्रीय शिविर और प्रतिस्पर्धायें ठप पड़ी है.

## खास बातें

- यूपी, हरियाणा और दिल्ली के कई हिस्सों से आए पहलवान
- जनवरी 2023 से राष्ट्रीय शिविर और प्रतिस्पर्धायें ठप

### फैसला : नये महासंघ को भी निलंबित कर दिया गया

आर्य समाज अखाड़े के विवेक मलिक ने कहा, इन जूनियर पहलवानों का पूरा एक साल खराब हो गया. नये डब्ल्यूएफआई ने इन पहलवानों के भले के लिए फैसला लिया था जो जिला या प्रदेश स्तर की स्पर्धा भी नहीं खेल सके हैं. नये महासंघ को भी निलंबित कर दिया गया. इसका चुनाव अदालत के निर्देशों के अनुसार हुआ था लेकिन इसे काम नहीं करने दिया गया. निलंबन हटना चाहिये और महासंघ को काम करने देना चाहिए. इन प्रदर्शनकारी पहलवानों ने मांग की है कि निलंबित डब्ल्यूएफआई को फिर बहाल किया जाये और तदर्थ समिति को भंग किया जाये.

## संजय सिंह के बिना डब्ल्यूएफआई हमें स्वीकार्य : साक्षी मलिक

भाषा। नयी दिल्ली

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा कि नये भारतीय कुश्ती महासंघ से उन्हें कोई ऐतराज नहीं है, अगर बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह को इससे अलग रखा जाता है. साक्षी ने 21 दिसंबर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था. रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ने दावा किया कि उनकी मां को डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के समर्थक धमकीभरे फोन कर रहे हैं. मलिक ने पत्रकारों से कहा , हमें नये महासंघ से कोई परेशानी नहीं है. सिर्फ एक व्यक्ति संजय सिंह के रहने से परेशानी है. संजय सिंह के बिना नये महासंघ से या तदर्थ समिति से भी हमें कोई मसला नहीं है. सरकार हमारे लिये अभिभावक की तरह है और मैं उनसे अनुरोध करूंगी कि आने वाले पहलवानों के लिये कुश्ती को सुरक्षित बनाये.



### हमारी वजह से जूनियर पहलवानों का नुकसान न हो : साक्षी

*सभी ने देखा कि डब्ल्यूएफआई चुनाव के बाद बृजभूषण सिंह ने कैसे सत्ता का दुरूपयोग किया. बिना किसी से पूछे अपने शहर में जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कराने का ऐलान कर दिया. साक्षी ने तदर्थ समिति से तुरंत जूनियर वर्ग के टूर्नामेंट कराने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा , मैं नहीं चाहती कि हमारी वजह से जूनियर पहलवानों का नुकसान हो. तदर्थ समिति सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की घोषणा कर चुकी है और अब मैं अनुरोध करूंगी कि अंडर 15, अंडर 17 और अंडर 20 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का भी ऐलान किया जाये. इस बीच सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने कैरियर में एक महत्वपूर्ण साल बर्बाद होने के खिलाफ बुधवार को जंतर मंतर पर जमा हुए हैं और उन्होंने इसके लिये बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दोषी ठहराया.*

## ब्रीफ खबरें

### ब्रिसबेन इंटरनेशनल में दूसरे दौर में हारी ओसाका

**ब्रिसबेन।** मां बनने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही नाओमी ओसाका ब्रिसबेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में तीन बार की चैम्पियन कैरोलिना प्लिसकोवा से 3-6, 7- 6, 6- 4 से हार गयीं. दो बार अमेरिकी ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने वाली ओसाका ने पहले मैच में तमारा कोर्पेश को सीधे सेटों में हराया था. यह मई 2022 के बाद एलीट स्तर पर उसका पहला मैच था. जुलाई में ओसाका ने बेटी शाइ को जन्म दिया था.

### टेस्ट टीम चयन का सीएसए ने किया बचाव

**जोहानिसबर्ग ।** न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिए कमजोर टीम चुनने पर मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों से आलोचना झेल रहे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू टी20 लीग दोनों को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिए सात नये चेहरों को चुना है जिसमें कप्तान भी नया है. सीएसए ने कहा कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड दौरे के लिये टेस्ट टीम को लेकर चिंताओं से वाकिफ है.

### हबास मोहन बागान के अंतरिम मुख्य कोच

**कोलकाता ।** मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग में क्लब के खराब प्रदर्शन के बाद बुधवार को अपने मुख्य कोच जुआन फर्नांडो से नाता तोड़ने का फैसला किया. इंडियन सुपर लीग फ्रेंचाइजी ने घोषणा की कि तकनीकी निदेशक अंतोनियो हबास को अगले हफ्ते होने वाले कलिंग सुपर कप के लिए अंतरिम कोच बनाया गया है. फर्नांडो को दिसंबर 2021 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था.

**दूसरा टेस्ट : अफ्रीका ने पहले बैटिंग की, एक दिन-दो पारी और 23 विकेट**

# भारत ने 11 गेंद में गंवाए 6 विकेट, 0 पर 6 आउट

भाषा । केपटाउन

भारत-साउथ अफ्रीका के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले का पहला दिन क्रिकेट इतिहास में हमेशा-हमेशा के लिए यादगार हो गया. साल 2024 के अपने पहले टेस्ट में भारतीय क्रिकेटर्स का प्रदर्शन हैरान करता है. मैच के पहले दिन दोनों टीमों के कुल 23 विकेट गिरे. यानी दोनों ही टीमें बारी-बारी ऑलआउट हो गई. टॉस हारकर टीम इंडिया ने पहले साउथ अफ्रीका को 55 रन पर समेटा तो इसके बाद खुद 153 रन पर आउट हो गई, जिससे उसने 98 रन की बढ़त हासिल की. अपनी दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका तीन विकेट के नुकसान पर 62 रन बना ली थी और भारत की लीड 36 रन ही रह गई है.

भारत ने मोहम्मद सिराज के करियर के सर्वश्रेष्ठ छह विकेट के प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को दूसरे और आखिरी टेस्ट के शुरूआती दिन



**1991**
में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका का यह सबसे कम स्कोर

दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेटने के बाद चाय तक चार विकेट पर 111 रन बनाकर 56 रन की बढ़त हासिल की. शीर्ष क्रम के चरमराने के बावजूद भी भारत ने 56 रन की बढ़त बना ली. सिराज ने लगातार नौ ओवर के अपने पहले स्पैल में 15 रन देकर छह विकेट झटके. दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज उनके पिच से हासिल किये गये असमान उछाल और मूवमेंट से निपटने में असफल रही. दक्षिण अफ्रीका का यह 1991 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम स्कोर है. भारतीय बल्लेबाज भी हालांकि दक्षिण अफ्रीका के बायें हाथ के तेज गेंदबाज नानड्रे बर्गर (3/42) के अजीब कोण और उछाल के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखा सके.

### बल्लेबाजों को सीम मूवमेंट का सामना करने में काफी परेशानी हुई

बुधवार को उमस भरी सुबह दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजों को सिराज की तेजी, स्विंग और सीम मूवमेंट का सामना करने में काफी परेशानी हुई जिससे पूरी टीम पहली पारी में महज 23 .2 ओवर में पवेलियन पहुंच गयी. केवल डेविड बेडिंघम (12 रन) और काइल वेरेयने (15 रन) ही दो बल्लेबाज रहे जो दोहरे अंक तक पहुंच सके जिससे स्टैंड में मौजूद दक्षिण अफ्रीकी दर्शक मायूस हो गये. सिराज ने नौ ओवर में तीन मेडन से 15 रन देकर छह विकेट झटके.

**फ्रांस क्वार्टर फाइनल में**

### पोलैंड युनाइटेड कप के सेमीफाइनल में



**पर्थ ।** पोलैंड ने चीन को 3 . 0 से हराकर युनाइटेड कप टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि फ्रांस ने इटली को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई. शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन को महिला एकल में 6 . 2, 6 . 3 से हराया. वहीं हुबर्ट हुरकाज ने झांग झिंजेन को पुरुष एकल में 6 . 3, 6 . 4 से मात दी. मिश्रित युगल में कैटरीना पीटर और जान जीलिंस्की ने याउ शियाओदी और सुन फाजिंग को 6.3, 5.7, 10.7 से हराया. पोलैंड की टीम अब सिडनी में सेमीफाइनल खेलेगी जहां उसका सामना फ्रांस और नॉर्वे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा. यूनान को कनाडा से खेलना है और अगले दौर में पहुंचने के लिये उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा.

## सैंडपेपर कांड के बाद वॉर्नर को पूरा सम्मान मिलने पर संशय

भाषा। सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच का मानना है कि 2018 के गेंद से छेड़खानी प्रकरण के मद्देनजर डेविड वॉर्नर को जनता का पूरा सम्मान नहीं मिलेगा, क्योंकि देश में कई लोगों को अब तक यकीन नहीं होता कि उस समय उनकी टीम ने क्या किया. तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ, उपकप्तान वॉर्नर और कैमरन बेनक्रॉफ्ट को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में 'सैंडपेपर गेट' कांड के बाद प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था. वॉर्नर पर आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था और उनकी छवि भी खराब हुई. कैटिच का मानना है कि पांच साल बाद भी उन्हें पूरी तरह से माफी नहीं मिली है. उन्होंने 'सेन रेडियो' से कहा , यह कहना मुश्किल है कि उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा, क्योंकि लोगों को वह घटना पसंद नहीं आई थी और आनी भी नहीं चाहिए थी. कइयों को यकीन ही नहीं हुआ कि आस्ट्रेलियाई टीम ऐसा भी कर सकती है. सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे वॉर्नर वनडे से भी संन्यास ले चुके हैं. कैटिच ने हालांकि कहा कि उस घटना के लिये वॉर्नर को पूरी तरह से दोषी नहीं कहा जा सकता. उन्होंने कहा, पूरी घटना के लिये उन्हें दोषी कहना गलत होगा.

### नवारो कलैंड टेनिस के क्वार्टर फाइनल में

**ऑकलैंड।** अमेरिका की पूर्व युवा स्टार अमांडा अनिसिमोवा ने आठ महीने के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के दूसरे दौर में मारी बूजकोवा को 6 . 0, 6 . 1 से हराया. मानसिक स्वास्थ्य कारणों और थकान की वजह से टेनिस से ब्रेक लेने के बाद अमांडा ने वापसी की है. अमेरिकी ओपन जूनियर चैम्पियन रह चुकी अमांडा फ्रेंच ओपन 2019 सेमीफाइनल खेल चुकी हैं. इससे पहले अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने एलिना अवानेसियान को 6 . 1, 6 . 2 से हराया.

## विराट कोहली की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी

भाषा । दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ



सेंचुरियन टेस्ट में अच्छे प्रदर्शन के बाद जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में चार पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गये. कोहली 2022 में शीर्ष 10 से बाहर हो गये थे लेकिन पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती टेस्ट में 38 और 76 रन की पारी खेलने से वह फिर इसमें वापसी करने में सफल रहे. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार वह शीर्ष पर चल रहे केन विलियमसन से 103 रेटिंग अंक नीचे हैं जबकि जो रूट और स्टीव स्मिथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 14वें स्थान पर खिसक गये, उन्होंने सेंचुरियन में पांच रन बनाये थे और एक पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके थे. केएल राहुल भी 11 पायदान की उछाल से 51वें स्थान पर पहुंच गये. उन्होंने श्रृंखला के शुरूआती मैच में 101 और चार रन बनाये थे.

### अंडर-15 और अंडर-20 चैंपियनशिप की घोषणा

**नई दिल्ली ।** भारत में कुश्ती का संचालन कर रहे तदर्थ पैनल ने बुधवार को अगले छह सप्ताह के अंदर अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की. इससे पहले जूनियर पहलवानों ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित पैनल को भंग करने की मांग की. पैनल ने युवा पहलवानों की चिंता को समझा, जिनका करियर पिछले एक साल से शीर्ष पहलवानों के विरोध के कारण अधर में लटका हुआ है. जनवरी 2023 के बाद राष्ट्रीय शिविर या जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन नहीं किया गया है.

## भारत के खिलाफ खेलना खास अनुभव : डि जोर्जी

भाषा। केपटाउन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शुरुआती कदम रख रहे दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज टोनी डिजोर्जी ने कहा कि भारत के खिलाफ खेलना उनके लिये खाय अनुभव है क्योंकि जिन खिलाड़ियों को वह टीवी पर देखा करते थे, अब उनके खिलाफ खेल रहे हैं. अब तक सिर्फ तीन टेस्ट और पांच वनडे खेल चुके डिजोर्जी ने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा, यह मेरे लिये खास अनुभव रहा है. करियर की शुरुआत में भारत के खिलाफ अच्छा अच्छा खेलना और उन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना



जिन्हें अब तक टीवी पर ही देखा है. यह शानदार अनुभव है. उन्हें देखकर जमैका के मशहूर रेगे गायक बॉब मार्ले की याद आती है, जिनके घुंघराले बाल चेहरे पर लहराते थे. वहीं भुजाओं पर बने टैटू एमएमए फाइटर होने का आभास देते हैं लेकिन उनकी शख्सियत का सबसे दिलकश पहलू उनका मजाकिया स्वभाव है.

**रील पर अभ्यास सत्र साझा किया :** डिजोर्जी ने अपनी एक इंस्टाग्राम रील पर अभ्यास सत्र की वीडियो डालते हुए कहा, अभ्यास के दौरान जिस तरह से मैं थ्रोडाउन पर पंच लगाता हूं, मुझे तो मुक्केबाज होना चाहिए था. इतालवी मां और नाइजीरियाई पिता से जन्में डिजोर्जी ने भारत के खिलाफ वनडे में पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा और अगले मैच में 81 रन बनाये. उन्होंने कहा , क्रिकेट बहुत कठिन है और आप कड़ा अभ्यास करते रहते हैं. इसमें गलतियां भी होती हैं. मैं हंसी मजाक के बीच माहौल को हल्का बनाये रखने में विश्वास करता हूं.अभ्यास के दौरान गलतियों में सुधार भी करता रहता हूं. उन्होंने कहा, मैं सुबह प्रार्थना करता हूं और उसके बाद कड़ा अभ्यास करता हूं. मैं अपने खेल का पूरा मजा लेने की कोशिश करता हूं. इंस्टाग्राम और टिक टॉक रील बनाने के शौकीन इस क्रिकेटर ने कहा, यह खुद को अभिव्यक्त करने का तरीका है.

**टेस्ट मैच** **आगा सलमान और आमिर जमाल के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने की वापसी**

# कमिंस के पांच विकेट, पाकिस्तान ने 313 रन बनाये

एजेंसी। सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने लगातार तीसरी बार पारी के पांच विकेट लेकर पाकिस्तान के शीर्षक्रम को झकझोर दिया, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों के जुझारू प्रदर्शन के दम पर मेहमान टीम ने तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 313 रन बनाये. लंच के बाद पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 96 रन था और लग रहा था कि टीम सस्ते में सिमट जायेगी. इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था. विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के 88 रन, आगा सलमान और आमिर जमाल के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने वापसी की. ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर बिना किसी नुकसान के छह रन बनाये थे. अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा को स्पिनर साजिद खान ने काफी परेशान किया. वॉर्नर ने पहली गेंद पर चौका लगाया लेकिन अगली गेंद पर बाल-बाल बचे. इस टेस्ट में पूरा फोकस भले ही वॉर्नर पर होइ लेकिन तेज गेंदबाजों ने पहले दिन सुर्खियां बंटोरी. मिचेल स्टार्क ओर जोश हेजलवुड ने पहले दोनों ओवर में विकेट लिये. इसके बाद कमिंस ने मोर्चा संभाला जो मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में दस विकेट ले चुके हैं. उन्होंने बाबर आजम समेत दो कीमती विकेट चटकाये. स्टार्क ने शफीक को दूसरी स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों लपकवाया.



### मैदानी अंपायर ने पहले बल्लेबाज के पक्ष में फैसला दिया था लेकिन टीवी अंपायर ने उसे बदल दिया

वहीं अगले ओवर में हेजलवुड ने पहला टेस्ट खेल रहे सैम अयूब को एलेक्स कारी के हाथों कैच आउट कराया. दो विकेट चार रन पर गिरने के बाद बाबर और शान मसूद ने मोर्चा संभाला. कमिंस ने बाबर (26) को आउट करके पाकिस्तान को करारा झटका दिया. मैदानी अंपायर ने पहले बल्लेबाज के पक्ष में फैसला दिया था लेकिन टीवी अंपायर ने उसे बदल दिया. सउद शकील को कमिंस ने दूसरा शिकार बनाया. कप्तान मसूद और रिजवान ने 49 रन की साझेदारी की जिसे तोड़ते हुए मिचेल मार्श ने मसूद को पवेलियन भेजा. रिजवान ने इस बीच अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन शतक बनाने से चूक गए और कमिंस की गेंद पर हेजलवुड को कैच दे बैठे.

## सूर्यकुमार को वनडे में कुछ नहीं सूझता टी-20 में वह बेहतरीन है : नासिर हुसैन

भाषा। दुबई

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि 50 ओवरों के क्रिकेट में सूर्यकुमार यादव को कुछ नहीं सूझता, लेकिन टी20 में वह जबरदस्त खेलते हैं और इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में उन पर नजरें होंगी. भारत के लिए 2021 में टी20 क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सूर्यकुमार अब तक 60 टी20 मैचों में चार शतक और 17 अर्धशतक जड़ चुके हैं.

उन्होंने 2022 में आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था. वह वनडे में समान प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं. हुसैन के हवाले से आईसीसी ने कहा कि इस समय दुनिया की नजरें टी20 क्रिकेट में सूर्यकुमार पर लगी है. वह जबरदस्त खेलता है. मिस्टर 360 है, क्योंकि चारों तरफ स्ट्रोक लगाता है. 50 ओवरों के क्रिकेट में वह हालांकि इसे दोहरा नहीं पाता. उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट में हर बार उसे पता होता है कि क्या करना है. टी20 मजेदार क्रिकेट है और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी देखना और भी मजेदार. टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होगा और हुसैन ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका खिताब जीत सकता है. उन्होंने कहा, मैंने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका जीत सकता है. इंग्लैंड मौजूदा चैम्पियन है लेकिन इस समय फॉर्म में नहीं है. वेस्टइंडीज की टीम अच्छी है और पाकिस्तान भी. मुझे लगता है कि फाइनल दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच होगा.



## खास बातें

- सूर्यकुमार अब तक 60 टी-20 मैचों में जड़ चुके हैं चार शतक
- इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप में उन पर होंगी नजरें



बुधवार को नयी दिल्ली में ठंड के मौसम में गर्म कपड़े पहनकर गाजीपुर फूल बाजार में फूलों की माला बनाते कारीगर. - फोटो : पीटीआई

## आओ जानें

### देश द्वारा अग्रणी निर्यात

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारत | पेट्रोलियम | फ्रांस | विमान |
| अर्जेंटीना | सोयाबीन | जर्मनी | वाहन इंजन |
| ऑस्ट्रेलिया | आयरन | आइसलैंड | एल्युमिनियम |
| ऑस्ट्रिया | विषाक्त पदार्थ | इंडोनेशिया | कोयला |
| ब्राज़ील | सोयाबीन | इज़राइल | हीरे |
| बांग्लादेश | टी-शर्ट | इटली | औषधियां |
| कनाडा | पेट्रोलियम | जापान | वाहन इंजन |
| चीन | इलेक्ट्रॉनिक्स | केन्या | चाय |
| चिली | तांबा | स्पेन | पेट्रोलियम |
| कोटे डी आइवर | कोको | सीरिया | जैतून का तेल |
| क्यूबा | सिगार | स्वीडन | पेट्रोलियम |
| डेनमार्क | चिकित्सा | स्विट्ज़रलैंड | सोना |
| ग्वाटेमाला | केले | तुर्की | पेट्रोलियम |
| गुयाना | ड्रिलिंग प्लेटफार्म | यूक्रेन | मक्का |
| मिस्र : | पेट्रोलियम | यूएई | पेट्रोलियम |
| इथियोपिया | कॉफ़ी | यूनाइटेड किंगडम | पेट्रोलियम |
| फिनलैंड | पेट्रोलियम | यूएसए | पेट्रोलियम |
| फिजी | पानी | किरिबाती : | टूना |

## ब्रीफ खबरें

### ईरान में धमाका, 25 की मौत

**तेहरान।** ईरान के करमान शहर में बुधवार को हुए दो धमाकों में कम से 25 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 40 अन्य घायल हुए हैं. ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने यह जानकारी दी. एजेंसी ने बताया कि 2020 में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए जनरल कासिम सुलेमानी की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में ये धमाके हुए. क्षेत्र के उप गवर्नर ने इन धमाकों को 'आतंकवादी' हमला करार दिया है.

### पाक में पांव जमाने की कोशिश में आईएसआईएस

**इस्लामाबाद ।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र में बड़ी संख्या में तहरीक-ए-तालिबान आतंकवादियों की आमद के बीच पाकिस्तान के सामने इस्लामिक स्टेट की ओर से भी खतरा बना हुआ है जो देश में अपने पांव जमाने की कोशिश कर रहा है. पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने यह बात कही. सीनेट को अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान की बढ़ती गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई.

### धोखाधड़ी के मामले में सुनार पर मुकदमा

**ठाणे ।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक स्वर्ण व्यापारी के साथ कथित तौर पर 71.18 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में गुजरात के राजकोट के एक सुनार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. पीड़ित और आरोपी के बीच लंबे समय तक व्यापारिक संबंध थे. वागले एस्टेट पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि दो जुलाई 2023 को पीड़ित ने आरोपी के अनुरोध के अनुसार 71,18,491 रुपये के आभूषण उसे उपलब्ध कराये, लेकिन आरोपी ने इसके लिए भुगतान नहीं किया.

### संजय सिंह भरेंगे एक लाख रुपये हर्जाना

**लखनऊ ।** लखनऊ की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को मानहानि के एक मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को एक लाख रुपये का हर्जाना देने का बुधवार को निर्देश दिया. दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) कमला कांत गुप्ता ने संजय सिंह को दो महीने के भीतर हर्जाना देने का निर्देश दिया, जिसके बाद उन्हें भुगतान की तारीख तक इस राशि पर छह प्रतिशत ब्याज देना होगा.

### अभ्यर्थियों की टॉयलेट ब्रेक के बाद भी होगी तलाशी

**नयी दिल्ली।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को शौचालय के लिए ब्रेक लेने के बाद फिर से जामातलाशी और बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया से गुजरना होगा. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि अधिकारियों, परीक्षकों, स्टाफ सदस्यों और जलपान परोसने में मदद करने वालों को भी इसी प्रक्रिया से गुजरना होगा.

### महाराष्ट्र के पालघर में 3.4 तीव्रता का भूकंप

**पालघर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में बुधवार को 3.4 तीव्रता का भूकंप आया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि भूकंप से किसी नुकसान की सूचना नहीं है. जिला प्रशासन की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भूकंपीय गतिविधि एक बजकर 47 मिनट पर दर्ज की गयी. हालांकि, अधिकारियों ने भूकंप के केंद्र का सटीक स्थान नहीं बताया. उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है.

कोच्चि-लक्षद्वीप पनडुब्बी ऑप्टिकल फाइबर परियोजना का उद्घाटन

# आकार में भले छोटा लेकिन लक्षद्वीप का दिल बड़ा : मोदी

**एजेंसी। कावारत्ती**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधारों के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों का गवाह बने मुस्लिम बहुल लक्षद्वीप के लोगों का दिल जीतने के प्रयास के तहत बुधवार को कहा कि यह द्वीपसमूह भले ही छोटा है लेकिन इसका दिल बड़ा है. प्रधानमंत्री ने यहां केंद्र शासित प्रदेश में 1,150 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद यह बात कही. उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप का क्षेत्रफल भले ही छोटा हो लेकिन उसका दिल बहुत बड़ा है. मैं यहां मिल रहे प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं. मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं. प्रधानमंत्री मंगलवार को लक्षद्वीप पहुंचे थे. उन्होंने आज एक समारोह में इन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. समरोह में महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों द्वीपवासियों ने भाग लिया.

**केंद्र की पूर्ववर्ती गैर-भाजपा सरकारों पर साधा निशाना :** मोदी ने अपने संबोधन में केंद्र की पूर्ववर्ती गैर-भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों से उनकी एकमात्र प्राथमिकता अपने राजनीतिक दलों का विकास करना रही. उन्होंने कहा कि दूर-दराज के राज्यों, सीमावर्ती क्षेत्रों या जो समुद्र के बीच हैं, उन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया. ऐसे क्षेत्रों के विकास के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताते हुए मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों और समुद्र के किनारे के स्थानों को अपनी प्राथमिकता बनाया है. उन्होंने कहा कि 2020 में, मैंने आपको गारंटी दी थी कि आपको अगले 1,000 दिनों के भीतर तेज इंटरनेट सुविधा मिलेगी. आज कोच्चि-लक्षद्वीप पनडुब्बी ऑप्टिकल फाइबर परियोजना का उद्घाटन किया गया है. अब लक्षद्वीप में इंटरनेट 100 गुना अधिक गति से उपलब्ध होगा. प्रधानमंत्री ने अगस्त 2020 में लाल किले पर अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में यह घोषणा की थी.



- अब लक्षद्वीप में इंटरनेट 100 गुना अधिक गति से होगा उपलब्ध
- कम तापमान वाले थर्मल डी-सैलिनेशन (एलटीटीडी) संयंत्र का भी उद्घाटन

### सावित्रीबाई फुले को नमन किया

**नयी दिल्ली।** समाज सुधारक, शिक्षिका व कवयित्री सावित्रीबाई फुले की आज 193वीं और स्वतंत्रता सेनानी रानी वेलू नचियार की 294वीं जयंती है. जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सावित्रीबाई फुले और रानी वेलू नचियार को श्रद्धांजलि अर्पित की. मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सावित्रीबाई फुले और रानी वेलु नचियार की जयंती पर उन्हें सादर नमन. दोनों ने अपने साहस और दयालुता से समाज को प्रेरित किया. हमारे देश के लिए उनके योगदान अमूल्य हैं.

### महिलाओं के सशक्तीकरण के वादे को पूरा किया : मोदी

**त्रिशूर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और वाम दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक में देरी की जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महिलाओं को सशक्त बनाने वाले आरक्षण विधेयक को पारित कराना सुनिश्चित किया. प्रधानमंत्री ने यहां महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक अब कानून बन गया है और उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया है. महिला आरक्षण विधेयक को केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया है. प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि अफसोस की बात है कि आजादी के बाद वामपंथी दलों और कांग्रेस की सरकारों ने हमारी महिलाओं की ताकत को कम आंका. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य दलों ने लोकसभा में आरक्षण विधेयक में देरी की. हालांकि, नारी शक्ति वंदन विधेयक अब कानून बन गया है.

राममंदिर आंदोलन के मामले में हिंदू कार्यकर्ता की गिरफ्तारी

# हिंदुओं की भावनाओं पर चोट : भाजपा

**एजेंसी। बेंगलुरु**



कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इकाई ने एक हिंदू कार्यकर्ता की हाल में हुई गिरफ्तारी के खिलाफ बुधवार को राज्य के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया. श्रीकांत पुजारी (51) को, 1992 में अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनाने के लिए चलाए गए आंदोलन के दौरान हुए विवाद के सिलसिले में चार दिन पहले हुबली-धारवाड़ पुलिस ने लंबित मामलों का निपटारा करते हुए गिरफ्तार किया.

पुजारी ने 31 साल पहले आंदोलन में कथित तौर पर हिस्सा लिया था. कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ जी. परमेश्वर ने हाल ही में पुलिस को लंबित मामलों में कार्रवाई करने का निर्देश दिया था. पुलिस ने इसी सिलसिले में पुजारी को 1992 में हुबली में हुए विवाद को लेकर गिरफ्तार किया.

भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन का आह्वान करते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस कर्नाटक में बार-बार हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कोशिश कर रही है. पुजारी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए विजयेंद्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में राम मंदिर के उद्घाटन और वहां भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से कुछ ही दिन पहले, 31 साल पुराने मामले को दोबारा खोले जाने से राज्य सरकार की मंशा साफ जाहिर हो जाती है.

### तिरुपति मंदिर को 40 करोड़ रुपये का चढ़ावा

**तिरुपति।** तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर के आधिकारिक संरक्षक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को 23 दिसंबर, 2023 से एक जनवरी तक 10 दिवसीय वैकुंठद्वार दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं से 40 करोड़ रुपये का चढ़ावा (हुंडी संग्रह) प्राप्त हुआ है. अधिकारी ने बताया कि टीटीडी ने विश्व प्रसिद्ध 36 लाख 'तिरुपति लड्डू' बेचे और दो लाख से अधिक तीर्थयात्रियों का मुंडन संस्कार करवाया. टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ए. वी. धर्म रेड्डी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि रिकॉर्ड संख्या में 6.47 लाख श्रद्धालुओं ने वैकुंठद्वार दर्शन किए... भक्तों को आरामदायक और परेशानी मुक्त श्रीवारी दर्शन कराया गया. उन्होंने कहा कि समय-निर्धारित टोकन के माध्यम से श्रद्धालु कतार में लंबे समय तक इंतजार करने से बचे और सामान्य से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को वैकुंठद्वार दर्शन के दौरान अन्न प्रसादम (भोजन) मिला.

# असम में बस-ट्रक की टक्कर में 12 की मौत, 30 घायल

**एजेंसी। गोलाघाट**

असम के गोलाघाट जिले में बुधवार को कोयला ले जा रहे एक ट्रक और बस की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, वहीं 30 अन्य घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. गोलाघाट के पुलिस अधीक्षक राजन सिंह ने बताया कि दुर्घटना आज सुबह डेरगांव के पास बलिजान में हुई. 45 लोगों को ले जा रही बस ट्रक से टकरा गई.

यह बस अपर असम की ओर जा रही थी. उन्होंने कहा कि अब तक की जानकारी के अनुसार हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की. प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि असम के गोलाघाट में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ. शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना.

**खास बातें**

- 45 लोगों को ले जा रही बस ट्रक से टकराई
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना पर किया शोक व्यक्त

# हाथ से मैला उठाना: गुजरात सरकार को लगी फटकार

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात उच्च न्यायालय ने 1993 से 2014 के बीच हाथ से मैला ढोने के दौरान मारे गए 16 सफाई कर्मियों के परिजनों को मुआवजा नहीं देने को लेकर बुधवार को गुजरात सरकार को फटकार लगाई. अदालत ने इसी के साथ राज्य सरकार को हलफनामा देकर भुगतान नहीं करने का कारण बताने का निर्देश दिया. मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध पी मायी की पीठ ने राज्य से यह भी जानना चाहा कि उसने 2013 के हाथ से मैला उठाने के खिलाफ कानून को अपनाने के लिए क्या कदम उठाए हैं, और क्या सरकार इस प्रथा को खत्म करने की स्थिति में है या अब भी इसके लिए सफाई कर्मियों की मदद ले रही है. अदालत अहमदाबाद स्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) मानव गरिमा द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी. याचिका में हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम-2013 को लागू कराने का अनुरोध किया गया है.

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को सूचित किया कि हाथ से मैला ढोने वाले 16 मृत लोगों के परिवार को अब तक उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों के अनुसार मुआवजा नहीं दिया गया है.

### 'कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना की आशंका'

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बी के हरिप्रसाद ने बुधवार को दावा किया कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले कर्नाटक में 'गोधरा जैसी घटना' के घटित होने की आशंका है. विधान पार्षद हरिप्रसाद (एमएलसी) ने कहा, कर्नाटक सरकार को सतर्क रहना चाहिए क्योंकि गुजरात में इसी तरह के अवसर पर गोधरा में कार सेवकों को आग लगा दी गई थी. वर्ष 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद गुजरात में भयानक सांप्रदायिक दंगे हुए थे. यहां भी ऐसी ही (गोधरा जैसी) स्थिति बन सकती है. इसलिए कर्नाटक में किसी भी तरह की अप्रिय घटना की गुंजाइश पैदा नहीं होने देनी चाहिए.

सांसद बोले -भगवान राम मेरे ह्रदय में बसते हैं

# किसी के न्योते की जरूरत नहीं : दिग्विजय

**एजेंसी। इंदौर**

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर में दर्शन के लिए उन्हें किसी व्यक्ति के न्योते की जरूरत नहीं है क्योंकि भगवान राम उनके ह्रदय में बसते हैं. क्या सिंह को 22 जनवरी को आयोजित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता मिला है? इस सवाल का सीधा जवाब ना देकर उन्होंने इंदौर में संवाददाताओं से कहा कि मुझे भगवान राम के दर्शन के लिए किसी के न्योते की जरूरत नहीं है. भगवान राम हमारे ह्रदय में हैं.



**2012 के गुजरात विधानसभा चुनावों के बाद शुरू हुई चोरी :** दिग्विजय ने कहा कि भाजपा के नेता पूछते हैं कि अगर ईवीएम में गड़बड़ है, तो कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना के पिछले विधानसभा चुनाव कैसे जीत गई? उन्होंने कहा कि अगर गुप्त रूप से चोरी करने वाला कोई व्यक्ति सारा माल उठाकर ले जाएगा, तो पकड़ा जाएगा. इसलिए वह धीरे-धीरे चोरी करता है. यह चोरी 2012 के गुजरात विधानसभा चुनावों के बाद शुरू हुई.

### आम लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि बड़ी तादाद में विपक्षी सांसदों को संसद से इस कसूर के लिए निलंबित कर दिया गया कि उन्होंने संसद की सुरक्षा में चूक की घटना पर गृह मंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग की थी. सिंह ने कहा कि अगर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार का यही रवैया रहा, तो आम लोगों का लोकतंत्र के प्रति विश्वास धीरे-धीरे उठता चला जाएगा.

### मालगाड़ी की चपेट में आने से शेरनी घायल

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में बुधवार को रेल पटरी पार करने की कोशिश के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से एक शेरनी घायल हो गई. वन विभाग ने यह जानकारी दी. सुबह करीब पांच बजे भम्मर इलाके में विजपडी रेलवे स्टेशन के पास हुई इस घटना में शेरनी को मामूली चोटें आईं. वन विभाग के बयान के अनुसार, ट्रेन महुवा से सुरेंद्रनगर जा रही थी. बयान में कहा गया कि लगभग सात से आठ वर्षीय शेरनी को बचा लिया गया और इलाज के लिए एक पशु केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया. वर्ष 2020 की एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात में एशियाई शेरों की आबादी 2015 से पांच वर्षों में 523 से लगभग 29 प्रतिशत बढ़कर 674 हो गई.

**कार्रवाई** इस तरह की भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी, मैं खुद एक मजदूर का बेटा हूं : सीएम

# ट्रक ड्राइवर से औकात पूछने वाले डीएम को पद से हटाया

**एजेंसी । भोपाल**

मध्य प्रदेश सरकार ने ट्रक चालकों के विरोध के बीच एक चालक की औकात को लेकर सवाल उठाने वाले शाजापुर जिला कलेक्टर किशोर कन्याल को उनके पद से हटा दिया है. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कन्याल को कलेक्टर पद से हटाने का फैसला साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार में इस तरह की भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

मुख्यमंत्री (सीएमओ) के अनुसार, यादव के निर्देश पर कन्याल को शाजापुर कलेक्टर के पद से हटा दिया गया है. राज्य सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी कर कन्याल को राज्य उप सचिव के पद पर स्थानांतरित कर दिया. नरसिंहपुर की कलेक्टर रिजु बाफना को शाजापुर का नया कलेक्टर बनाया गया है. मंगलवार को एक ड्राइवर यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कन्याल अपना आपा खो बैठे और बाद में उन्होंने कहा कि अगर उनके शब्दों से किसी को ठेस पहुंची है तो वह खेद व्यक्त करते हैं. इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम गरीबों के उत्थान के लिए काम करते हैं. कोई भी कितना भी बड़ा अधिकारी क्यों न हो, उसे गरीबों के काम और भावनाओं का सम्मान करना चाहिए. हमारी सरकार में इस तरह की भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी. यादव ने कहा कि वह खुद एक मजदूर के बेटे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि जो अधिकारी ऐसी भाषा बोलते हैं वे क्षेत्र तैनाती के लायक नहीं हैं. मुझे उम्मीद है कि वहां तैनात अधिकारी (शाजापुर कलेक्टर के रूप में) इस तरह का व्यवहार नहीं करेंगे. मैं इससे दुखी हूं.



### क्या है मामला

सोशल मीडिया पर मंगलवार को प्रसारित एक वीडियो क्लिप में कलेक्टर चालकों और अन्य लोगों से कानून अपने हाथ में नहीं लेने के लिए कहते हुए दिख रहे हैं, तभी चालकों के एक प्रतिनिधि ने उनसे अच्छे से बात करने के लिए कहा. इस पर कन्याल को गुस्सा आ गया और उन्होंने संबंधित व्यक्ति से पूछा कि क्या करोगे तुम, क्या औकात है तुम्हारी? उस व्यक्ति ने इसके जवाब में कहा कि वे यह लड़ाई इसलिए लड़ रहे हैं क्योंकि उनकी कोई औकात (सामाजिक प्रतिष्ठा) नहीं है. इसके बाद एक पुलिसकर्मी ने उस व्यक्ति को वहां से हटा दिया. कन्याल ने बाद में जिला कलेक्टर के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें कहा गया कि मंगलवार को लगभग 250 ट्रक और बस चालकों की बैठक बुलाई गई थी जिनमें से कई ने हंगामा किया और विरोध प्रदर्शन किया. बैठक उन्हें अपने मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाने के लिए आयोजित की गई थी.

# मस्जिदों को आबाद रखने में हमें कोई आपत्ति नहीं है : ओम माथुर

**एजेंसी । जयपुर**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ओम माथुर ने देश में मस्जिदों को आबाद रखने की एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की अपील पर मंगलवार को प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा को इसमें कोई समस्या या आपत्ति नहीं है क्योंकि हिंदू धर्म दूसरों की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाता है. हालाँकि, उन्होंने सवाल किया कि क्या भगवान राम के जन्मस्थान पर मस्जिद का निर्माण उचित है ? उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख ओवैसी खुद राम मंदिर का दौरा करने के लिए अयोध्या जाएंगे. ओम माथुर ने मंगलवार को यहां अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा कि भाजपा या भाजपा की सरकार या हिंदू धर्म या सनातन धर्म किसी की भी आस्था पर कोई टिप्पणी नहीं करता है. अगर वे कहते हैं कि आबाद रखो, तो हम उसमें प्रसन्न हैं, आबाद रखने में कहां मना है. उन्होंने कहा कि लेकिन जहां राम लला का जन्म हुआ, वहां जबरदस्ती मस्जिद बनाई गई. यह इतिहास में साबित हो चुका है. उच्चतम न्यायालय का निर्णय हो चुका है. इसलिये हमने किसी की मस्जिद तोड़ने का काम नहीं किया.



### प्रभु श्रीराम की ससुराल मिथिला के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग भव्य आयोजन को देखने को आतुर

# ससुराल मिथिला का अभिमान, अब विराजेंगे बबुआ श्रीराम



काउंटडाउन 18 दिन शेष

सबके सिया सबके राम भाजपा का नया स्लोगन → निकली लव-कुश रथयात्रा, 22 जनवरी को पहुंचेगी अयोध्या → सोने के धनुष-बाण का होगा अर्पण → मिथिला से जायेगी पाग, पान और माखन की सौगात → 22 को एक और भव्य दिवाली की तैयारी

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**

अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा बिहार प्रभु राम के भक्ति भाव से सराबोर है. जगह-जगह अक्षत -कलश शोभा यात्राएं निकल रही हैं, घर-घर जाकर अयोध्या में पूजित अक्षत को पहुंचाया जा रहा है. भाजपा, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित दर्जनों सनातनी संस्थाएं इस कार्य में लगी हैं. प्रदेश भाजपा मुख्यालय से लव-कुश समाज ने भव्य ''लव- कुश रथयात्रा'' निकाली है. जो पूरे राज्य का भ्रमण करते हुए 22 को अयोध्या पहुंचेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या न आने की आमजनों से अपील के बावजूद सूबे के हर जिले से हजारों- हजार की संख्या में राम भक्त अयोध्या जाने को उतावले हैं. सभी लोग 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिस दिन अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी. राज्य के विभिन्न जिलों से विशेष ट्रेनें चलाये जाने की सूचना है. प्रभु श्री राम की ससुराल मिथिला के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग भव्य आयोजन को देखने को आतुर हैं. आखिर श्री राम मिथिलांचल के 'ओझा' जो ठहरे. मिथिला में दामाद को 'ओझा' कहा जाता है.

इस बाबत प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर यादव ने कहा कि 2024 देश के आध्यात्मिक और सनातनी संस्कृति के उन्नयन के लिए जाना जाएगा. अयोध्या अपने नये अवतार के रूप में दिख रही है. पीएम मोदी के आह्वान पर 22 जनवरी को न केवल बिहार बल्कि देश में एक और दिवाली मनेगी.

उधर, अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कान) मंदिर की ओर से अयोध्या में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक सुबह शाम 10 हजार भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण होगा. मंदिर के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास के अनुसार इसके लिये 10 ट्रक चावल अयोध्या भेजा जाएगा. भक्तों में श्रीमद्भागवत गीता की 10 लाख प्रतियां भी बांटी जायेंगी.



## निकली 'सबके सिया सबके राम' रथयात्रा

इधर, लव-कुश कुश समाज की ओर से भव्य लव-कुश रथयात्रा निकाली है, जो सूबे के सभी 38 जिलों का भ्रमण करती हुई 22 को अयोध्या पहुंचेगी. प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने रथ को रवाना किया. यात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल की गयी हैं. 'सबके सिया सबके राम' के स्लोगन के साथ निकली यह रथयात्रा 20 जनवरी को बक्सर पहुंचेगी. वहां राम कर्म भूमि ( विश्वमित्र आश्रम ) से आशीर्वाद लेकर गाजीपुर-वाराणसी के रास्ते 22 को अयोध्या पहुंचेगी. यात्रा की रवानगी के वक्त बड़ी संख्या में किन्नर समाज के लोग भी उपस्थित थे.

## सोने का धनुष-बाण की सौगात

श्री महावीर मंदिर न्यास (पटना) के सचिव आचार्य किशोर कुणाल के मुताबिक मिथिलांचल से जुड़ी सामग्री भी रामलला को भेंट की जाएगी. उनकी प्राण-प्रतिष्ठा प्रतिष्ठा से पूर्व स्वर्णजड़ित धनुष-बाण अर्पित किया जाएगा. इसके अलावा ससुराल मिथिला की विशेष सौगात पाग, पान व मखान समेत अन्य उपहार भेंट किये जायेंगे.

**प्रभु राम के ससुराल मिथिला में हर्ष का माहौल**

सदियों बाद दामाद के घर-अंगना को सजता-निखरता देख माता जानकी की नैहर मिथिला के लोग फूले नहीं समा रहे हैं. चहुंओर हर्ष का माहौल है. मंगल गीत गाये जा रहे हैं. घर-घर दीपक जलाने की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है. बेटी के ससुराल में क्या-क्या सौगात भेजी जाए, उसकी सूची बनायी जा रही है.

### कंपनी को मिला पांच लाख पैकेट तैयार करने का ऑर्डर

## श्रद्धालुओं को मिलेगा इलायची दाने का प्रसाद

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या के राम मंदिर में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तारीख नजदीक आ रही है. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने फैसला किया है कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में 'इलायची दाना' दिया जाएगा. 'इलायची दाना' चीनी और इलायची के मिश्रण से बनाया जाता है. ये आमतौर पर देश भर के मंदिरों में प्रसाद के रूप में दिया जाता है.

श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले इस प्रसाद को तैयार करने का ऑर्डर राम विलास एंड संस को दिया गया है. राम विलास एंड संस के मिथिलेश कुमार ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि में प्रसाद वितरण हो रहा है, उसमें



छोटी इलायची और चीनी मिलाकर इलायची दाना प्रसाद यहां तैयार किया जाता है. हम लोग इसमें निरंतर लगे हुए हैं और रोज प्रसाद तैयार हो रहा है बाकी जैसा भी ट्रस्ट से आदेश आएगा, वैसी ही हम तैयारी करेंगे. इलायची दाने के कुछ स्वास्थ्य लाभ भी बताए जाते हैं. राम विलास एंड संस के बोल चंद्र गुप्ता कहते हैं कि इसमें पोटेशियम है, मैग्नीशियम है, तमाम खनिज इसमें मिलते हैं. ये पेट के लिए रामबाण औषधि के रूप में काम करता है. पूरा यूपी कवर करता है, ग्राहक अपने आप आते हैं और गोरखपुर और पूर्वांचल में जितने हैं, सब यहीं से लेते हैं. फैक्ट्री के कर्मचारी 22 जनवरी से पहले प्रसाद के पांच लाख पैकेट तैयार करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं. इसके अलावा भगवान राम के ननिहाल यानि छत्तीसगढ़ से 100 टन चावल भी अयोध्या पहुंच गया है.

अयोध्या के रामसेवकपुरम इलाके में राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से बनाया गया सेंट्रल स्टोर, भंडारण गोदाम के रूप में काम कर रहा है. इसमें देशभर से भेजे गए खाने-पीने के सामान को स्टोर करके रखा गया है. सेंट्रल स्टोर यूनिट में चावल के अलावा देशभर के लगभग हर कोने से खाद्य सामाग्री पहुंची है.

## पीएम मोदी ने स्वाति मिश्रा के 'राम आएंगे आएंगे... राम आएंगे' भजन की सराहना की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले राम लला के स्वागत में बिहार की भजन गायिका स्वाति मिश्रा के गाए एक भजन की बुधवार को सराहना की और उसे सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसे मंत्रमुग्ध करने वाला बताया. बिहार के छपरा जिले की रहने वाली स्वाति मिश्रा ने तकरीबन दो महीने पहले अपने यू-ट्यूब चैनल पर 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे... राम आएंगे' भजन साझा किया था. अब तक करोड़ों की संख्या में लोग उनके इस भजन को देख चुके हैं. उनके लाखों सब्सक्राइबर्स भी हैं. मोदी ने 'एक्स' पर उनके भजन का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि श्री राम लला के स्वागत में स्वाति मिश्रा जी का भक्ति से भरा यह भजन मंत्रमुग्ध करने वाला है. उन्होंने इसके साथ ही हैशटैग 'श्रीरामभजन' भी लिखा.





उल्लेखनीय है कि साल 2023 के 'मन की बात' की आखिरी कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह व उमंग है और लोग अपनी भावनओं को अलग-अलग तरह से व्यक्त कर रहे हैं. आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के जरिए मोदी ने देशवासियों से अपने गीत व भजन हैशटैग श्रीरामभजन के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की थी. उन्होंने कहा था कि ये संकलन भावों का, भक्ति का, ऐसा प्रवाह बनेगा जिसमें हर कोई राम-मय हो जाएगा. प्रधानमंत्री मोदी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे.

## अयोध्या में लता मंगेशकर चौक बना नया सेल्फी केंद्र

**एजेंसी। अयोध्या**

उत्तर प्रदेश की अयोध्या नगरी में मशहूर गायिका लता मंगेशकर को समर्पित चौक स्थानीय निवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है. इस चौक पर लोग उत्साह के साथ सेल्फी ले रहे हैं. कला में लोगों को अपनी ओर खींचने की शक्ति होती है और इस चौराहे के केंद्र में स्थापित 14 टन वजनी एक विशाल अलंकृत वीणा की प्रतिकृति अपना यह काम बखूबी कर रही है. अधिकारियों ने पहले बताया था कि 40 फुट लंबी और 12 मीटर ऊंची इस प्रतिकृति को प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने बनाया है. इसे करीब 7.9 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया गया है. लता मंगेशकर चौक राम पथ और धर्म पथ के चौराहे पर स्थित है. राम मंदिर के आगामी अभिषेक समारोह से पहले दोनों पथों को सुंदर प्रकाशमान



**क्या हैं खासियतें**

- 7.9 करोड़ से हुआ है लता मंगेशकर चौक का निर्माण
- स्मृति चौक पर गूंजते हैं लता मंगेशकर के भजन
- मां शारदा की वीणा सुर साम्राज्ञी चौक की पहचान
- वीणा की लंबाई 10.8 मीटर और ऊंचाई 12 मीटर है
- 14 टन वजनी वीणा को बनाने में लगे थे 70 लोग
- कांसा एवं स्टेनलेस स्टील से एक माह में बनी वीणा
- पद्म पुरस्कार विजेता राम सुतार ने बनाई है वीणा की डिजाइन

स्तंभों के साथ खूबसूरती से सजाया गया है. अयोध्या और पड़ोसी जिलों से सैकड़ों लोग 31 दिसंबर की रात को नववर्ष का जश्न मनाने के लिए लता मंगेशकर चौक पर एकत्र हुए थे. चौक पर सेल्फी लेने के लिए लोगों ने रविवार रात 10 बजे से ही चौक पर आना शुरू कर दिया था.

स्थानीय लोग इस सार्वजनिक स्थान के अचानक लोकप्रिय होने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या में 30 दिसंबर को हुए रोड शो को देते हैं. इस दौरान वह लता मंगेशकर चौक पर रुके थे और तस्वीर खिंचवाई थीं. प्रधानमंत्री की यहां की यात्रा से एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चौक पर एक सेल्फी ली थी. नववर्ष की पूर्व संध्या पर चौक पर अपनी पत्नी साधना के साथ पहुंचे स्थानीय निवासी अखिलेश पांडेय ने कहा कि हम नववर्ष के अवसर पर लखनऊ जाते थे या फिर घर में रहते थे. लेकिन अब हमारे शहर का विकास हुआ है और यहां पर इस तरह के स्थान हैं.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# लेदर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर बना सकते हैं कॅरियर



**एजुकेशन रिपोर्टर/ रजनीश प्रसाद।** चमड़ा प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग की एक शाखा है जो चमड़े के शोधन और उत्पादन से संबंधित है. यह कृत्रिम चमड़े के संश्लेषण द्वारा कुशल उपयोग के लिए व्यावसायिक सामान बनाता है. फैशन उद्योगों में वृद्धि और लोगों द्वारा चमड़े के उत्पादों को पसंद करने के कारण चमड़ा प्रौद्योगिकी के अध्ययन की अत्यधिक मांग रही है. चमड़ा प्रौद्योगिकी सिर्फ परिधानों में चमड़े का अध्ययन नहीं है, बल्कि प्रौद्योगिकी की मदद से डिजाइन करने और समग्र विवरणों पर ध्यान देने के लिए एक विस्तृत अध्ययन है. पाठ्यक्रमों के साथ चमड़ा प्रौद्योगिकी का अध्ययन कर सकते हैं. चूँकि भारत में चमड़ा उद्योग बहुत अधिक महत्व और ध्यान आकर्षित कर रहा है, इस पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले छात्रों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है, और भारत के साथ-साथ विदेशों में भी कई शीर्ष कॉलेज मौजूद हैं. चमड़े की ब्रांड बिल्डिंग पर सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा काफी जोर दिया जा रहा है, जिसके कारण हाल के वर्षों में इस पाठ्यक्रम ने महत्वपूर्ण महत्व हासिल कर लिया है. इस कोर्स में छात्रों को फैशन स्टाइलिंग, डिजाइनिंग के बारे में सिखाया जाता है जो कंप्यूटर आधारित होता है. इस पाठ्यक्रम के माध्यम से, छात्र चमड़ा प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने में कंप्यूटर के उपयोग या अनुप्रयोग के बारे में सीखते हैं. इसने प्रौद्योगिकी के स्पर्श से फैशन उद्योग को पहले की तुलना में बदल दिया है.



### करियर

- टाटा चमड़ा
- अरके लेदर्स प्राइवेट लिमिटेड
- भारतीय इंटरनेशनल लिमिटेड
- प्राग इंटरनेशनल
- स्पोर्ट्सवियर कंपनियां
- जूनियर डिजाइनर लेबल
- निर्यात घर
- सरकारी संगठन
- चमड़ा फर्म
- चमड़ा उत्पाद उद्योग
- विश्वविद्यालय
- संस्थान
- कार्यकारी डिजाइनर लेबल



### प्रवेश परीक्षा

**बीटेक लेदर टेक्नोलॉजी :** प्रवेश परीक्षा लेदर टेक्नोलॉजी कोर्स करने के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना होगा. प्रवेश परीक्षा का आयोजन कंडक्टिंग बॉडी द्वारा किया जाता है. छात्रों की उसकी आधिकारक वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करना है. आवेदन प्रक्रिया पूरी कर, आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में छात्रों के प्रदर्शन के अनुसार उन्हें रैंक किया जाएगा. रैंक के आधार पर छात्रों को सीट अलॉट की जाएगी. कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के बारे में बात करें तो छात्र प्रमुख परीक्षा जेईई मेंस और एडवांस के अलावा डब्ल्यूबीजेईई, वीआईटीईईई, एसआरएमजेईई जैसी कई संस्थान आधारित और राज्य आधारित प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं.

### योग्यता

- इस कोर्स को करने के लिए उम्मीदवार को किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 12वीं पास करनी होगी.
- 12वीं कक्षा में उम्मीदवार के पास साइंस के मुख्य विषय पीसीएम यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स होना चाहिए, जिसमें उन्हें कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य हैं.
- जेईई में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को 12वीं में कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने है. (एनटीए द्वारा जारी सूचना के अनुसार)
- कोर्स में प्रवेश के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 17 वर्ष को.
- आरक्षित श्रेणी वाले उम्मीदवारों को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन्स के अनुसार 5 प्रतिशत अंकों की छूट प्राप्त है.
- कोर्स में प्रवेश केवल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से एडमिशन लिया जा सकता है.

### जॉब अलर्ट



#### ओडिशा कर्मचारी चयन आयोग

ओडिशा कर्मचारी चयन आयोग (ओएसएसएससी) ने अमिन रेवेन्यू इंस्पेक्टर, सहायक रेवेन्यू इंस्पेक्टर, सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती निकाली है. इच्छुक उम्मीदवार इसपर आवेदन कर सकते हैं.

**संगठन :** ओडिशा अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग
**पद :** अमिन रेवेन्यू इंस्पेक्टर, सहायक रेवेन्यू इंस्पेक्टर, सुपरवाइजर
**पद संख्या :** 2895
**अधिसूचना :** जारी
**वेतन :** 1,12,400
**योग्यता :** डिग्री
**नौकरी का स्थान :** ओडिशा
**आवेदन मोड :** ऑनलाइन
**ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि :** 25 जनवरी 2024
**प्रारम्भिक लिखित परीक्षा तिथि :** मई या जून 2024
**ऑफिसियल साईट :** https://www.osssc.gov.in
**आयु सीमा :** 20 से 38 वर्ष
**चयन प्रक्रिया :**
प्रारंभिक परीक्षा
मुख्य लिखित परीक्षा
स्किल टेस्ट
स्क्रीनिंग लिस्ट
मेरिट लिस्ट
दस्तावेज सत्यापन
मेडिकल परीक्षण

#### भारतीय डाक विभाग

**पद नाम :** स्टाफ कार ड्राइवर
**पद संख्या :** 78
**अधिसूचना :** जारी
**वेतन :** 63,200
**योग्यता :** 10वीं
**नौकरी का स्थान :** उत्तर प्रदेश सर्किल
**आवेदन मोड :** ऑफलाइन डाक द्वारा
**आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभ तिथि :** 29 दिसंबर 2023
**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि :** 9 फरवरी 2024
**ऑफिसियल साईट :** indiapost.gov.in

#### राज्य चयन बोर्ड ओडिशा

राज्य चयन बोर्ड ओडिशा गैर सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए रिक्तियां निकली है.

**संगठन :** राज्य चयन बोर्ड ओडिशा
**पद नाम :** टीचर
**पद संख्या :** 2064
**अधिसूचना संख्या :** 03/2024
**नौकरी का स्थान :** ओडिशा
**आवेदन मोड :** ऑनलाइन
**ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि :** 8 जनवरी 2024
**ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि :** 7 फरवरी 2024
**ऑफिसियल साईट :** https://ssbodisha.ac.in

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)